www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
SUNDAY
नई दिल्ली, रविवार, 20 अप्रैल, 2025
वर्ष – 18 | अंक –14 | पृष्ठ – 10
मूल्य –3.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

साहित्य
कोई पानी डाल दे तो मैं भी चोंच भर पी लूं : चुपचाप मरते परिंदों की पुकार पृष्ठ 06
बच्चों में अधिक होता है थायरॉयड कैंसर का जोखिम पृष्ठ 10
हम हिंदी थोपे जाने के खिलाफ : उद्धव पृष्ठ 02
■ 10 साल बाद नोएडा प्राधिकरण को डीएनडी एलिवेटेड...
■ 15 गांवों में हुआ आबादी सर्वे, 250 किसानों के... 03
■ सिंधु नदी नहर परियोजना : बिलावल की धमकी के बाद संकट...
■ इजरायली हवाई हमलों में 45 फिलीस्तीनी की मौत 07

# दिल्ली में 4 मंजिला इमारत गिरी, 11 की मौत

## बचाव कार्य हुआ पूरा, 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

- मुस्तफाबाद के दयालपुर क्षेत्र में हुआ हादसा
- हादसे के समय इमारत में 22 लोग फंसे थे
- एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत



**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली के मुस्तफाबाद के दयालपुर क्षेत्र में शक्ति विहार, गली नंबर 1 में 18-19 अप्रैल की रात 2:39 बजे एक चार मंजिला इमारत ढहने की दुखद घटना ने इलाके को हिलाकर रख दिया। निगरानी कैमरे के फुटेज के अनुसार, हादसा रात 2:30 बजे हुआ, जब इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के समय इमारत में 22 लोग फंसे थे, जिनमें से 11 की मौत हो गई।

> मुस्तफाबाद में इमारत गिरने की दर्दनाक घटना से मन अत्यंत व्यथित है। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी : **रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार**

मृतकों में एक ही परिवार के आठ लोग शामिल हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, दिल्ली अग्निशमन सेवा और पुलिस की मेहनत से बचाव कार्य पूरा हो गया। 11 लोगों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से कुछ को छुट्टी मिल चुकी है। घटना की सूचना दयालपुर थाने को 3:02 बजे मिली, जिसके बाद पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, दिल्ली अग्निशमन सेवा और आपातकालीन एम्बुलेंस टीमें मौके पर पहुंचीं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि 2:50 बजे सूचना मिलने पर 10 दमकल गाड़ियां तैनात की गईं थी।

### भूतल पर निर्माण कार्य चल रहा था

पुलिस के अनुसार, इमारत के मालिक तहसीन और उनका परिवार पहली मंजिल पर रहता था, जबकि अन्य मंजिलों पर किराएदार थे। भूतल पर दो-तीन दुकानों में निर्माण कार्य चल रहा था, जो हादसे का संभावित कारण हो सकता है।

### मृतकों की सूची

1. तहसीन (60) मकान मालिक
2. नाजिम (30) पुत्र-तहसीन
3. शाहिना (28) पत्नी-नाजिम
4. अनस (6) पुत्र-नाजिम
5. आफरीन (4) पुत्री नाजिम
6. अफ्फान (8 माह) पुत्र-नाजिम
7. चांदनी (23) पत्नी- चांद मोहम्मद
8. इशहाक (70) ससुर-तहसीन
9. दानिश (23) पुत्र-शाहिद
10. नावेद (17) पुत्र-शाहिद
11. रेशमा (38) पत्नी नबी मोहम्मद

### हादसा एमसीडी की लापरवाही का नतीजा : स्थानीय विधायक

मुस्तफाबाद से विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर कहा कि यह हादसा एमसीडी की लापरवाही और भ्रष्टाचार का नतीजा है। उन्होंने बताया कि चुनाव जीतने के बाद उन्होंने इस इमारत को खतरनाक बताया था और उपराज्यपाल व एमसीडी को आगाह भी किया था। बिष्ट ने कहा कि मुस्तफाबाद में कई अवैध और जर्जर इमारतें हैं और बिजली कंपनियां गरीबों को कनेक्शन नहीं देतीं। मृतकों के परिवार को मुआवजा देने की घोषणा की गई है।

रामजीलाल सुमन से मिलने पहुंचे अखिलेश, बोले

## सरकार पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों को डराना चाहती है

**आगरा,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को आगरा पहुंचे, जहां उन्होंने सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की तीखी आलोचना की और दावा किया कि रामजी लाल के घर पर हमला भी साजिश के तहत किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों को डराना चाहती है।



■ सपा प्रमुख ने कहा संविधान ही सर्वोपरि, मनमानी का दौर अब नहीं चलेगा

अखिलेश यादव ने देश के संविधान का जिक्र करते हुए कहा कि बाबासाहेब के संविधान और जो लोकतंत्र में हमें जो अधिकार मिले हैं, उनके तहत हम आगे बढ़ रहे हैं। हमें संविधान और कानून पर पूरा भरोसा है। मनमानी का दौर अब नहीं चलेगा क्योंकि अब बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का संविधान है, संविधान ही सर्वोपरि रहेगा, यह पहले भी था और आगे भी रहेगा। जिन्होंने तलवार लहराई, जो बहुत सी तैयारियों के साथ आए, जिन्होंने गलियां दी हैं, वे आज भी सोशल मीडिया पर हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। हम लोग कानून मानने वाले हैं। भाजपा कानून को नहीं मानती। वह अधिकार को छीनने वाली है।

### मुझे गोली मारने की धमकी मिल रही

उन्होंने कहा कि यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि आज सामंतवादी और प्रभुत्ववादी लोगों को पता है कि उनकी सरकार है। मुझे गोली मारने की धमकी मिल रही है कि 'जैसे फूलन देवी को मारा वैसे तुम्हें मारेंगे', आखिरकार कौन हैं इनके पीछे? भाजपा के लोग कुछ भी लिख सकते हैं, उन पर न एफआईआर होगी, न ही कोई कार्रवाई होगी।

## सार संक्षेप

### वंचितों की भागीदारी सुनिश्चित होने तक न्याय अधूरा : राहुल




**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जब तक वंचित और पीड़ित वर्ग की भागीदारी तय नहीं होगी तब तक न्याय सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। श्री गांधी ने कहा जब तक वंचित वर्गों की असल हिस्सेदारी और भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी - न्याय अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा सामाजिक न्याय और अपनी भागीदारी की लड़ाई को मज़बूत करने के लिए साथ आएं।

### सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22-23 अप्रैल को सऊदी अरब के दौरे पर रहेंगे। उन्हें इस यात्रा का निमंत्रण क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने दिया है। 2016 और 2019 के बाद यह पीएम मोदी की सऊदी अरब की तीसरी यात्रा होगी। 2023 में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस नई दिल्ली की राजकीय यात्रा पर आए थे।

### अफगानिस्तान में 5.8 तीव्रता का भूकंप दिल्ली में भी झटके



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में शनिवार दोपहर 12:17 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भूकंपीय गतिविधि की पुष्टि की। भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र सहित भारत के कई उत्तरी क्षेत्रों में महसूस किए गए। हालांकि किसी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं आई।

## बांग्लादेश में हिंदू नेता की हत्या, भारत ने की निंदा

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने शनिवार को बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या की निंदा की। विदेश मंत्रालय ने इसे देश की अंतरिम सरकार के तहत अल्पसंख्यकों के 'व्यवस्थित उत्पीड़न के पैटर्न' का हिस्सा बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह घटना बांग्लादेश में



■ कहा, अपनी जिम्मेदारी निभाए यूनुस सरकार

हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ लक्षित हिंसा की खतरनाक ट्रेंड को दर्शाती है। जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या को व्यथित रूप से देखा। यह हत्या अंतरिम सरकार के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों के व्यवस्थित उत्पीड़न के पैटर्न का अनुसरण करती है, जबकि पिछली ऐसी घटनाओं के अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं।

### अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

बांग्लादेश की यात्रा पर पुनर्विचार करने की दी सलाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बांग्लादेश की यात्रा के लिए फिर से परामर्श (एडवाइजरी) जारी किया है। इसमें कहा गया कि अशांति, अपराध और आतंकवाद के कारण बांग्लादेश की यात्रा पर पुनर्विचार करें। अमेरिका की ट्रैवल एडवाइजरी में नागरिकों से सांप्रदायिक हिंसा, अपराध, आतंकवाद, अपहरण और अन्य सुरक्षा जोखिमों के कारण खगराचारी, रंगमती की यात्रा न करने का आग्रह किया गया।

## भाजपा के षड्यंत्र को बेनकाब करना जरूरी : खरगे

### कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हर मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर षड्यंत्र करती है और उसकी असलियत को बेनकाब किया जाना बहुत जरूरी है।

श्री खरगे ने पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए आठ तथा नौ अप्रैल के अहमदाबाद में हुए पार्टी के अधिवेशन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस सत्र में पारित संदेश को जिला, मंडल, ब्लाक और बूथ तक पहुंचना है। कांग्रेस के खिलाफ भाजपा के षड्यंत्रों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, आपने गौर किया होगा कि कैसे बड़े षडयंत्र के तहत नेशनल

> भाजपा के लोग झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। हमें जनता को सच बताना होगा: **मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**



- सोनिया-राहुल पर चार्जशीट बदले की कार्रवाई
- किसी का भी नाम डाल दें, हम डरने वाले नहीं हैं

हेराल्ड मामले में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम चार्जशीट में डाल दिया गया है। पर किसी का भी नाम डाल दें, हम डरनेवाले नहीं है। इसके दो दिन पहले ही नेशनल हेराल्ड की दिल्ली, लखनऊ और मुंबई की संपत्तियों को अटैच कर दिया गया। इसमें कोई शक नहीं कि यह सब बदले की भावना से किया जा रहा है। 'यंग इंडियन मुनाफा कमाने वाली कंपनी नहीं है। इसका मतलब यह है कि एजेएल के शेयर और संपत्ति या मुनाफा को ना तो कोई ले सकता है और ना ही ट्रांसफर कर सकता है। भाजपा के लोग झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। हमें जनता को सच बताना होगा।' उन्होंने कहा, यह महज संयोग नही हो सकता कि एक तरफ हमारा कांग्रेस का अहमदाबाद अधिवेशन हो रहा हो और उसके तत्काल बाद ईडी की इतनी बड़ी कार्रवाई हो रही हो।

### ईडी की कार्रवाई संयोग नहीं है : खरगे

यह महज संयोग नहीं हो सकता कि एक तरफ हमारा एआईसीसी का अहमदाबाद अधिवेशन हो रहा हो और उसके तत्काल बाद ईडी की इतनी बड़ी कार्रवाई हो रही हो। मैं यहां आपको याद दिला दूं कि मेरे नेतृत्व में जब रायपुर में कांग्रेस महाधिवेशन हुआ था तो पीएम मोदी ने वहां भी उसे फेल करने के लिए हमारे नेताओं के ऊपर ईडी, सीबीआई को लगा कर रेड कराई। उनकी मंशा थी कि सेशन न होने पाए। फिर भी ये हुआ।

## फिर साथ आ सकते हैं ठाकरे बंधु

### एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने दिया संकेत



**मुंबई,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक बार फिर साथ आ सकते हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) चीफ राज ठाकरे ने शनिवार को इस बात का संकेत दिया।

राज ठाकरे ने कहा- हमारे बीच राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज हैं। महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित के लिए साथ आना कोई बहुत बड़ी मुश्किल नहीं है। राज ठाकरे ने कहा कि किसी बड़े मकसद के आगे हमारे बीच की लड़ाइयां छोटी हैं। राज ने शिवसेना में उद्धव को उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद 27 नवंबर 2005 को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अपनी पार्टी 'महाराष्ट्र नव निर्माण सेना' बनाई थी। तब दोनों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं रहे।

> महाराष्ट्र और मराठी लोगों के हित के लिए साथ में आना कोई बहुत बड़ी मुश्किल नहीं है : **राज ठाकरे**

### उद्धव के साथ काम करने में आपत्ति नहीं थी

राज ने कहा, जब मैं शिवसेना में था तो मुझे उद्धव के साथ काम करने में कोई आपत्ति नहीं थी। सवाल यह है कि क्या दूसरा व्यक्ति चाहता है कि मैं उसके साथ काम करूं? मैं कभी भी अपने अहंकार को ऐसी छोटी-छोटी बातों में नहीं लाता। इधर उद्धव का भी रिएक्शन आया है, उन्होंने कहा कि मेरी तरफ से कभी कोई झगड़ा नहीं था।

## नवीन पटनायक 9वीं बार चुने गए बीजेडी अध्यक्ष

**भुवनेश्वर,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को 9वीं बार बीजू जनता दल (बीजेडी) का अध्यक्ष चुना गया है। बीजेडी (एसआरओ) के राज्य रिटर्निंग ऑफिसर ने नवीन पटनायक को 9वीं बार निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। दरअसल, गुरुवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और राज्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप देब की मौजूदगी में नवीन पटनायक ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। शनिवार को भुवनेश्वर स्थित पार्टी



■ 1997 में गठन के बाद से ही संभाल रहे हैं कमान

मुख्यालय शंख भवन में नवीन पटनायक के पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की गई। साल 1997 में बीजेडी के गठन के बाद से ही नवीन पटनायक पार्टी की कमान संभाल रहे हैं।

### 24 साल में पहली बार विपक्ष की भूमिका

24 साल में पहली बार बीजेडी विपक्ष की भूमिका निभा रही है। बीजेडी विधायक अरुण साहू ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, हमारे नेता ने एक बार फिर पार्टी की कमान संभाली है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा ओडिशा के हितों की लगातार उपेक्षा के खिलाफ संघर्ष करने का आह्वान किया है। राज्य सरकार ने कई विकास परियोजनाओं को रोक दिया है।

केंद्र सरकार ने किया साफ

## 2,000 रुपए से ज्यादा के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने का विचार नहीं

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि सरकार 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही है। वित्त मंत्रालय ने कहा, यह दावा कि सरकार 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने पर विचार कर रही है, पूरी तरह से गलत, भ्रामक और निराधार है। फिलहाल सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। किसी खास इंस्ट्रूमेंट्स का इस्तेमाल कर की जाने वाली पेमेंट से जुड़े मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) जैसे चार्जेस पर लगाया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने पर्सन-टू-मर्चेंट (पीटूएम) यूपीआई ट्रांजैक्शन से 30 दिसंबर, 2019 की गैजेट नोटिफिकेशन के जरिए एमडीआर को हटा दिया है।

मौसम | *भारत के पूर्वी, उत्तरी व दक्षिणी हिस्से में मौसम के बदल रहे तेवर*

## कई राज्यों में बारिश के साथ आंधी-तूफान की चेतावनी

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी हिस्से में मौसम का तेवर लगातार बदल रहा है। देश के कई राज्यों में मौसम ने अचानक करवट बदल ही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दौरान तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी भी चलेगी। हल्की बूंदाबादी से तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।**

मौसम विभाग के मुताबिक, दो दिनों तक 40-50 किमी/घंटा की गति से हवाएं चलने वाली है, शाम को 60 किमी/घंटा तक बढ़ जाएगी। कई जगह लू चलने की संभावना है। दिल्ली, यूपी, एमपी, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

### 12 जिलों में येलो अलर्ट

बिहार में गर्मी अब अपना तेवर दिखने लग गई है। आईएमडी के अनुसार, बिहार के 12 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में मेघगर्जन, बारिश और आंधी की संभावना है। सुपौल, अररिया, किशनगंज, पश्चिम चंपारण, मधेपुरा, पूर्णिया, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, गोपालगंज, सहरसा और कटिहार में अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है।



बिहार में गर्मी दिखा रही तेवर

### पंजाब में ओले, बारिश से फसल बर्बाद


पंजाब और हरियाणा में भी मौसम बदला हुआ है। पंजाब के कई जिलों में आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। खेतों में फसल खराब हो गई। मंडियों में खुले आसमान के नीचे रखा हजारों टन गेहूं भीग गया। आईएमडी ने आंधी और वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। अचानक मौसम खराब होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं, हरियाणा में मौसम ने करवट ली है। मौसम विभाग ने अंबाला, पंचकूला और यमुनानगर में बारिश और आंधी का यलो अलर्ट जारी किया है।

# देश

उवाच

भाजपा वही पार्टी है जो मोदी की हर विदेशी यात्रा को रणनीतिक और ऐतिहासिक बताकर उसकी तारीफों के पुल बांधती है, लेकिन जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वैश्विक मंचों पर झारखंड की पहचान बनाने निकलते हैं तो वही भाजपा दोहरे मापदंड अपनाते हुए उसकी आलोचना करती है।

**-आलोक कुमार दूबे, कांग्रेस नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 27.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 30.0 |

# हम हिंदी थोपे जाने के खिलाफ : उद्धव

■ **महाराष्ट्र में भाषा विवाद पर बोले शिवसेना यूबीटी प्रमुख**

**मुंबई,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। महाराष्ट्र में नई शिक्षा नीति को लेकर जारी विवाद के बीच शनिवार को शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को जबरन लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि उन्हें हिंदी भाषा से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसका ज़बरदस्ती थोपना ठीक नहीं है। मुंबई में भारतीय कामगार सेना के एक कार्यक्रम में उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि उन्हें हिंदी भाषा से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसे जबरन पढ़ाने का फैसला सही नहीं है। ठाकरे ने कहा कि हमें हिंदी से कोई परहेज नहीं है, लेकिन इसे स्कूलों में जबरन क्यों पढ़ाया जा रहा है। यह भाषा की बात नहीं, बल्कि जबरदस्ती की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र की मातृभाषा मराठी है और उसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसे बच्चों पर क्यों थोपा जा रहा है। महाराष्ट्र की अपनी मातृभाषा मराठी है और उसे सबसे पहले प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

**एकनाथ शिंदे पर साधा निशाना**

ठाकरे ने आगे कहा कि जो महाराष्ट्र में रहना चाहता है, उसे जय महाराष्ट्र कहना चाहिए और मराठी भाषा सीखनी चाहिए। उन्होंने एकनाथ शिंदे और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग मराठी के साथ अन्याय कर रहे हैं, वे बाल ठाकरे की विरासत के वारिस नहीं हो सकते। बता दें कि ठाकरे के इस बयान को राज्य सरकार के उस फैसले से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसमें कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा के तौर पर पढ़ाने की बात कही गई थी।





महाराष्ट्र की मातृभाषा मराठी है और उसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए हम हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसे बच्चों पर क्यों थोपा जा रहा है : उद्धव ठाकर

इस फैसले का विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। उद्धव ठाकरे ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से मराठी भाषा, संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए एकजुट रहने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भाषा के नाम पर किसी तरह की जबरदस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) को लेकर महाराष्ट्र की सियासत गर्माहट अपने चरम पर है। इसी बीच एनसीपी (शरद पवार गुट) की नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) को जल्दबाजी में लागू करना ठीक नहीं है और अगर इससे मराठी भाषा को नुकसान होता है, तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने राज्य सरकार के उस फैसले पर नाराज़गी जताई, जिसमें कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में मराठी ही लोगों की मातृभाषा है और उसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले ने आगे कहा कि अन्य भाषाएं सीखने का विकल्प दिया जाना चाहिए, लेकिन कोई भाषा जबरन थोपना सही नहीं। पहले हमें राज्य में शिक्षा व्यवस्था की बुनियादी समस्याओं पर बात करनी चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि अगर राज्य बोर्ड को हटाकर सीबीएसई को लागू किया जा रहा है, तो इसकी जरूरत क्या है? सुले ने आगे चेताया कि नई शिक्षा नीति को लागू करने की जल्दीबाज़ी छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है।

## हिंदी को अनिवार्य करना बच्चों पर बोझ : हुसैन दलवई



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार द्वारा पहली से पांचवीं व अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य किए जाने के फैसले को कांग्रेस के पूर्व सांसद हुसैन दलवई ने बच्चों पर अतिरिक्त बोझ डालने वाला और अनुचित बताया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पहले से ही अंग्रेजी और मराठी की पढ़ाई हो रही है, ऐसे में हिंदी को अनिवार्य कर देना छोटे बच्चों पर अनावश्यक दबाव है। उन्होंने कहा कि जब वे खुद राज्य सरकार में मंत्री थे, तब अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया था, क्योंकि मराठी माध्यम के स्ककूलों की संख्या में कमी आ रही थी और अंग्रेजी शिक्षा की मांग बढ़ रही थी। अब हिंदी को जबरन थोप देना एक गलत फैसला है, जो बच्चों की शिक्षा पर असर डालेगा। दलवई ने कहा कि हिंदी और मराठी की लिपि एक जैसी होने के कारण हिंदी सीखना कठिन नहीं है, लेकिन बचपन में इसे जबरदस्ती थोपना उचित नहीं है।

## रांची में वायु सेना ने दिए हैरतअंगेज करतब

**रांची,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड की राजधानी रांची के लोगों ने पहली बार नामकुम स्थित खोजा टोली आर्मी भर्ती मैदान में शनिवार को एयर शो देखा। वायु सेना की सूर्य किरण टीम हॉक एयरक्राफ्ट के साथ आसमान को चीरते हुए करतब दिखाए। टीम ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। कभी विमान नीचे आता तो कभी ऊंचे आसमान में चला जा रहा था। तिरंगा धुंआ छोड़ते हुए एयरक्राफ्ट लगातार एक घंटे तक उड़ता ही रहा। इन हैरतअंगेज करतब देख कर



लोग हैरान रह गए। एयर शो में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, वायुसेना के एयर मार्शल एपी सिंह के अलावा राजनीतिक और प्रशासनिक पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद थे।

एयर शो के हर करतब को लोग अपने मोबाइल में कैद करने में लगे रहे। एयर शो को लेकर पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मैदान के चारों ओर बैरिकेडिंग की गई थी और बैरिकेडिंग के बाहर चारों ओर दर्शकों की भीड़ लगी थी ।सभा स्थल पर अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया।

# छग के एनएएन घोटाले की जांच सीबीआई के हवाले

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों और छत्तीसगढ़ के एक पूर्व राज्य महाधिवक्ता द्वारा कथित नागरिक पूर्ति निगम (एनएएन) घोटाले की जांच को प्रभावित करने के लिए अपने पदों का दुरुपयोग करने के आरोपों की जांच अपने हाथ में ले ली है। यह घोटाला पहली बार 2015 में प्रकाश में आया था। सेवानिवृत्त आईएएस अनिल टुटेजा और आलोक शुक्ला तथा पूर्व महाधिवक्ता (एजी) सतीश चंद्र वर्मा के खिलाफ मामला पिछले साल छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने दर्ज किया था और बाद में राज्य सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की एफआईआर 16 अप्रैल को दर्ज की गई थी। प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के अनुसार, शुक्ला और टुटेजा ने छत्तीसगढ़ सरकार में लोक सेवक के रूप में कार्य करते हुए तत्कालीन महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए कथित रूप से अपने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग किया। एफआईआर में कहा गया है कि यह सार्वजनिक कर्तव्यों के प्रदर्शन को अनुचित तरीके से प्रभावित करने के इरादे से किया गया था। तीनों





■ **पहली बार 2015 में प्रकाश में आया था यह घोटाला**

पर राज्य आर्थिक अपराध जांच ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों से संबंधित आधिकारिक दस्तावेजों और प्रक्रियात्मक सूचनाओं को बदलने की साजिश रचने का आरोप है। कथित तौर पर ये बदलाव सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन मामले (एपी00 09/2015) के संबंध में उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत जवाबों की सामग्री में हेरफेर करने के लिए किए गए थे, ताकि आरोपियों के पक्ष में काम किया जा सके। इसमें कहा गया है कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि उन्हें अग्रिम जमानत का लाभ मिल सके। कथित घोटाला छत्तीसगढ़ की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए नोडल एजेंसी एनएएन द्वारा घटिया चावल और नमक की खरीद से संबंधित है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जिन 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, उनमें ये दोनों अधिकारी भी शामिल हैं।

## सार संक्षेप

### जगदीप धनखड़ ने दीं ईस्टर की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ईस्टर की पूर्व संध्या पर ईसाई समुदाय सहित समस्त नागरिकों को शुभकामनाएं दीं हैं। धनखड़ ने शनिवार को ईस्टर की पूर्व संध्या पर जारी संदेश में कहा कि ईस्टर यीशु मसीह के पुनरुत्थान के माध्यम से आशा और नवीनीकरण का प्रतीक है। करुणा, क्षमा और सेवा की उनकी शाश्वत शिक्षाएं हमें एक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन करती हैं। उन्होंने कहा कि इस ईस्टर रविवार के अवसर पर, मैं भारत भर के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं,

### कश्मीर में भूकंप के झटके, कोई नुकसान नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। भूकंप से जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई रिपोर्ट नहीं है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अफगानिस्तान में शनिवार को रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके कश्मीर के कई हिस्सों में महसूस किए गए।

### ओडिशा के वरिष्ठ पत्रकार रतिकांत मोहंती का निधन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के वरिष्ठ पत्रकार रतिकांत मोहंती का शनिवार को भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 70 साल के थे। मोहंती के परिवार उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो पुत्रियां हैं। वह गुर्दे संबंधी बीमारी से जूझ रहे थे। उनके आवास पर कई पत्रकारों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मोहंती श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पत्रकार जगत में एशियन एज, हिंदुस्तान समाचार, ओडिया दैनिक पर्यवेक्षक और दीनालिपि के लिए काम किया था। उनके निधन से ओडिया पत्रकारिता के क्षेत्र में एक बड़ा शून्य पैदा हो गया है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मोहंती के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। माझी ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार रतिकांत मोहंती के निधन की खबर सुनकर मैं बहुत दुखी और स्तब्ध हूं।

### तेलंगाना में कार पलटने से दो की मौत

**गडवाल/तेलंगाना।** शुक्रवार आधी रात को गडवाल (तेलंगाना) जिले के इतिक्याल मंडल में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एक कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना तब हुई जब वे हैदराबाद, तेलंगाना से आंध्र प्रदेश के नंद्याल जा रहे थे। घायलों को इलाज के लिए कर्नूल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान पी पुल्लारेड्डी और लक्ष्मी सुब्बम्मा के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए बांग्लादेश पर दबाव बनाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने बंगलादेश में हिंदू नेता भाबेश चंद्र रॉय की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि भारत सरकार मामले को प्राथमिकता से उठाए और बंगलादेश से बात कर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने के लिए दबाव बनाए। पार्टी ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा, कांग्रेस बंगलादेश के दिनाजपुर में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता भाबेश चंद्र रॉय की क्रूर हत्या की कड़ी निंदा करती है। अपहरण और हमले के कारण उनकी दुखद मृत्यु इस क्षेत्र में धार्मिक अल्पसंख्यकों में बढ़ती असुरक्षा की भावना की एक भयावह याद दिलाती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा, यह कोई अकेली घटना नहीं है।

पिछले कुछ महीनों में बंगलादेश में अल्पसंख्यक समुदायों पर हमलों की कई और बेहद परेशान करने वाली घटनाएं हुई हैं, जिनमें हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने से लेकर अल्पसंख्यकों के घरों और व्यवसायों पर लक्षित हमले शामिल हैं। धमकी और क्रूरता के इस पैटर्न को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। कांग्रेस पार्टी भारत सरकार से आग्रह करती है कि वह इस मामले को सर्वोच्च तत्परता से उठाए और बंगलादेश सरकार पर दबाव डाले कि वह त्वरित, पारदर्शी जांच सुनिश्चित करे और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाए। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा की मांग करते हुए कहा, हम अपनी मांग दोहराते हैं कि बंगलादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की पूरी तरह से रक्षा की जाए।

# बिहार में सरकारी खजाने को लूट रहे सत्ता में बैठे लोग : तेजस्वी यादव

■ **राजद नेता ने भ्रष्टाचार को लेकर नीतीश सरकार पर बोला हमला**

**पटना,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में इंडिया गठबंधन के समन्वय समिति के अध्यक्ष व राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने फिर से नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। राजद कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग समझ चुके हैं कि वह फिर से सरकार में नहीं आएंगे और इसलिए वह सरकारी खजाने को लूट रहे हैं। एनडीए सरकार में संगठित भ्रष्टाचार सभी रिकॉर्ड तोड़ चुका है। जनता घूसखोरी और दलाली से त्रस्त हो चुकी है। राजद नेता ने साफ लहजे में कहा कि भ्रष्टाचार का आलम है कि सभी विभागों में ताबड़तोड़ टेंडर निकाला जा रहा है, जिसमें सभी विभागीय मंत्रियों का 30 प्रतिशत कमीशन तय है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे उन्हें चुनाव का



एनडीए सरकार में संगठित भ्रष्टाचार सभी रिकॉर्ड तोड़ चुका है। जनता घूसखोरी और दलाली से त्रस्त हो चुकी है : तेजस्वी यादव

खर्च भी निकालना है। पटना में एक प्रेस वार्ता में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि अब कितना भी दम लगा लें, उनकी सरकार नहीं बनने वाली है। इसलिए आनन-फानन में टेंडर निकाला जा रहा है। मात्र तीन महीने की कैबिनेट की बैठक में 76 हजार करोड़ रुपए की ही स्वीकृति मिली है। इसमें अधिकतर योजनाएं निर्माण से जुड़ी हुई हैं। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि सरकार वार्षिक रूप से हर साल 25 से 30 हजार करोड़ रुपए लोन की राशि चुकाती है। ब्याज का तो छोड़ दीजिए। बिहार सरकार सरकारी खजाने से चुनाव को लेकर यात्रा और राजनीतिक प्रचार कर रही है। जनता इसका जवाब मांग रही है।

### महिला संवाद अभियान पर उठाया सवाल

तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार के महिला संवाद अभियान पर भी सवाल उठा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता दल यूनाईटेड बिहार सरकार के पैसों से चुनाव प्रचार कर रही है। तेजस्वी ने दावा किया कि महिला संवाद के नाम पर राज्य में बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है। 225 करोड़ रुपये में प्रचार के लिए 600 चुनावी रथ मंगवाए गए हैं। ठेकेदार के जरिए मंत्री को 30 फीसदी कमीशन दिया जा रहा है।

## मध्य प्रदेश विस ऑफ लाइन क्यों : सिंघार

**भोपाल,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा की कार्यवाही ऑनलाइन नहीं किए जाने को लेकर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। सिंघार ने एक्स पोस्ट में कहा कि डिजिटल इंडिया में मध्य प्रदेश विधानसभा ऑफलाइन क्यों है। देश की सभी विधानसभाएं नेशनल ई-विधान ऐप्लिकेशन के तहत डिजिटल हो रही हैं, कार्यवाहियों का सीधा प्रसारण हो रहा है, लेकिन मध्य प्रदेश अब तक अंधेरे में क्यों है? हर साल करोड़ों रुपए सिर्फ विधानसभा की कार्यवाही दिखाने को मिलते हैं, फिर भी प्रदेश सरकार आज तक एक ठोस कदम नहीं उठा पाई। क्या सरकार को डर है कि अगर कार्यवाही जनता ने देख ली, तो उनके असली चेहरे बेनकाब हो जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कार्यशैली जवाबदेही से भागना है। विधानसभा जनता का मंच है, न कि सत्ता की गोपनीय बैठक। आखिर सरकार विधानसभा की कार्यवाही को जनता की नज़रों से दूर क्यों रखना चाहती है।



# सेना ने लद्दाख में अभूतपूर्व मोबाइल कनेक्टिविटी की शुरू

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने एक बड़ा कदम उठाते हुए लद्दाख के सुदूर और अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अभूतपूर्व मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान की है जिसमें पूर्वी और पश्चिमी लद्दाख तथा सियाचिन ग्लेशियर के अग्रिम क्षेत्र भी शामिल हैं। सेना ने शनिवार को बताया कि दुनिया के कुछ सबसे दुर्गम इलाकों जैसे दौलत बेग ओल्डी, गलवान, डेमचोक, चुमार, बटालिक, द्रास और सियाचिन ग्लेशियर में तैनात सैनिकों को पहली बार अब विश्वसनीय 4 जी और 5 जी मोबाइल कनेक्टिविटी तक पहुंच मिली है। यह पहल सर्दियों में 18,000 फुट से अधिक ऊंचाई पर बिलकुल अलग-थलग चौकियों में तैनात सैनिकों के लिए एक बड़ा मनोबल बढ़ाने वाला साबित हुई है, जिससे उन्हें अपने परिवार और प्रियजनों के साथ जुड़े रहने में मदद मिली है। यह महत्वपूर्ण प्रयास संपूर्ण सरकारी ढांचे के तहत एक सहयोगी दृष्टिकोण के माध्यम से संभव हुआ है, जिसमें भारतीय सेना ने अपने मजबूत ऑप्टिकल फाइबर केबल बुनियादी ढांचे का लाभ उठाते हुए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के साथ साझेदारी की है। फायर एंड फ्यूरी कोर ने इस तालमेल को सक्षम करने में अग्रणी भूमिका निभाई है, जिसके परिणामस्वरूप सेना के बुनियादी ढांचे पर कई मोबाइल टावर लगाए गए हैं, जिनमें अकेले लद्दाख और कारगिल जिलों में चार प्रमुख टावर शामिल हैं। इस पहल का प्रभाव सैन्य कल्याण से कहीं आगे तक फैला हुआ है, यह एक महत्वपूर्ण राष्ट्र निर्माण प्रयास के रूप में उभर रहा है जो दूरदराज के सीमावर्ती गांवों के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने को बदल रहा है।



■ **सीमावर्ती गांवों को भी सशक्त बनाया**

## भाषा के प्रति नफरत अनुचित : मायावती

**लखनऊ,** 19 अप्रैल (एजेंसयसां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आजकल चल रहे भाषा विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाषा के प्रति नफरत अनुचित है। बसपा मुखिया मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि पश्चिम के महाराष्ट्र, गुजरात तथा दक्षिण भारत के कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल में बीएसपी संगठन के गठन की तैयारी व मजबूती एवं पार्टी के जनाधार को बढ़ाने आदि पर दिल्ली में हुई बैठक में गहन समीक्षा और आगे पूरे तन, मन, धन से पार्टी के कार्यों को दिशा-निर्देशानुसार बढ़ाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने आगे लिखा कि जनगणना व उसके आधार पर लोकसभा सीटों का पुनः आवंटन, नई शिक्षा नीति व भाषा थोपने आदि के चलते इन राज्यों व केंद्र के बीच राजनीतिक स्वार्थ के लिए विवाद से जन व देशहित का प्रभावित होना स्वाभाविक है। गुड गवर्नेंस वही है जो पूरे देश को संविधान के हिसाब से साथ लेकर चले। मायावती ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले खासकर शोषित-उपेक्षित गरीबों, दलितों, आदिवासियों व पिछड़े वर्ग आदि के बच्चे-बच्चियां अंग्रेजी का ज्ञान अर्जित किए बिना आगे चलकर आईटी व स्किल्ड क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ सकते हैं।



# रोगग्रस्त होकर विकसित भारत की संकल्पना असंभव : अमित शाह

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि विकसित भारत की संकल्पना रोगग्रस्त होकर नहीं की जा सकती, इसीलिए यह बहुत जरूरी है कि देश का हर नागरिक स्वस्थ रहे। शाह ने शनिवार को यहां विश्व यकृत दिवस के अवसर पर यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश के सामने आज़ादी की शताब्दी के समय 2047 में एक विकसित भारत की रचना करने का लक्ष्य रखा है जो हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो और विश्व का नेतृत्व करे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना रोगग्रस्त होकर नहीं की जा सकती और इसीलिए ये बहुत ज़रूरी है कि हर नागरिक स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि आज विश्व यकृत दिवस के अवसर पर पूरे देश की जनता को अपने यकृत के प्रति सजग, प्रयत्नशील और पूरी जानकारी के साथ यकृत को स्वस्थ रखने का संकल्प लेना चाहिए। संस्थान ने एक विशेष योजना का शुभारंभ किया है और यह अभिनव पहल यकृत को स्वस्थ रखने के प्रति देश में जागरूकता फैलाने में सफल होगी। वेदों में कहा गया है कि आहार ही औषधि है और आज इस थीम को स्वीकार कर पूरा विश्व आगे बढ़ रहा है। 2014 से 2025 तक 11 साल में मोदी सरकार ने हॉलिस्टिक दृष्टिकोण के साथ देश के नागरिकों को स्वस्थ बनाने के अनेक कार्यक्रम चलाए हैं।





■ **विश्व यकृत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत**

दिशा-निर्देश *डल झील में शिकारा संचालकों के लिए नए सुरक्षा दिशा-निर्देश जारी*

# शिकारा में सभी पर्यटकों के लिए किए लाइफ जैकेट अनिवार्य

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर में डल झील में नाव पलटने की घटना के कुछ दिनों बाद, पर्यटन निदेशालय, कश्मीर ने दुर्घटनाओं को रोकने और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य सुरक्षा दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, सभी शिकारा को पर्यटन विभाग के साथ पंजीकृत होना चाहिए और उनकी पंजीकरण संख्या स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होनी चाहिए। संचालन में पाए जाने वाले किसी भी अनधिकृत या अपंजीकृत शिकारा को तुरंत जब्त कर लिया जाएगा, ऐसा इसमें लिखा है। नए दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि लाइफ जैकेट अब अनिवार्य हैं, प्रत्येक शिकारा में यात्रियों की संख्या के बराबर या उससे अधिक जैकेट ले जाना आवश्यक है। यदि नाबालिग सवार हैं तो बच्चों के आकार की जैकेट उपलब्ध कराई जानी चाहिए। जब तक प्रत्येक यात्री उचित सुरक्षा गियर नहीं पहनता, तब तक किसी भी शिकारा को संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक शिकारा पर अधिकतम यात्री क्षमता, पंजीकरण संख्या और पर्यटन पुलिस, आपदा प्रतिक्रिया दल तथा निकटवर्ती अग्निशमन एवं बचाव केन्द्रों के आपातकालीन संपर्क नंबर प्रदर्शित होने चाहिए। संचालन के दौरान वैध पहचान और पंजीकरण दस्तावेज साथ रखना अनिवार्य है। ओवरलोडिंग सख्त वर्जित है और इसके लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस निर्देश में आगे कहा गया है कि नाव मालिकों को अपने शिकारों की संरचनात्मक अखंडता बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण करना चाहिए।



■ **डल झील में नाव पलटने की घटना के बाद पर्यटन विभाग ने उठाया कादम**

जो खराब या असुरक्षित स्थिति में पाए जाएंगे, उन्हें संचालन से रोक दिया जाएगा। कम दृश्यता के घंटों जैसे कि सुबह या शाम के समय, नेविगेशन लाइट और वाटरप्रूफ सीटी बजाना अब अनिवार्य है। इसमें यह भी कहा गया है कि आपरेटरों को एक बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा किट भी साथ रखनी चाहिए और खराब मौसम के दौरान नौकायन से बचना चाहिए। दो घंटे के भीतर पर्यटन विभाग को किसी भी दुर्घटना की सूचना देना अनिवार्य कर दिया गया है। मैनुअल रोइंग ही प्रणोदन का एकमात्र अनुमत तरीका है। विशेष रूप से अनुमोदित किए जाने तक मोटर या यांत्रिक प्रणालियों के उपयोग पर प्रतिबंध है। किसी भी उल्लंघन के परिणामस्वरूप नाव को तत्काल जब्त कर लिया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि विभाग ने सरकार द्वारा अधिसूचित किराया दरों के कार्यान्वयन को भी सुदृढ़ किया है।

प्रत्येक नाव पर दर कार्ड स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाने चाहिए। पर्यटकों से अधिक पैसे लेना या अतिरिक्त भुगतान की मांग करना सख्त वर्जित है और दंडनीय है।

उल्टा पुल्टा

कल एक पत्नी ने अपने पति को ये कहकर चुप करा दिया...
कि ज्यादा होशियार मत बनो...जितना दिमाग तुम्हारे पास है
उतना तो मेरा हमेशा खराब रहता है...।

# कैपिटल ज़ोन

### कपिल मिश्रा ने मुस्तफाबाद में गिरी चार मंजिला इमारत का लिया जायजा, कहा

## पीड़ितों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी सरकार

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। मुस्तफाबाद इलाके में शनिवार तड़के गिरी चार मंजिला इमारत का जायजा लेने के लिए दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा और श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान दिल्ली विधानसभा के डिप्टी स्पीकर और क्षेत्रीय विधायक मोहन सिंह बिष्ट भी उनके साथ मौजूद रहे। मंत्री कपिल मिश्रा ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने इस हादसे को अत्यंत हृदयविदारक बताते हुए कहा कि सरकार पीड़ितों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। मंत्री ने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य तत्परता से प्रारंभ कर दिए गए हैं।

**मंत्री ने अधिकारियों को घटना की गंभीरता से जांच के दिए निर्देश**




यह दुर्घटना मात्र एक हादसा नहीं, बल्कि गंभीर आपराधिक लापरवाही का परिणाम है, दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा : कपिल मिश्रा

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वे स्वयं स्थिति का आकलन करने पहुंचे हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह दुर्घटना मात्र एक हादसा नहीं, बल्कि गंभीर आपराधिक लापरवाही का परिणाम है, और दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। मिश्रा ने बताया कि एनडीआरएफ और दिल्ली पुलिस राहत कार्यों में पूरी सक्रियता से जुटे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि घटना की गंभीरता से जांच की जाए और दोषी व्यक्तियों व अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

मंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र अवैध रूप से निर्मित 6-7 मंजिला इमारतों से घिरा हुआ है, जो भविष्य में और भी बड़े हादसों को जन्म दे सकती हैं। सीलमपुर, मुस्तफाबाद, जाफराबाद जैसे क्षेत्रों में अवैध निर्माण कार्यों की भरमार है, और यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी सभी इमारतों को चिन्हित कर तत्काल खाली कराया जाए, जिससे समय रहते जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## केजरीवाल ने बिल्डिंग हादसे में मृतकों के प्रति जताया दुख



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शनिवार को तड़के चार मंजिला बिल्डिंग गिरने से मलबे में दबकर कई लोगों की हुई दुखद मौत पर आम आदमी पार्टी के नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है। इस घटना की सूचना मिलने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, नेता प्रतिपक्ष आतिशी और एमसीडी मेयर महेश कुमार खिंची समेत अन्य नेताओं ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। अरविंद केजरीवाल के आह्वाहन पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और राहत व बचाव कार्य में प्रशासन की मदद में जुट गए। वहीं, मेयर ने निगमायुक्त को जांच करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुस्तफाबाद में बिल्डिंग गिरने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा कि मुस्तफ़ाबाद में बिल्डिंग गिरने की ये घटना बेहद दुखद है। इस हादसे में जिन परिवारों ने अपनों को खोया, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से मेरी अपील है कि राहत और बचाव कार्यों में प्रशासन का पूरा सहयोग करें।

## दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने की लोकसभा ऑब्जर्वर व जिला ऑब्जर्वरों की नियुक्ति

### देवेन्द्र यादव पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार कर रहे ठोस प्रयास

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आज राजधानी में पार्टी को मजबूत करने के लिए कांग्रेस के फ्लेगशिप कार्यक्रम 'संगठन सृजन अभियान' के तहत लोकसभा ऑब्जर्वर और जिला ऑब्जवरों की नियुक्ती की गई।

देवेन्द्र यादव ने स्पष्ट किया कि लोकसभा ऑब्जर्वर ब्लाक स्तर तक के स्थानीय कार्यकर्ताओं से मिलकर ब्लाक व जिला कांग्रेस कमेटियों की कार्यप्रणाली की समस्त जानकारी लेकर एक महीने के अंदर ब्लाक और जिला पर बूथ स्तर तक संगठन को कैसे मजबूत बनाना है इस पर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को देंगे। जिला ऑब्जर्वर पहले की भांति अपना कार्य करते रहेंगे। संगठन के कार्यकर्ता की बैठकें आयोजित करने, महीने भर की राजनीतिक गतिविधियों प्रदेश, जिला व ब्लाक स्तर पर कैसे कार्यान्वित की जा सकती है, इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। जिला ऑब्जर्वर प्रदेश स्तर, ब्लाक स्तर और जिला स्तर पर होने वाली गतिविधियां और बैठकों के आयोजन को कार्यान्वित करने में अपना सहयोग देते रहेंगे।

देवेन्द्र यादव ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार ठोस प्रयास कर रहे हैं, जिसे अपने अत्यधिक सफल महीने भर चली लंबी दिल्ली न्याय यात्रा के साथ शुरू किया, जिसके कारण दिल्ली विधानसभा चुनावों में पार्टी के वोट प्रतिशत में तेजी से बढ़ोतरी हुई, जिसके परिणामस्वरूप भ्रष्ट केजरीवाल सरकार की विधानसभा में हार हुई। देवेन्द्र यादव ने 12 निगम वार्डों के उपचुनावों के लिए 12 ऑब्जर्वरों की नियुक्ति करने के साथ-साथ 5 सदस्यीय कॉआर्डिनेशन कमेटी और दिल्ली में संगठन को पुनः जीवंत करने, जमीनी स्तर पर संगठन मजबूती और पार्टी में नई शक्ति उत्सर्जन करने के लिए 3 जिला अध्यक्षों को भी नियुक्त किया।



जिला ऑब्जर्वर प्रदेश स्तर, ब्लाक स्तर व जिला स्तर पर होने वाली गतिविधियां और बैठकों के आयोजन को कार्यान्वित करने में अपना सहयोग देते रहेंगे : देवेंद्र यादव

### सार संक्षेप

#### पंडित चतुर लाल की 99वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि




**नई दिल्ली।** राजधानी नई दिल्ली स्थित गोएथे-इंस्टिट्यूट में संगीतप्रेमियों ने पंडित चतुर लाल की 99वीं जयंती के उपलक्ष्य में उन्हें श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि पंडित चतुर लाल ने तालों की जादुई भाषा से भारतीय संगीत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई, आज भी दुनिया भर में स्मरणीय हैं। इस वर्ष की संध्या विशेष रूप से उनके परिवार पंडित चरणजीत और मीता चतुर लाल द्वारा बड़े प्रेमपूर्वक संयोजित की गई थी, जिसमें कविता, चिंतन, फिल्म और सजीव संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अभा डालमिया, जे.के. ग्रुप ऑफ कंपनीज़ के निदेशक सुरेन्द्र मल्होत्रा और आयोजकद्वय पंडित चरणजीत एवं मीता चतुर लाल उपस्थित रहे।

#### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बोर्ड ने फंडरेजिंग को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की हुई बैठक में इक्विटी पूंजी के तहत प्रेफरेंशियल इश्यू को मंजूरी दी गई। इसमें करीब लगभग 4,876 करोड़ रुपए की राशि करंट सी इन्वेस्टमेंट्स बी.वी. को दी जाएगी, जो वारबर्ग पिंकस एलएलसी की एक सहयोगी कंपनी है। इसके अलावा, लगभग 2,624 करोड़ रुपए की मंजूरी प्लेटिनम इनविक्टस बी 2025 आरएससी लिमिटेड को मिली है, जो अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और इसके निजी इक्विटी विभाग द्वारा संचालित होती है। पिछले छह वर्षों में, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने खुद को एक इन्फ्रास्ट्रक्चर-केंद्रित विकास वित्त संस्थान से बदलकर एक आधुनिक, तकनीकी-संचालित और पूरे भारत में फैले यूनिवर्सल बैंक के रूप में सफलतापूर्वक रूपांतरित किया है। इस सफर में बैंक ने वितरण, तकनीक और प्रतिभा में बड़े स्तर पर निवेश किया है, ताकि वह देश के अग्रणी प्राइवेट सेक्टर बैंकों में से एक के रूप में स्थान पा सके।

#### निजी विवाद को सांप्रदायिक बनाने की कोशिश : उदितराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीलमपुर इलाके में एक युवक की हत्या के बाद उपजा तनाव और कुछ परिवारों द्वारा लगाए गए यह मकान बिकाऊ है जैसे पोस्टर्स पर उदित राज ने कहा कि यह घटना एक निजी विवाद थी, लेकिन इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की जा रही है।
उदित राज ने कहा कि ऐसी घटनाएं केवल एक पक्षीय दृष्टिकोण से नहीं देखी जानी चाहिए क्योंकि सच यह है कि देश के विभिन्न हिस्सों में दलितों का पलायन हो रहा है, जो कहीं अधिक व्यापक और गहरी सामाजिक समस्या है। जब समाज शिक्षित नहीं होता तो ऐसी प्रवृत्तियां उभरती हैं, पर इसे सांप्रदायिक चश्मे से देखना खतरनाक है। मिथुन चक्रवर्ती के बयान कि पश्चिम बंगाल में हिंदू सुरक्षित नहीं पर उदित राज ने सवाल किया कि अगर बंगाल में हिंदू सुरक्षित नहीं है तो खुद मिथुन चक्रवर्ती, जो वहीं रह रहे हैं, कैसे सुरक्षित हैं।

## मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक




■ ओल्ड एज पेंशन योजना के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। ओल्ड एज पेंशन योजना को लेकर समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शनिवार को समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में पेंशन योजना की प्रगति की जानकारी दी। समाज कल्याण मंत्री ने योजना की प्रगति जानने के साथ ही पेंशन में नये नाम जोड़े जाने की प्रक्रिया को लेकर निर्देश दिए। ऐसी पेंशन जो किसी वजह से लौट कर आई हैं, अन्य पेंशन जिन पर आवेदनों के जरिए आपत्तियां लगी हैं, उनके निस्तारण को लेकर भी बैठक में निर्देश दिए।

बैठक में लाभार्थियों के थर्ड पार्टी वेरीफिकेशन और सीएससी की भूमिका को लेकर भी चर्चा हुई। समाज कल्याण मंत्री ने निर्देश दिए की आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण हो और आवेदकों को चक्कर न लगाने पड़ें। खाते आवश्यक दस्तावेजों से लिंक हों ताकि डीबीटी में कोई समस्या न आए। अधिकारी लगातार इसकी जानकारी जुटाएं और पेंशन लाभार्थियों से फीडबैक लें। दिल्ली में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से 4 लाख से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है।

## नेशनल हेराल्ड आजादी की आवाज : संदीप दीक्षित



**अनुराग ठाकुर के बयान पर संदीप दीक्षित ने किया का पलटवार**

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। बीजेपी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा नेशनल हेराल्ड को कांग्रेस का एटीएम कहे जाने का कांग्रेस ने विरोध किया है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने अनुराग ठाकुर की समझ पर सवाल उठाए हैं। दीक्षित ने दावा किया कि ये अखबार आजादी की आवाज रहा है। संदीप दीक्षित ने कहा कि नेशनल हेराल्ड भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान निकाला गया एक प्रमुख अखबार रहा है और अच्छे अखबारों को विज्ञापन मिलना स्वाभाविक है। अनुराग ठाकुर जैसे नेताओं को न तो नेशनल हेराल्ड के ऐतिहासिक महत्व की समझ है और न ही उन्हें स्वतंत्रता संग्राम की गहराई का अंदाजा है। ये अखबार आजादी की आवाज रहा है। अनुराग ठाकुर के नेशनल हेराल्ड को कांग्रेस का एटीएम कहे जाने पर उन्होंने ऐतराज जताते हुए कहा कि इस पर को सामने आकर पिछले ग्यारह सालों का पूरा चिट्ठा सार्वजनिक करना चाहिए कि किस-किस अखबार या मीडिया समूह को कितना पैसा और कब दिया गया। बीजेपी की राज्य सरकारें भी मीडिया को विज्ञापन के नाम पर भारी भरकम राशि देती हैं, लेकिन उसका कोई हिसाब-किताब नहीं दिया जाता।

## पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को किया जा रहा टारगेट : तिवारी

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि यह सच्चाई है कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के साथ भयानक हिंसा हो रही है।

शनिवार को भाजपा सांसद ने कहा कि बंगाल में हिंदू महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। वहां की ममता बनर्जी की सरकार अपराधियों को बचाने में लगी है। अपराधियों के साथ मिलकर सरकार हिंदुओं का टारगेट कर रही है। राज्य की स्थिति को देखते हुए बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की जरूरत है। मनोज तिवारी ने कहा कि हिंसा वाले क्षेत्र में मीडिया को भी रिपोर्टिंग करने में परेशानी आ रही है। बंगाल सरकार के कई स्वरूप निकलकर सामने आए हैं। बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है या नहीं, हम लोगों को इंतजार करना चाहिए।

सीलमपुर में एक किशोर की हत्या और इसके बाद हिंदुओं के पलायन वाले पोस्टर पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि किसी को भी पलायन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दिल्ली पुलिस द्वारा कुछ अपराधी पकड़े गए हैं और कुछ चिन्हित किए गए हैं। किसी को भी इसमें घबराने की जरूरत नहीं है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि अभी तक जो अपराधी पकड़ से बाहर हैं वो भी जल्द पकड़े जाएंगे। मृतक के परिवार को इंसाफ मिलेगा। मुस्तफाबाद में इमारत ढहने पर तिवारी ने कहा यह बहुत दुखद घटना है।



राज्य की स्थिति को देखते हुए बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की जरूरत है : मनोज तिवारी

## सड़क सुरक्षा पर पैरासेफ ने पेश की रिपोर्ट

### 2022 में सड़क दुर्घटनाओं ने 1.68 लाख लोगों की जान ले ली

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। पैराकोट की सहायक कंपनी पैरासेफ, यात्रा के सभी साधनों में सुरक्षा को प्राथमिकता देकर मोबिलिटी को पुनः परिभाषित करने के लिए समर्पित है। सड़क सुरक्षा टूल्स में क्रांतिकारी बदलाव लाने और सड़क जागरूकता को एक स्टैंडर्ड प्रैक्टिस के रूप में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध, पैरासेफ ने जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षा में सुधार के लिए कार्रवाई योग्य जानकारी प्रदान करने के लिए व्यापक शोध किया है और श्वेत पत्र प्रकाशित किए हैं।

2022 में सड़क दुर्घटनाओं ने दुखद रूप से 1.68 लाख लोगों की जान ले ली। वाहन टेक्नोलॉजी और बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद, मूल कारण अभी भी बने हुए हैं जो हैं- अज्ञानता 65 प्रतिशत और कानूनों का कमज़ोर अमल 52 प्रतिशत। पैरासेफ की रिपोर्ट इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डालती है, जिसमें टियर 2 और टियर 3 शहरों में सड़क सुरक्षा जागरूकता और अभ्यास की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया है। पैरासेफ के सीईओ राजेश पोद्दार ने रिपोर्ट के निष्कर्षों पर कहा, उद्योग जगत के अग्रणी के रूप में, सभी स्टेकहोल्डरों- सरकार, उद्योग और नागरिकों के बीच जवाबदेही को बढ़ावा देना हमारी ज़िम्मेदारी है।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पांच प्लेटफॉर्म के नाम बदलेंगे

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद एफएमसीजी बनाने वाले आरएसपीएल समूह की कपड़े धोने वाले प्रमुख ब्रांड घड़ी के डिटर्जेंट को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पांच प्लेटफॉर्म के नामकरण अधिकार मिल गए हैं। कंपनी ने बताया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक, छह, सात, आठ और नौ का नाम घड़ी डिटर्जेंट रखा गया है। यह अनुबंध एक साल के लिए है। साझेदारी के तहत घड़ी डिटर्जेंट की ब्रांडिंग इन प्लेटफॉर्म पर प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी, जिसमें पैनल, बिलबोर्ड, विनाइल रैपिंग और अन्य शामिल है। समूह के प्रवक्ता ने कहा यह साझेदारी घड़ी डिटर्जेंट के लिए मील का एक महत्वपूर्ण पत्थर है। यह हमें पहले से कही ज्यादा उपभोक्ताओं तक पहुंचने में मदद करती है और हम इस अनूठे अवसर के लिए भारतीय रेलवे के साथ साझेदारी करके खुश है। समझौते के तहत घड़ी ने यात्रियों के लिए कई सुविधाएं भी शुरू की है। कंपनी ने बताया कि उसने यात्रियों की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए इन पांच प्लेटफॉर्म पर महिला फीडिंग रूम साइन बोर्ड और डिजिटल डिस्प्ले शामिल है।

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक, छह, सात, आठ व नौ का नाम घड़ी डिटर्जेंट रखा गया**

## केजरीवाल का बहुत बड़ा घोटाला आया सामने, जल्द दूंगा जानकारी : सिरसा




**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति, उद्योग, वन एवं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर बड़ा दावा किया है।

उन्होंने कहा कि उनके विभाग में केजरीवाल का बहुत बड़ा घोटाला सामने आया है। वह इसे अभी मीडिया को नहीं बताएंगे लेकिन जल्द ही प्रेस कांफ्रेंस कर कलई खोलेंगे। उन्होंने कहा कि वह अभी इस घोटाले की बात टीवी पर नहीं बताएंगे। कागज लेकर एक से दो दिन में प्रेस कांफ्रेंस करेंगे, उसमें बताएंगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद केजरीवाल के पैरों के नीचे से जमीन निकल जाएगी। उनका काम ही घोटाले करना है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमले के जवाब में उन्होंने कहा कि केजरीवाल के नैरेटिव सेट करने से सच्चाई नहीं बदलती। केजरीवाल दावा करते थे कि उनकी पार्टी को 70 सीटें मिलेंगी, लेकिन क्या हुआ? जनता सच्चाई जानती है। दिल्ली की गलियों में लोग केजरीवाल को बेईमान कहते हैं। यह नैरेटिव किसी ने सेट नहीं किया। एक घटना में संजय सिंह के सामने ही लोग नारे लगा रहे थे कि केजरीवाल बेईमान हैं।

**अपराध** *दिल्ली पुलिस ने किया हेरोइन तस्करी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़, कहा*

## अफगानिस्तान, पाकिस्तान व भारत में फैला हुआ था नेटवर्क, 10 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 19 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने करीब दो महीने चले अभियान में मादक पदार्थों और आतंकवाद के वित्तपोषण मे शामिल एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश कर कम से कम 10 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह नेटवर्क अफगानिस्तान, पाकिस्तान और दिल्ली सहित भारत के चार राज्यों और केन्द्र शासित में फैला हुआ था। दिल्ली पुलिस के संयुक्त आयुक्त सुरेन्द्र सिंह जाखड़ और उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि पिछले 50 दिनों के लंबे अभियान और जांच-पड़ताल के बाद इनके पास से 1.6 किलोग्राम अफगानिस्तान में बनी हेरोइन, नशे के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला 130 ग्राम एक खास किस्म का रसायन, मादक द्रव्यों को पहुंचाने में इस्तेमाल की जाने वाली दो मोटरसाइकिल, 16 मोबाइल फोन, करीब 10 करोड़ रुपए मूल्य की पांच संपत्तियां जब्त की गई हैं।**

उन्होंने बताया कि जब्त किए गए मोबाइल फोन में ऐसी सूचनाएं मिली हैं, जिससे गिरोह के सीमा पार से जुड़ें तारों का खुलासा होता है। यह नेटवर्क पंजाब में सीमावर्ती अमृतसर, तरनतारन, खेमकरण क्षेत्र, जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा और हरियाणा में मेवात के इलाकों में सक्रिय था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के नारकोटिक्स विरोधी टास्क फोर्स को अफगानिस्तान और पाकिस्तान से भारत में हेरोइन की तस्करी की विश्वसनीय सूचनाएं मिली थीं। इस सूचना पर कार्रवाई के लिए टास्क फोर्स के निरीक्षक पंकज, उप निरीक्षक विकास दीप और राम किशन तथा हेड कांस्टेबल सनवार, अमित और अजित की एक टीम को नेटवर्क के खिलाफ जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी दी गई। सहायक उपायुक्त अनिल शर्मा को इस दल का नेतृत्व दिया गया था और उपायुक्त सुश्री अपूर्वा गुप्ता की निगरानी में गिरोह के बारे में सूचनाएं एकत्रित करने का काम अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि इस अभियान को आपरेशन 'क्लीन स्वीप' नाम दिया गया था। अभियान के तहत नौ फरवरी को एक अभियान में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के लाल बाजार निवासी फहीम फारुख (पुत्र फारुख अहमद जरगर) नाम का एक व्यक्ति पकड़ा गया, करीब एक किलोग्राम हेरोइन पकड़ी गई, जो अफगानिस्तान से आई थी। उससे पूछताछ के आधार पर दिल्ली के भोगल में उसके ठिकाने से एक लाख 65 हजार रुपए बरामद किए गए।



शाजिया व फहीम कुपवाड़ा इलाके में हेरोइन और मादक द्रव्य बेचने की साजिश में लगे थे और इसमें वे छोटे बच्चों की मदद लेना चाहते थे : **सुरेन्द्र सिंह जाखड़, दिल्ली पुलिस के संयुक्त आयुक्त**

**अभियान को आपरेशन 'क्लीन स्वीप' नाम दिया गया**

अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ से पता लगा कि फहीम तस्करी का माल पहुंचाने में लगी शाजिया नाम की महिला से तस्करी के काम में जुड़ा था, जो पहले उसकी प्रेमिका थी। शाजिया ने उसका परिचय पंजाब में सक्रिय हैरी नाम के व्यक्ति से कराया था और उसे हैरी से संपर्क करने के लिए फोन नंबर भी दिया था।

उन्होंने बताया कि फहीम के पास पकड़ी गई हेरोइन शाजिया के निर्देश पर उसे मुरथल (सोनीपत) में देव ढाबा पर हैरी से तीन फरवरी को मिली थी। फहीम ने तीन फरवरी को ही उस माल को दिल्ली में शाजिया को पकड़ा दिया था और उसके साथ ही शाजिया से मिला फोन भी लौटा दिया था। इसके एवज में उसे 50 हजार रुपए मिले थे। शाजिया ने फहीम को बाद में वह माल लाजपतनगर में जल विहार रोड पर अपनी किसी संपर्क वाले तक पहुंचाने का निर्देश दिया था। उन्होंने बताया कि उसी दौरान फहीम 10 फरवरी को टास्क फोर्स की टीम के हत्थे चढ़ गया। उन्होंने बताया कि फहीम जम्मू-कश्मीर में पत्थरबाजों के गिरोह में शामिल रहा था। बाद में वह कुपवाड़ा इलाके में मादक द्रव्यों की तस्करी में लग गया था। जांच से पता लगा कि शाजिया और फहीम कुपवाड़ा इलाके में हेरोइन और मादक द्रव्य बेचने की साजिश में लगे थे और इसमें वे छोटे बच्चों की मदद लेना चाहते थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच के बाद शाजिया को भी जंगपुरा इलाके से पकड़ लिया गया। वह अफगानिस्तान, अमेरिका, ब्रिटेन और पंजाब के मादक दव्य तस्करों से जुड़ी थी। वह भी मूल रूप से श्रीनगर की है और दो-तीन साल से मादक द्रव्य तस्करी में लगी हुई है। पहले वह अफगानिस्तान के सोहराब नाम के व्यक्ति के साथ यह धंधा करती थी जो दिल्ली में रहता था। उसका पिता इम्तियाज अहमद भी मादक द्रव्यों की तस्करी के दो पुराने मामलों मे दिल्ली में नामजद रहा है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

किसानों की शिकायत को आधार बनाकर ही 55 गांवों को चिन्हित किया गया। जिसमें से अधिक शिकायत वाले 15 गांवों का चुना गया। यहां प्राधिकरण की टीम सेटेलाइट मैप के साथ पहुंची और पहले फेज में 377 किसानों की आबादी का सर्वे किया। जिनकी फाइलिंग तैयार की गई। इसके अलावा कई किसानों की शिकायत अतिक्रमण से संबंधित थी। इसमें 250 किसानों का आबादी और अतिक्रमण का सर्वे किया गया : **क्रांति शेखर, प्राधिकरण ओएसडी।**

# 10 साल बाद नोएडा प्राधिकरण को डीएनडी एलिवेटेड की आई याद

**नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में सपा शासन काल यानी 2015 डीएनडी से लेकर सेक्टर-57 एलिवेटेड रोड का शिलान्यास किया गया। 10 साल तक योजना अधर में लटकी रही। अब योजना की फिजिबिलिटी तैयार की जा रही है। इसके लिए योजना की फाइल आईआईटी रुड़की भेजी गई है। वहां से टीम द्वारा योजना की फिजिबिलिटी तैयार करेगी। इसके बाद निर्माण के लिए डीपीआर बनाई जाएगी। इस एलिवेटेड के बनने से दिल्ली से नोएडा के आंतरिक सेक्टर जाने के लिए शहर के अंदर प्रवेश नहीं करना होगा।

**■ आईआईटी रुड़की को फिजिबिलिटी के लिए भेजी फाइल, 600 करोड़ का है बजट**

### फिजिबिलिटी में ये चुनौती

एलिवेटेड जिस रुट पर बनाई जानी है वहां रजनीगंधा एमपी-1 रोड पर अंडरपास बना हुआ है। डीएससी रोड पर मेट्रो लाइन है। या तो इस लाइन के ऊपर से एलिवेटेड बनाई जाए या फिर एलिवेटेड को दो खंडों में बांटकर बनाई जाए। इसकी फिजिबिलिटी आईआईटी रुड़की तय करेगी। जल्द ही उनकी टीम एलिवेटेड मार्ग का सर्वे करेगी। अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। इस रिपोर्ट में बताया जाएगा कि यहां एलिवेटेड रोड बनाई जा सकती है या नहीं।

### 10 मिनट में तय होगा सफर

प्राधिकरण ने बताया कि डीएनडी से सीधे सेक्टर-57 चौराहे तक एलिवेटेड बनने से दिल्ली से नोएडा के सेक्टर-57, 58, 59 के अलावा 65 और मामूरा और अन्य सेक्टरों के ट्रैफिक स्मूद होगा। उनको रेड लाइट और जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही 30 मिनट का समय 10 मिनट में तय किया जा सकेगा। इस एलिवेटेड के निर्माण में करीब 600 करोड़ रुपए खर्च किए जा सकते है। डीपीआर में इसका बजट को बताया जाएगा।

### पीक आवर में रहता है जाम

सुबह और शाम व्यस्त समय में रजनीगंधा से सेक्टर-12-22-56 तिराहे तक वाहनों का दबाव रहता है। शाम के वक्त तो वाहन रेंगते नजर आते हैं। आने वाले समय में वाहनों का यहा दबाव और भी बढ़ेगा। इस सड़क से शहर के औद्योगिक सेक्टरों के साथ कई आवासीय सेक्टरों को लोग जाते हैं। वहीं गाजियाबाद खासकर खोड़ा और इंदिरापुरम, दिल्ली जाने वाला ट्रैफिक भी होता है।

**नोएडा में प्रस्तावित और बन रही एलिवेटेड**

- ❖ अगाहपुर से सेक्टर-110 तक एलिवेटेड रोड का निर्माण चल रहा है मई में शुभारंभ होगा।
- ❖ चिल्ला बार्डर से महामाया फ्लाईओवर तक एलिवेटेड रोड का निर्माण मार्च में शुरू किया गया।
- ❖ सेक्टर-94 से एक्सप्रेस वे तक एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जाएगा।
- ❖ एफएनजी के लिए छिजारसी एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जाएगा।

# 15 गांवों में हुआ आबादी सर्वे, 250 किसानों के सर्वे में 38 किसानों पर नहीं मिला अतिक्रमण

**नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में किसानों की आबादी की समस्या का निपटारा प्राधिकरण की ओर से किया जा रहा है। इस क्रम में प्राधिकरण ने 15 गांवों का दोबारा से सर्वे कराया। ये सर्वे आबादी और अवैध निर्माण को लेकर था। दरअसल किसानों की शिकायत रही है कि उनकी आबादी पर गलत तरीके से सर्वे कराकर फाइलों में अतिक्रमण लगा रखा है। जिससे उनको मुआवजा और अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। 10-15 सालों से किसान इस तरह की शिकायत लगातार कर रहे थे। ऐसे में प्राधिकरण ने दोबारा सर्वे करने की प्लानिंग की।

**■ 75 किसानों को मिले 5 प्रतिशत प्लाट**

प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर ने बताया कि किसानों की शिकायत को आधार बनाकर ही 55 गांवों को चिन्हित किया गया। जिसमें से अधिक शिकायत वाले 15 गांवों का चुना गया। यहां प्राधिकरण की टीम सेटेलाइट मैप के साथ पहुंची और पहले फेज में 377 किसानों की आबादी का सर्वे किया। जिनकी फाइलिंग तैयार की गई। इसके अलावा कई किसानों की शिकायत अतिक्रमण से संबंधित थी। इसमें 250 किसानों का आबादी और अतिक्रमण का सर्वे किया गया।

### दोबारा सर्वे में 38 किसानों पर नहीं मिला अतिक्रमण

जिमसें से 38 ऐसे किसान मिले जिन जमीन पर अतिक्रमण नहीं था। लेकिन फाइलों में अतिक्रमण लगाया गया था। इसकी रिपोर्ट प्राधिकरण सीईओ को भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि इसी तरह किसानों को 5 प्रतिशत आबादी का भूखंड देने के लिए 6 हजार वर्गमीटर जमीन चिन्हित की गई। जिसमें प्लाट काटे जा रहे है। वहीं आपसी सहमति से अब तक करीब 10 हेक्टेयर का लैंड बैंक प्राधिकरण ने तैयार किया।

### ग्रुप हाउसिंग प्लाट का बदला लैंड यूज

एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि किसानों को 5 प्रतिशत भूखंड देने के लिए सेक्टर-146 में दो ग्रुप हाउसिंग प्लाट का लैंड यूज बदला गया। जिसमें पहले फेज में 55 किसानों को 5 प्रतिशत प्लाट दिए गए। इसके अलावा दूसरे फेज में 23 और किसानों को 5 प्रतिशत भूखंड आवंटित किए गए। ये सभी किसान 8 गांवों के है। इसके अलावा 203 प्लाट और लगाए जाने है। जिसके लिए 42 हजार वर्गमीटर जमीन चाहिए। ये प्लाट भी एक महीने में लगा दिए जाएंगे।

# 21वें फ्लोर से कूदकर युवती ने की आत्महत्या

**नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में बिल्डिंग से कूदकर एक युवती ने सुसाइड कर लिया है। जिस समय युवती ने सुसाइड किया वो घर पर अकेली थी। युवती की पहचान उन्नति हुई है। उसकी उम्र करीब 21 साल है। उन्नति वर्तमान में लोटस ब्लू वर्ड सोसाइटी सेक्टर 100 नोएडा में टावर नंबर 12 के फ्लैट नंबर 2101 में रह रही थी। शनिवार सुबह उसने बालकनी से छलांग लगा दी। जिस कारण उन्नति की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। मूलरूप से मुरादाबाद की रहने वाली थी।

सोसाइटी के गार्ड ने इसकी जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि प्राथमिक जांच में अब तक कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि युवती किसी बात को लेकर परेशान थी। उसने लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी के एक टावर के 12वें फ्लोर से कूदकर सुसाइड कर लिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने परिजनों को जानकारी देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले की जांच थाना सेक्टर-39 पुलिस कर रही है। बता दे नोएडा में हाईराइज सोसायटी की इमारतों से कूदकर पहले भी लोग सुसाइड कर चुके है। युवती अपनी एक महिला मित्र के साथ फ्लैट में किराए पर रहती थी। देर रात को पार्टी करके लौटी थी। जिसके बाद सुबह उसने आत्महत्या की।

## सार संक्षेप

### शराब पीकर पत्नी को पीटा काटी उंगली

**नोएडा।** पति के शराब के नशे में घर आने पर पत्नी को टोकना भारी पड़ गया। गुस्से में पति ने महिला को पीटा और मुंह से उंगली का कुछ हिस्सा काटकर अलग कर दिया। फिर खुद आत्महत्या करने और घर जलाने की धमकी दी। महिला ने सेक्टर 24 थाने में पति के खिलाफ चोट पहुंचाने, अपमान करने और धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज कराया है। नोएडा सेक्टर 12 में शशी परिवार के साथ रहती हैं। उनका पति अनूप मेहनत मजदूरी करता है जबकि शशी गृहणी हैं। पति अनूप आए दिन शराब पीकर हंगामा करता रहता है। 16 अप्रैल की रात करीब दस बजे पति नशे की हालत में घर पर आया। महिला के मुताबिक पति छह अप्रैल को घर में आग लगाकर मारने का प्रयास और पूर्व में कई बार शराब के नशे में घर के सामान को भी तोड़ चुका है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर अनूप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

### 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' के समर्थन में निकाली पदयात्रा




**गाजियाबाद।** सामाजिक संस्था 'मानवता की ओर एक कदम' के तत्वावधान में शनिवार को 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' के समर्थन में एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा शाम 4 बजे शहीद भगत सिंह घंटाघर से प्रारंभ होकर चौपला से होते हुए दुर्गा भाभी चौक से निकलकर शहीद पथ नवयुग मार्केट तक संपन्न हुई। पदयात्रा समापन होने से पूर्व वक्ताओं ने अपने संबोधन के माध्यम से एक राष्ट्र एक चुनाव की अपील संदेश दिया। इस अवसर पर सामाजिक नागरिक के रूप में मुख्य वक्ता मयंक गोयल ने कहा कि यह मुद्दा किसी दल विशेष का नहीं, बल्कि भारत के प्रत्येक नागरिक का है। अलग-अलग चुनावों से न केवल समय और धन की बर्बादी होती है, वन नेशन वन इलेक्शन के समर्थन में पदयात्रा के दौरान मयंक गोयल, सरदार एसपी सिंह, सुरेन्द्र नागर, पार्षद राजीव शर्मा, राजीव अग्रवाल, प्रदीप चौधरी, अशोक भारतीय, विनीत शर्मा, प्रीति चंद्रा, संजीव जांगिड़, हरेंद्र चौधरी, विक्रम सैनी, अजय चौधरी, संजय शर्मा, तनुज गंभीर, उदयन गर्ग, कृष्ण त्यागी, राजीव डागर, पंकज लड्डू जितेंद्र महाना, दिव्यांश भटनागर आदि शामिल रहे।

### दहेज के लिए मांगे 21 लाख व ऑडी कार

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उससे अतिरिक्त दहेज में ऑडी और 21 लाख रुपए की मांग करते हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 15 मई 2022 को थाना फेज-दो क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुआ था। परिजन ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। पीड़िता आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उस दहेज से संतुष्ट नहीं थे।

# शिव पार्क में जागरण आयोजित



**खोड़ा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत शिव पार्क स्थित जे के मॉडर्न स्कूल के समीप शुक्रवार को भव्य जागरण आयोजित किया गया। जागरण के आयोजक भाजपा नेता कालू यादव ने बताया कि चैत्र माह और हिंदी नववर्ष के आगमन के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जागरण की शुरुआत मां भगवती के समक्ष अखंडज्योति को प्रवज्जलित करके गणेश वंदना से की गई। जे के मॉडर्न स्कूल के चेयरमैन कालू यादव मुकेश यादव द्वारा अखंड ज्योति प्रवज्जलित की गई। ओ पी शर्मा एंड पार्टी के कलाकारों द्वारा माता के चरणों में माता रानी ने बुलाया है चलो बुलाया आया है महिमा तेरी है अपरंपार आ गई है मैया जगराता कर लो लाल फूलों की आई है बहार मैया तेरे मंदिर में भगत के बस में है भगवान आदि शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। श्रद्धालु मैया के भजनों में सराबोर होकर सारी रात झूमते रहे। भजनों के बीच बीच में जागरण पार्टी के कलाकारों द्वारा शिव तांडव माता काली बाबा भैरव नाथ काली मां द्वारा रक्तपान दुर्गा मा शिव गणों आदि कई शानदार झांकियां निकाली गई। श्रोताओं द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों को प्रोत्साहित करते रहे। झांकी के द्वारा कलाकारों द्वारा कई करतबों की प्रस्तुति दी गई। जागरण समापन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा नेता कालू यादव, मुकेश यादव, राजवीर यादव, जसवंत सिंह, सभासद सुनील कुमार, पिंटू यादव, अनुपम सिंह, अश्विनी यादव, बल्ले पहलवान, धर्मेंद्र, रोशन यादव, नमन शुक्ला, रामनाथ, सोनी आचार्य, निरंजन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# एक दिवसीय पशु चिकित्सा व बांझपन निवारण शिविर का आयोजन

**गाजियाबाद,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के पशु चिकित्सा वैज्ञानिकों ने पशुपालन विभाग के सहयोग से ग्राम भिक्कनपुर, विकास खंड रजापुर में एक दिवसीय पशु चिकित्सा एवं बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया। यह शिविर इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एस.पी. पाण्डेय ने किया तथा समग्र आयोजन में कुलपति डॉ. के.के. सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उद्घाटन के अवसर पर डॉ. पाण्डेय ने किसानों से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्र की गौशालाओं में रह रहे निराश्रित गौवंश के लिए भूसा दान कर पशुओं के भरण-पोषण में सहयोग करें। परियोजना प्रभारी प्रोफेसर अमित वर्मा ने बताया कि प्रदेश में निराश्रित गौवंश की समस्या का



मुख्य कारण कुपोषण, खनिज तत्वों की कमी से उत्पन्न अस्थायी बांझपन है। इन समस्याओं का समाधान कर ही गौवंश की स्थिति में सुधार लाया जा सकता है। इसी उद्देश्य को लेकर विश्वविद्यालय की टीम हर सप्ताह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसी एक गांव में अत्याधुनिक उपकरणों जैसे अल्ट्रासाउंड मशीन, माइक्रोस्कोपी आदि के माध्यम से पशुओं की गहन जांच कर रही है। शिविर में डॉ. अमित वर्मा, डॉ. विकास सचान, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. अजीत कुमार सिंह, डॉ. विकास जायसवाल एवं डॉ. प्रशांत तिवारी ने गाय, भैंस एवं कुत्तों सहित 78 पशुओं की स्वास्थ्य जांच की।

**■ मेरठ से आयी पशुचिकित्सा विशेषज्ञों के टीम ने ग्राम भिक्कनपुर में किया पशुओं का अल्ट्रासाउंड परीक्षण**

जांच उपरांत पशुपालकों को नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। इस पशु चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन पशु चिकित्साधिकारी मोरटा डॉ. राहुल चौधरी, पशुचिकित्सा अधिकारी बमेटा डॉ. संजीव चौधरी, उपमुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. मोनिका गुप्ता एवं अरविंद, सोनू तथा ग्रामीण महावीर सिंह, जयवीर सिंह, सुमित त्यागी, अजय चौधरी, जयप्रकाश सिंह आदि के सहयोग से किया गया।

# हंसी के जरिए विश्व शांति, उपस्थति लोगों ने दिल खोलकर हंसे

**नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा स्थित जेवीसीसी लॉस में विश्व हंसी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 500 उत्साही प्रतिभागियों ने भाग लिया। यहां दिल्ली, एनसीआर के विभिन्न लाफ्टर एंबेसडर और लाफ्टर क्लब के सदस्यों के अलावा, मेडिकल क्षेत्र से जुड़े डॉक्टर और देखभाल करने वाले, वंचित स्कूलों के बच्चे, रॉबिन हुड आर्मी और गूंज संस्था के सदस्य भी इस आयोजन का हिस्सा बने। जेएलसी के सदस्यों के व्यक्तिगत मेहमानों ने भी भाग लिया ताकि वे स्वयं हास्य योग के स्वास्थ्य लाभों का अनुभव कर सकें। इस अवसर के मुख्य अतिथि मैक्स हॉस्पिटल वैशाली के सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. आर.के. सग्गू रहे। कार्यक्रम की शुरुआत हरीश मेहता द्वारा प्रस्तुत एक कविता से हुई। इसके बाद कमोडोर अशोक साहनी (सेवानिवृत्त) द्वारा हास्य योग सत्र का संचालन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में ग्रेडिएंट लाफ्टर (सत्र की सबसे लंबी हंसी) सभी लाफ्टर एंबेसडर की






स्टेज पर उपस्थिति के साथ, बॉलीवुड लाफ्टर योग डांस, ग्रैटिट्यूड सॉन्ग पर डांस और जेएलसी सदस्यों की टीम द्वारा डांस प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने विश्व हास्य दिवस 2025 के ब्रोशर का विमोचन किया, जिसमें क्लब की गतिविधियों और सदस्यों के अनुभवों को साझा किया गया। बाद में, यह ब्रोशर सभी को वितरित किया गया। मैक्स हॉस्पिटल ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की और वाइज़ फिन सर्व, एक वित्तीय निवेश सेवा, ने विभिन्न निवेश विकल्पों पर नि:शुल्क सलाह दी।

# भूमि अधिग्रहण विवाद पर मुख्यमंत्री ने टीम गठित कर समाधान का दिया भरोसा

**बुलन्दशहर,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। बुलन्दशहर के चोला क्षेत्र के किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल सिकंदराबाद भाजपा विधायक लक्ष्मीराज सिंह के नेतृत्व में लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला। और लंबे समय से चले रहे जमीन अधिग्रहण के मामले में समाधान करने की मांग की। इस दौरान चोला किसान वेलफेयर सोसायटी की ओर से मुख्यमंत्री को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यूपीसीडा संस्था के द्वारा प्रस्तावित चोला औधोगिक क्षेत्र के दस गावों की भूमि के अधिग्रहण की कार्रवाई चल रही है। चोला क्षेत्र का किसान पिछले 25 वर्षों से अहिंसात्मक आन्दोलन के साथ न्याय पाने के लिए संघर्षरत है। वर्ष 1998-99 में दस गावों की भूमि अर्जन के लिए अधिसूचना जारी की गई थी।

जिसमें आपातकालीन धारा का प्रयोग कर भू-अर्जन कर भू-अर्जन की कार्रवाई की गई। जिसमे किसानो को सहमति से वंचित रखा गया। उक्त भूमि पर अभी भी पूर्ण रूप से किसानों का ही कब्जा है। अधिकांश किसानों ने अभी तक मुआवजा भी नहीं लिया और भू-रिकार्ड से उनके नाम काट दिए गये हैं। जिससे किसान सरकारी सुविधाओं जैसे किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, खाद, बीज, बिजली और बैंक लोन आदि से वंचित हो गया। जिसके चलते किसानों के परिवार आर्थिक व



**■ मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल, मुख्यमंत्री को आठ सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा**

सामाजिक प्रतिकूल प्रभाव झेल रहा है। कुछ ऐसे व्यक्तियों द्वारा जो किसान नहीं हैं करार कर मनमाने ढंग से मुवावजा तय कर दिया गया। कहा कि, चोला क्षेत्र का किसान आपसी समझोते से ही प्रकरण का हल निकलना चाहता है। इसलिए 14 बार वार्ता हुई। चोला क्षेत्र का किसान औधोगिक विकास का पक्षधर है और नये भू-अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार भू-अधिग्रहण करने की मांग करता है। तथा सभी लाभों के साथ सर्किल रेट का 4 गुना मुआवजा देने की मांग करता है। यदि प्राधिकरण को किसानों की जमीन की जरूरत नहीं है तो उनकी जमीन किसानो के नाम पर वापस कर दी जाएं। वहीं मुख्यमंत्री ने चोला अधिग्रहण मामले में टीम गठित करने के लिए निर्देशित कर जल्द समस्या के समाधान कराने का भरोसा दिया है।

# नोएडा-दिल्ली के 13 बार्डर पर मॉकड्रिल

**नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। इमरजेंसी के दौरान कभी दिल्ली से सटे बार्डर को सील करने की आवश्यकता हो या कोई अन्य आपदा आए। इस दौरान बार्डर को त्वरित रूप से कैसे सील किया जाए। किस तरह से जांच अभियान चलाया जाए। इसको लेकर एक ड्रिल का आयोजन किया गया। ये ड्रिल दिल्ली से सटे सभी 13 बार्डर पर चलाया गया। इस दौरान हरिदर्शन चौकी से लेकिन चिल्ला बार्डर, झुंडपुरा बार्डर आदि पर बैरिकेट करके वाहनों की जांच की गई।

डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि ये ड्रिल पहली बार हो रही है। आगे भी इस तरह की ड्रिल होती रहेगी। जिसमें सभी 13 बार्डर को एक साथ सील किया गया और यहां जांच की गई। अभियान शाम छह से रात आठ बजे तक किया गया। इस दौरान चार पहिया वाहन दो पहिया वाहनों की जांच की गई। वाहनों का जाम न लगे इसके




**■ पुलिस ने बार्डर को सील कर जांच की, इमरजेंसी के दौरान की प्रैक्टिस**

लिए सावधानी भी बरता गया। लेन खोलकर वाहनों को पास कराया गया।

ड्रिल के दौरान डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी समेत थानों की पुलिस बार्डर पर मौजूद रही। अलग-अलग टीम बनाकर अलग अलग बार्डर पर पहुंची और ड्रिल की शुरुआत की। इस दौरान लोगों को यातायात के प्रति जागरूक भी किया गया। साथ ही दिल्ली पुलिस के साथ समनव्य भी बनाया गया। ताकि जाम की स्थिति न बने। ये ड्रिल अचानक की गई ताकि इमरजेंसी के दौरान के हालातों को समझा जा सके।

# बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

**■ बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग की गई**

**खोड़ा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल वैशाली महानगर के तत्वावधान में शनिवार को पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नाम पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन को ज्ञापन दिया। सुबह दस बजे बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं का मोहन नगर मंदिर के समीप एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी की गई। वहां से सैकड़ों की तादात में पदयात्रा कर चलते हुए मोहन नगर तिराहे तक विरोध विरोध प्रदर्शन करने के उपरांत पुलिस उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा कि वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल हिंसा की आग में जल रहा है। हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। राष्ट्र और हिन्दू विरोधी तत्वों को




निर्बाध रूप से षडयंत्रों को क्रियान्वित करने छूट दी जा रही है। बंगाल की स्थिति दयनीय हो गई है। मुर्शिदाबाद से फैली हिंसा ने पूरे बंगाल को आगोश में ले लिया। शासकीय तंत्र दंगाइयों के सामने निष्क्रिय ही नहीं बल्कि सहायता देकर प्रेरित किया जा रहा है।स्थित अनियंत्रित होने से पहले केंद्र सरकार को प्रशासनिक नियंत्रण और संचालन हाथ में लेकर राष्ट्रविरोधी तत्वों को कठोर सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए। मुस्लिम संगठनों द्वारा वक्फ कानून के विरोध की आड़ में किया जाने वाला प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं बल्कि हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में किया जा रहा है। हिंदू समाज की कानून निर्माण में कोई भूमिका नहीं है। यह कानून संवैधानिक प्रक्रिया के तहत बना है। जेहादी भीड़ ने मुर्शिदाबाद में दो सौ हिन्दुओं के घरों व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को लूटकर तीन चार लोगों की निर्मम हत्या की गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी संघीय ढांचे को ध्वस्त करके वोट बैंक की राजनीति कर रही है। बंगाल में राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में है। बांग्लादेशी रोहिंग्या को शरण देकर आतंकवादी संगठनों को पनाह दिया जा रहा है। बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करके दंगों की जांच एन आई ए से कराने की मांग की है।मौके पर विहिप वैशाली महानगर अध्यक्ष डॉक्टर ब्रह्माकुमार गुप्ता विभाग संयोजिका हेमा संयोजक कैलाश

सहमंत्री राहुल सिसोदिया, मनु कौशिक, धर्म प्रसार दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक, मनोज गुप्ता, कैलाश राठौरिया, ऋतुराज, शारदा, धीरज भारद्वाज, बादल, अक्षत, विशाल शर्मा, हुकुम सिंह, प्रवीण नागर, अनिल प्रजापति, अमित पाराशर, एच एस डांगरी, सोनी त्यागी, आशीष, निशीथ पाठक, सुंदर सिंह, डीएस बिष्ट, तिलकराज, यशराज एवं कई प्रखंडों समितियों के पदाधिकारी एवं सैकड़ो की तादाद में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार बर्खास्त करने की मांग को लेकर विहिप-बजरंगदल का प्रदर्शन

**गाजियाबाद,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार के समर्थन से इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू समाज पर हो रहे लक्षित क्रूरतापूर्ण हमलों के विरोध में विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के कलक्ट्रेट पर आक्रोश प्रदर्शन किया। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग तथा महानगर प्रचार प्रमुख अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में अनेक कार्यकर्ता आरडीसी स्थित केनरा बैंक के सामने (फ्लाइओवर के नीचे) से एकत्र हुए तथा वहां से पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में विहिप अध्यक्ष आलोक गर्ग, डॉ. राजीव गोयल, महंत जीवन ऋषि जी, धुरेंद्र गोयल, डॉ. सुरेन्द्र गुप्ता, रवि दत्त कौशिक, मुदित शर्मा, राजीव शर्मा, संजीव मित्तल साजू, दीपक यादव, सुभाष बजरंगी, अश्विनी शर्मा, गौरव सिंह, विवेक गोस्वामी, नवीन गौतम, प्रबल गुप्ता, अमित त्यागी, अतुल त्यागी, महानगर कार्यवाह अभिषेक सचदेवा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




**■ जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

उवाच

इस संस्करण ने गतिशील सोर्सिंग की ताकत को रेखांकित किया और हमने पूरे आयोजन में आगंतुकों की एक लगातार ना रुकने वाली जीवंत धारा देखी। दुनिया भर के अंतरराष्ट्रीय खरीदारों, खरीद एजेंटों और प्रमुख घरेलू खुदरा विक्रेताओं के साथ, स्थायी शोरूम में 900 प्रदर्शकों के साथ विशाल हॉल में 3,000 से अधिक प्रदर्शकों, क्यूरेटेड थीम प्रस्तुतियों, लाइव शिल्प प्रदर्शनों और कई मूल्य संवर्धित सुविधाओं के साथ जुड़े : **डॉ. राकेश कुमार, ईपीसीएच महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक व आईईएमएल अध्यक्ष।**

# कैपिटल ज़ोन

# खेल परिसर में बेहतर जल निकासी के लिए आरसीसी ड्रेन का होगा निर्माण

- **क्रिकेट स्टेडियम की आंतरिक नालियों को स्टील से किया जाएगा कवर**
- **अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार अन्य सुविधाएं बढ़ाने की तैयारी**
- **गेटों को नए तरीके से डिजाइन कर सौंदर्यीकरण किया जाएगा**



**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में बेहतर जल निकासी के लिए आरसीसी ड्रेन व पुलिया का निर्माण किया जाएगा। ईंट की ड्रेन खराब हो चुकी है। क्रिकेट स्टेडियम के आंतरिक हिस्से में नाली के ऊपर स्टील के कवर लगाए जाएंगे। इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार किया गया है।

दरअसल 38 एकड़ में फैले शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में जल निकासी की मौजूदा व्यवस्था ज्यादा अच्छी नहीं है। पूरे खेल परिसर का पानी जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स के कावेरी गेट की तरफ निकलता है। पास में स्थित नवादा गांव का पानी भी आता है। ऐसे में वर्षों पहले निर्मित ईंट की ड्रेन खराब हो चुकी है, जिसकी वजह से जल निकासी में दिक्कत पैदा हो रही है। बीते साल सितम्बर माह में अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच क्रिकेट मैच के दौरान बारिश होने पर मैदान में पानी जमा हो जाने से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किरकिरी हुई थी। अव्यवस्थाओं की पोल खुल गई थी। इसको देखते हुए जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की तैयारी चल रही है। अधिकारी ने बताया कि विकास कार्य को लेकर जो प्रस्ताव तैयार किया गया है, उसके मुताबिक ईंट की जगह पर आरसीसी ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। ड्रेन को जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स के कावेरी गेट के साथ वाईएमसीए बिल्डिंग की तरफ स्थित बड़े नाले से भी जोड़ा जाएगा। अभी एक ही डिस्चार्ज प्वाइंट है, जिसकी वजह से पानी निकलने में समय लग जाता है। दूसरे ईंट की ड्रेन में पेड़ों की जड़ व मिट्टी जमा हो जाने से भी दिक्कत होती है। आपात स्थिति से निपटने के लिए पंप सेट की भी व्यवस्था होगी। बाहरी हिस्से में पुलिया निर्माण किए जाने की योजना है।

**चार गेटों को संवारने का काम किया जाएगा**

खेल परिसर के चारों गेटों को नए सिरे से संवारने का काम किया जाएगा, ताकि यहां आने वाले खिलाड़ियों और दर्शकों को अच्छी अनुभूति हो सके। खेल की थीम पर सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

**खेल परिसर को उत्कृष्टता केंद्र बनाने की तैयारी**

इस खेल परिसर को सेंटर फॉर एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) बनाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए रुचि की अभिव्यक्ति (आरएफपी) जारी करने पर प्राधिकरण बोर्ड ने मुहर लगा दी है। यहां लॉन टेनिस, बॉस्केट बॉल, बैडमिंटन, स्केटिंग, फुटबॉल, क्रिकेट व मल्टी जिम आदि खेलों की सुविधाएं उपलब्ध हैं। वर्तमान समय में सिर्फ सदस्यों के लिए निर्धारित शुल्क के भुगतान पर खेल सुविधाओं का उपयोग करने का प्रावधान है। आम लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। खेल एकेडमी न होने के कारण सदस्यों व आमजन को खेलों का लाभ नहीं मिल पा रहा। इसे ध्यान में रखते हुए ही शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर को उत्कृष्टता केंद्र बनाए जाने की तैयारी है। इसमें निजी क्षेत्र का सहयोग लिया जाएगा।

> शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में जल निकासी सहित सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया जाएगा। टेनिस कोर्ट के सौंदर्यीकरण का काम पूरा हो चुका है। यहां उपलब्ध सभी खेल सुविधाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर मानकों के अनुसार तैयार किया जाएगा।
> अभिषेक पाठक, ओएसडी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।

## एक राष्ट्र-एक चुनाव होने से भारत की अर्थव्यवस्था में होगा सुधार



- **गलगोटिया विश्वविद्यालय में वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर संगोष्ठी आयोजित**

**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। गलगोटिया विवि में एक राष्ट्र-एक चुनाव विष्य पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद अपेक्षा थी कि देश तेजी से विकसित होगा, परंतु नीतियों के देरी से क्रियान्वयन और औपनिवेशिक प्रशासनिक प्रणाली के कारण ऐसा नहीं हो सका। लेकिन वर्तमान में यह समय की मांग है कि हम वन नेशन, वन इलेक्शन' के जरिये भारत को विश्व पटल पर अग्रणी भूमिका में लेकर आयें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की 20वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा का उल्लेख किया और कहा कि आने वाले वर्षों में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक साथ पूरे देश में चुनाव होने से चुनावों पर खर्च होने वाली राशि को देश के विकास में लगाया जा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा चुनावी प्रणाली में सुधार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव को विकास का धुरी बताया। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक सेल के सदस्य हबीब हैदर ने विधायक से कहा कि यदि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को सफलतापूर्वक लागू किया जाए, तो भारत एक ऐसा विकसित देश बन सकता है, जहां लोग पढ़ाई और नौकरी के लिए विदेश जाने के बजाय भारत आने की इच्छा रखेंगे। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए पूर्व एमएलसी सतीश शर्मा ने भारत की औपनिवेशिक स्थिति और स्वतंत्रता के बाद उसे पुन: सशक्त बनाने संबंधी चुनौतियों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव होने से सरकार को पूरे पांच वर्षों तक केवल विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिलेगा और बार-बार चुनावी रणनीति बनाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे सरकार और का पैसा बचेगा और वह विकास में खर्च हो पाएगा। विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने विधि और मीडिया अध्ययन के छात्रों को चर्चा में भाग लेने और अपने विचार वक्ताओं के समक्ष रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने भी संबोधित किया। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के नवनिर्मित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस भवन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र और शिक्षक मौजूद रहे।

## मिगसन ग्रीन मेंशन सोसाइटी के फ्लैट खरीदारों को जल्द मिलेगा मालिकाना हक

- **प्रदेश के मुख्य सचिव की मौजूदगी में रजिस्ट्री हैंडओवर समारोह 27 को**
- **इसी के साथ 541 फ्लैटों की रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी**

**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के सेक्टर सूरजपुर साइट-सी स्थित मिगसन ग्रीन मेंशन सोसाइटी के 541 फ्लैट खरीदारों को जल्द मालिकाना हक मिल जाएगा। 27 अप्रैल को प्रदेश के मुख्य सचिव की मौजूदगी में रजिस्ट्री हस्तांतरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसी के साथ रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बिल्डर प्रबंधन द्वारा बकाया राशि का पूरा भुगतान किए जाने पर यूपीसीडा ने कुछ दिन पहले ही पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया था। रजिस्ट्री हस्तांतरण समारोह की तैयारी शुरू होने से फ्लैट खरीदारों में खुशी का माहौल है। मालिकाना हक के लिए वर्ष 2016 से इंतजार कर रहे थे। बिल्डर ने स्वीकृत नक्शे से अधिक फ्लैटों का निर्माण कर दिया था। मिगसन ग्रुप के संस्थापक सुनील मिगलानी ने 27 अप्रैल को रजिस्ट्री हस्तांतरण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह मुख्य अतिथि होंगे। समारोह के दौरान फ्लैट मालिकों को उनकी संपत्ति की रजिस्ट्री औपचारिक रूप से सौंपी जाएगी। जल्द से जल्द सभी फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री संपन्न कराने का प्रयास रहेगा। सोसाइटी के निवासी शैलेंद्र सिंह ने बताया काफी लंबे समय से रजिस्ट्री नहीं होने के कारण खरीदारों को मालिकाना हक नहीं मिल पा रहा था। अब रजिस्ट्री की राह खुल गई है, जिससे सोसाइटी निवासी खुश हैं। अब जल्द ही यूपीसीडा रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू करेगा।

## होम वायर्स ने सुपरटेक गोल्फ कंट्री में किया प्रदर्शन

- **करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी नहीं मिला आशियाना**
- **सुपरटेक गोल्फ कंट्री में हजारों घर खरीदारों का भविष्य अंधकार में**




**रबूपुरा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत यीडा के सेक्टर 22 डी में निर्माणधीन सुपरटेक गोल्फ कंट्री में शनिवार को सैकड़ो होम वायर्स ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। घर खरीदारों का आरोप है जीवन भर की कमाई घर खरीदने में लगा दी लेकिन वर्षों बाद भी अपना आशियाना पाने को भटक रहे हैं। मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक घर पाने की गुहार लगा चुके पीड़ित अब आंदोलन की राह चलने को विवश हैं। राजीव गौतम, अरुण त्यागी, दिनेश राय, मीता अग्रवाल, विशाल जस्सल, विभय सिंह आदि ने बताया कि सुपरटेक गोल्फ कंट्री प्रोजेक्ट 2011-12 में लॉन्च हुआ था और घर खरीदारों ने अपने घर बुक करवाए थे। पंजाब - सिंध प्रोजेक्ट को एनसीएलटी में जुलाई 2024 में लेकर चला गया। अब बैंक की मनमानी की वजह से घर खरीदारों का भविष्य अंधकार में आ गया है। बैंक प्रोजेक्ट को बेचकर अपना पैसा वसूलने के साथ ही घर खरीदारों के क्लेम को कम करने का प्रयास कर रहा है। बताया कि अभी तक 947 होम बायर्स ने क्लेम भरा है। जब की प्रोजेक्ट में कुल लगभग 2950 होम बॉयर है। बाकी होम सीओसी उमेश सिंघल भरवाने के लिए होम बायर्स को फोन, व्हाट्सऐप और मेल करवाएंगे। जिससे कि सभी होम बायर्स का क्लेम भरा जा सके और बैंक प्रोजेक्ट को बेच न पाए। पंजाब सिंध बैंक होम बायर्स को सीओसी मीटिंग में बैठने नहीं देते हे। 20 मार्च 2025 को सुपरटेक गोल्फ कंट्री यमुना एक्सप्रेस वे की पहली सीओसी मीटिंग सुपरटेक ऑफिस में हुई जिसमें पंजाब-सिंध लीड बैंक ने घर खरीदारों जो अपने हक के लिए मांग कर रहे थे उनके क्लेम व उनको हटाने की बात कही, एवं होम बायर्स को बीच मीटिंग से बाहर निकलवा दिया। होम बायर्स ने इसका प्रोटेस्ट किया। होम बायर्स दिनेश राय, योगेश चोपड़ा, राजीव गौतम, विशाल जस्सल, नवीन पाल सिंह कुछ होम बायर्स के साथ सी ओ सी की मीटिंग अटेंड कर रहे थे, उन्होंने बताया कि 2023 से घर की मांग कर रहे है। सारा पैसा बिल्डर को देने के बावजूद प्रोजेक्ट में मूलभूत सुविधाएं अधूरी हैं तथा उनकी पोजेशन, रजिस्ट्री अभी तक नहीं हुई। जिस समय बिल्डर घर बेच रहे थे उस समय बैंक और यीडा कहां थे वह अपना पैसा तब क्यों नहीं ले रहे थे प् अथॉरिटी ओसी या सीसी क्यों नहीं मुहैया कराती है ताकि लोग नक्शा पास करवा सके और अपना घर बनवा सके व रजिस्ट्री हो सके। यीडा ने प्रोजेक्ट के आसपास सेक्टर 22डी की रोड तक नहीं बनाई हुई, बिजली पानी की कोई सुविधा नहीं है जबकि यीडा कहता है कि भविष्य यहां हैं। खरीदारों ने सरकार से न्याय की गुहार लगाते हुए अन्यथा की स्थिति में व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी।

## एनबीसीसी और गौड़ बिल्डर के खिलाफ आम्रपाली के पीड़ित घर खरीदारों किया प्रदर्शन



- **लोगों ने पूरे मामले की सीबीआई और ईडी से जांच कराने की मांग की**

**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। आम्रपाली के पीड़ित घर खरीदार जिनके फ्लैट कैंसिल कर दिए गए थे उन लोगों ने आम्रपाली सेंचुरियन पार्क के टेकजोन-चतुर्थ स्थित एस्पायर एनबीसीसी के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट, जहां गौरसंस की तरफ से काम शुरू किया गया है वहां पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। पीड़ित घर खरीदार का कहना था कि एक तरफ एनबीसीसी वाले फंड की कमी का हवाला देकर हमारे एक दशक से ज्यादा समय से फंसे हुए फ्लैट को कैंसिल कर रहा है और दूसरी तरफ गौर बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए काफी कम दाम में प्रोजेक्ट लॉन्च करके दे दिया गया है और गौरसंस उसे काफी महंगे रेट पर बेच रहा है। लोगों का साफ-साफ कहना था कि एनबीसीसी और गौड़ बिल्डर को जितने भी प्रोजेक्ट मिले हैं इसकी सीबीआई और ईडी से जांच होनी चाहिए, क्योंकि इसमें काफी बड़े स्तर पर धांधली हुई है। प्रदर्शन में शामिल निवासियों ने यह बताया कि विगत दिनों एनबीसीसी के द्वारा टेंडर जारी करके सेंचुरियन पार्क का प्रोजेक्ट गौर संस को दिया गया था, जिसमें आक्शन का रेट हाल में बेचे गए आम्रपाली के ही दूसरे प्रोजेक्ट गोल्फ होम्स से काफी कम रखा गया था। जिसके कारण गौर बिल्डर 7200/ रूपए प्रति स्क्वायर फीट में लेकर मार्केट में 10000/ प्रति स्क्वायर फीट बेच रहा है। जिसके कारण लगभग 3000 प्रति स्क्वायर फीट का सीधा-सीधा फायदा बिना कुछ किए गौर संस को हो रहा। पीड़ित घर खरीदार महेश शर्मा का कहना है कि हम लोग पिछले 15 साल से अपने घर के लिए इंतजार कर रहे हैं दूसरी तरफ हमारे ही फ्लैटों को कैंसिल करके नए लोगों को घर भेज दिया जा रहा है आखिर हम जाएं तो कहां जाए। हमें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है और हम चाहते हैं कि इस भ्रष्टाचार की सीबीआई और ईडी से जांच होनी चाहिए। खरीदार साकेत शुक्ला का कहना है कि कोर्ट रिसीवर कार्यालय में जो स्टाफ होते हैं उनका रवैया बहुत ही खराब रहता है, जितनी भी बार जाओ कभी काम नहीं होता है और हर बार अगले सप्ताह आने कहा जाता है। आखिर सुप्रीम कोर्ट मॉनिटरिंग प्रोजेक्ट में इस तरह का हालात क्यों है।

## 'वक्फ बिल के विरोध में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को बना रहे निशाना'

- **विहिप गौतम बुद्ध नगर ने राष्ट्रपति के नाम पत्र लिखकर दिया ज्ञापन**



**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। वक्फ कानून के विरोध के नाम पर पश्चिम बंगाल में फैली हिंसा और हिंदू समाज पर हो रहे हमलों के खिलाफ शनिवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि मुर्शिदाबाद से शुरू हुई हिंसा अब पूरे बंगाल में विकराल रूप धारण कर चुकी है। मुस्लिम उन्मादी भीड़ ने हिंदुओं के घरों, दुकानों में लूटपाट और आगजनी कर सैकड़ों लोगों को घायल कर दिया, जबकि कई निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी गई। हिंसा के डर से सैकड़ों हिंदू परिवार पलायन को मजबूर हैं। संगठन ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार दंगाइयों पर कोई कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दे रही है। इस दौरान प्रांतीय अधिकारी विवेक त्रिपाठी,प्रचार टोली सदस्य, मेरठ प्रांत, जिला एवं प्रखंड कार्यकारणी के सानिध्य में जिला अध्यक्ष विनय चौधरी विश्व हिंदू परिषद, जिला सह मंत्री- विवेक राजपूत और फतह नगर एवं कार्यकर्ताओं के साथ दुर्गा वाहिनी से जिला संयोजिका नीतू वर्मा को लेकर जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर को सौंपा गया, इसमें संगठन के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस ने शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी स्थिति से निपटने के लिए किया अभ्यास



**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। आगामी त्योहार और वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर सीपी शिवहरी मीणा एलओ, एडिशनल सीपी, हेड्क्वाटर अजय कुमार, के नेतृत्व बलवा मॉकड्रिल अभ्यास किया गया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण उपकरण- हैलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, केनशील्ड, डंडा, शीन गार्ड, नीगार्ड, एल्बो गार्ड, लाउड हैलर आदि अन्य आवश्यक उपकरणों को कैसे धारण किया जाये और उनका उपयोग कैसे किया जाए की विधि के संबंध में विस्तारपूर्वक ब्रीफ किया गया। बलवा ड्रिल का अभ्यास के लिए 9 टीमे और एलआईयू, सिविल पुलिस, अग्निशमन पार्टी, आंसू गैस पार्टी, लाठी पार्टी, फायरिंग पार्टी, रिजर्व पार्टी, मेडिकल टीम, फोटोग्राफीध्वीडियोग्राफी पार्टी बनाकर बलवा ड्रिल व दंगा निरोधक उपकरणों से दंगाइयों को रोकने का अभ्यास कराया गया। दंगा नियंत्रण योजना के अंतर्गत लेथल वैपन जैसे 5.56 इंसास रायफल, 7.62 एसएलआर रायफल, ए.के. 47, रिवाल्वर, 9एमएम पिस्टल, ग्लाक पिस्टल, 9एमएम एम0पी0-5 गन आदि शस्त्रों के संचालन और उनकी उपयोगिता के संबंध में ब्रीफ किया गया एवं हैण्डलिंग का अभ्यास कराया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति, विशेषकर दंगा या असामाजिक भीड़ के नियंत्रण में पुलिस बल की तत्परता, दक्षता व संयमित बल प्रयोग की रणनीति को समझाना था।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# आईएचजीएफ दिल्ली मेला-स्प्रिंग का समापन

- **लगभग बाइस सौ करोड़ का हुआ कारोबार**
- **12 श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दिया गया पुरस्कार**



**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित आईएचजीएफ दिल्ली फेयर-स्प्रिंग 2025 के 59वें संस्करण का समापन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल थे साथ में मुरादाबाद, यूपी के मेयर विनोद अग्रवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ईपीसीएच के चेयरमैन दिलीप बैद ने कहा कि आईएचजीएफ दिल्ली मेले का स्प्रिंग 2025 संस्करण चार दिनों तक चली जीवंत गतिविधियों और सार्थक व्यावसायिक कारोबारी संवाद और संबंधों के बाद संपन्न हुआ। मेले में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ब्रांड, प्रमुख आयातक, अग्रणी थोक विक्रेता और विदेशों से स्वतंत्र खरीदार, साथ ही भारत से सोर्सिंग एजेंट और प्रमुख खुदरा विक्रेता शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान, आयोजन स्थल खरीदारों की पूछताछ, ऑर्डर फाइनल करने और सैंपल चयन से गुलजार रहा, जिससे आने वाले सोर्सिंग सीजन के लिए मंच तैयार हो सका है। ईपीसीएच महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि इस संस्करण ने गतिशील सोर्सिंग की ताकत को रेखांकित किया और हमने पूरे आयोजन में आगंतुकों की एक लगातार ना रुकने वाली जीवंत धारा देखी। दुनिया भर के अंतरराष्ट्रीय खरीदारों, खरीद एजेंटों और प्रमुख घरेलू खुदरा विक्रेताओं के साथ, स्थायी शोरूम में 900 प्रदर्शकों के साथ विशाल हॉल में 3,000 से अधिक प्रदर्शकों, क्यूरेटेड थीम प्रस्तुतियों, लाइव शिल्प प्रदर्शनों और कई मूल्य संवर्धित सुविधाओं के साथ जुड़े। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर. के. वर्मा ने कहा कि लगभग 5800 विदेशी खरीदार, 112 देशों के खरीद प्रतिनिधियों ने मेले का दौरा किया, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 2200 करोड़ रुपये का व्यवसाय हुआ। इसके अलावा, 1000 से अधिक घरेलू मात्रा के खरीदार भी मेले में शामिल हुए।

**सर्वश्रेष्ठ डिजाइन डिस्प्ले के लिए अजय शंकर व पीएन सूरी मेमोरियल पुरस्कार**

इस दौरान सर्वश्रेष्ठ डिजाइन डिस्प्ले के लिए अजय शंकर और पी एन सूरी मेमोरियल पुरस्कार 12 उत्पाद श्रेणियों में दिए गए, जिनमें लैंप, लाइटिंग और एसेसरीजय होम फर्निशिंग और मेड अप्सय फैशन ज्वेलरी और एसेसरीजय कॉर्पोरेट उपहार सहित सजावटी उपहार, बाथरूम एसेसरीज, मोमबत्ती, अगरबत्ती, पोटपुरी, मेडिकेशन और एरोमैटिक्स, हस्तनिर्मित कागज, सॉफ्ट टॉय सहित गिफ्ट रैप्स और रिबन, सस्टेनेबल उत्पाद, हाउसवेयर, टेबल और सजावटी उत्पाद, फर्नीचर, फर्नीचर हार्डवेयर और घरेलू सामानय क्रिसमस और फेस्टिव डेकोरेशन, कालीन, रग्स और फ्लोरिंग कवरिंगय फ्लोर कवरिंग और रग्स। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर. के. वर्मा ने बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान हस्तशिल्प का अनुमानित अस्थायी (प्रोविजनल) निर्यात 33,490.79 करोड़ रुपए (3959.86 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का रहा।





ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Prateek Sahkari Awas Samiti Ltd., के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या-167, Sector-Phi-03, Greater Noida क्षेत्रफल 112.05 वर्ग मीटर, Mr. Arun Anand S/o Shri M.M. Anand & Mrs. Rekha Anand W/o Shri M.M. Anad के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। सह आवंटी Mrs. Rekha Anand की मृत्यु दिनांक 18.05.2024 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रूप से मूल आंवटी ने अपने Mr. Arun Anand S/o Shri M.M. Anand ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में सह आवंटी Mrs. Rekha Anand के स्थान पर पूर्ण रूप से मूल आवंटी Mr. Arun Anand S/o Shri M.M. Anand के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।
विशेष कार्याधिकारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AWHO, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-3-L-801, 8th Floor, सैक्टर-Chi-I, Builder's Area, P-5, Greater Noida क्षेत्रफल 172.86 वर्ग मीटर, Col. Ajay Kumar Bhattacharji (Retd) S/o Maj.Gen. J.R. Bhattacharji के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Col. Ajay Kumar Bhattacharji की मृत्यु दिनांक 18.08.2024 को हो जाने के उपरान्त उनके स्थान पर उनकी पत्नी ने अपने Mrs. Jyotsna Bhattacharji W/o Late Col. Ajay Kumar Bhattacharji ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Col. Ajay Kumar Bhattacharji के स्थान पर उनकी पत्नी Mrs. Jyotsna Bhattacharji W/o Late Col. Ajay Kumar Bhattacharji के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।
विशेष कार्याधिकारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# साहित्य



उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ

# सुर से प्यार करने वाला इंसान बड़ी ख़ूबियों का हासिल होता है

■ ज़ाहिद ख़ान

भारतीय शास्त्रीय संगीत में उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ की पहचान एक दिग्गज गायक के रूप में है। भारतीय शास्त्रीय संगीत और सुगम संगीत की दुनिया में बड़े-बड़े गायक हुए, मगर ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब को दुनिया भर में जो नाम, शोहरत और एहतिराम मिला उसका कोई मुक़ाबला नहीं। यहां तक कि उनके समकालीन उन्हें तानसेन का मर्तबा देते थे। महान सितारवादक पंडित रविशंकर ने अपनी आत्मकथा 'राग अनुराग' में ग़ुलाम अली ख़ाँ की गायकी की अज़्मत को बयां करते हुए एक जगह लिखा है, ''उन जैसा, ठीक उन जैसा और कोई मुझे कभी नहीं लगा। रबीन्द्रनाथ के शब्दों में सभाभंग के काशीनाथ के समान सिर्फ़ सात सुर ही नहीं, बारहों सुर भी उनके पालतू पक्षी थे। स्वरों पर इस तरह का कंट्रोल किसी के कंठ में आज तक मैंने नहीं देखा है महाशय !'' (किताब-'राग अनुराग', लेखक-पं. रविशंकर, प्रकाशक-राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, पेज-125) अपने स्वरों पर वाक़ई उनका अद्भुत नियंत्रण था। पटियाला घराने की ख़ासियत जो द्रूत तैयारी के साथ तान है, उसे उन जैसा आज तक कोई नहीं गा सका है। सुरों से मुहब्बत करते हुए, वे जज़्बात में कुछ इस क़दर बह जाते थे कि उन्हें अपना भी होश नहीं रहता था।

ग़ुलाम अली ख़ाँ, मुल्क के एक मशहूर मौसीक़ी घराने, पटियाला घराने से तअल्लुक़ रखते थे। बीसवीं सदी के आग़ाज़ 2 अप्रैल, 1901 को अविभाजित भारत के कसूर में, जो कि अब पाकिस्तान में है, उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब की पैदाइश हुई। उस ज़माने में कसूर मौसीक़ी, आर्ट और तहज़ीब के लिए पूरे देश में मशहूर था। ख़ाँ साहब ने पांच बरस की उम्र से अपने वालिद अली बख़्श ख़ाँ और अपने चचा फ़तेह अली ख़ाँ, काले ख़ाँ से सारंगी व ख़्याल गायकी की इब्तिदाई तालीम ली और शुरुआत के पहलू-ताल, अंतरे और स्थाइयाँ सीखीं। वे घंटो इसका रियाज़ करते। इस हद तक कि उन्हें लोग बावला और पागल तक समझते थे। अपनी बेइंतिहा लगन और जुनून के दम से ग़ुलाम अली ख़ाँ ने ज़ल्द ही ख़्याल गायकी पर महारथ हासिल कर ली। और शास्त्रीय संगीत के पटियाला घराने की परंपरा को मुल्क में आगे बढ़ाया। उनके तीनों भाई उस्ताद मुबारक अली ख़ाँ, उस्ताद बरकत अली ख़ाँ और उस्ताद अमानत अली ख़ाँ भी कसूर-पटियाला घराने के बड़े गायक थे। लेकिन गायकी के मैदान में जो शोहरत उस्ताद ग़ुलाम अली ख़ाँ को मिली, उसका कोई मुक़ाबला नहीं। उन्होंने मालकौंस, जयजयवंती, कमोद, केदार, भैरवी और पहाड़ी जैसे रागों को अलग आयाम और नये मायने दिए। उनकी आवाज़ में एक अलग ही कशिश थी, जो लोगों को अपनी ओर खींचती थी। अपनी पुर-कशिश आवाज़ में जब वे गाते थे, तो लोग वाह-वाह कर उठते थे।

उस्ताद ग़ुलाम अली ख़ाँ के गायन का अंदाज़ निराला था। वे सभी रागों के गायन में माहिर थे। चाहे वह दक्षिण का हो, पूरब, या फिर पंजाब का हो। अलबत्ता राग की शुद्धता का ज़रूर ख़्याल रखते थे। अस्थाई-अंतरे को भरना, राग को राग के मुताबिक गाना उनकी गायकी की ख़ासियत थी। वे ख़ामख़्वाह को विलंबित और ख़ामख्वाह के राग से वक़्त ज़ाया नहीं करते थे। उन्होंने ख़्याल गायन को इतना ज़बरदस्त और ख़ूबसूरत बनाया कि लोग उनके गायन के दीवाने हो गए। शास्त्रीय संगीत, ठहराव मांगता है। इसको सुनने के लिए श्रोताओं के पास न सिर्फ़ समय और धैर्य होना चाहिए, बल्कि संगीत की एक समझ भी लाज़िमी है। जबकि ग़ुलाम अली ख़ाँ इस बात को लेकर रज़ामंद थे कि ''शास्त्रीय संगीत की सुंदरता उसके तात्कालिक प्रदर्शन में है, लेकिन परंपरा के विपरीत उनका मानना था कि श्रोता ज़रूरत से ज़्यादा लंबी प्रस्तुतियों को पसंद नहीं करेंगे।'' (किताब-सुर के सितारे, लेखक-अमजद अली ख़ान, प्रकाशक-पेंगुइन बुक्स गुड़गाँव, पेज-14) यही वजह है कि श्रोताओं की पसंद को ध्यान में रखकर, उन्होंने हर राग की अवधि और प्रस्तुतिकरण का फ़ैसला किया। अलबत्ता उनके इस फ़ैसले की सभी ने हिमायत नहीं की। ख़ास तौर से शास्त्रीय संगीत के शौक़ीनों को लगता था कि उन्हें इस राग को सुनने के लिए जो तृप्ति मिलना चाहिए, वह नहीं मिली। जबकि ग़ुलाम अली ख़ाँ उस राग को लंबे समय तक गा सकते थे, लेकिन गाते नहीं थे। ग़ुलाम अली ख़ाँ का तक़रीबन सारा संगीत रिकॉर्ड है। उनकी तीन-तीन मिनट की छोटी-छोटी रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं, जिसमें उन्होंने बड़ी ही तल्लीनता से मुख़्तलिफ़ रागों को गाया है।

> उस्ताद ग़ुलाम अली ख़ाँ के गायन का अंदाज़ निराला था। वे सभी रागों के गायन में माहिर थे। चाहे वह दक्षिण का हो, पूरब, या फिर पंजाब का हो। अलबत्ता राग की शुद्धता का ज़रूर ख़्याल रखते थे। अस्थाई-अंतरे को भरना, राग को राग के मुताबिक गाना उनकी गायकी की ख़ासियत थी। वे ख़ामख़्वाह को विलंबित और ख़ामख्वाह के राग से वक़्त ज़ाया नहीं करते थे। उन्होंने ख़्याल गायन को इतना ज़बरदस्त और खूबसूरत बनाया कि लोग उनके गायन के दीवाने हो गए। शास्त्रीय संगीत, ठहराव मांगता है।

उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ ने ख़्याल गायन को वह ऊंचाईयां प्रदान की कि अपने समय में हर एक उनकी गायकी का दीवाना था। यहां तक की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी उनकी गायकी के मद्दाह थे। आज़ादी के बाद हुए एक सार्वजनिक आयोजन में ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब के गायन को सुनने के बाद, गांधी जी ने न सिर्फ़ उनकी उस वक़्त खुलकर तारीफ़ की, बल्कि बाद में उन्हें एक प्रशंसा भरा ख़त भी लिखा। गोहर जान के बाद उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ, देश में दूसरे ऐसे गायक थे, जिन्होंने अपने गायन की रिकॉर्डिंग कराई। शास्त्रीय संगीत से उन्होंने आम लोगों को इस तरह वाक़िफ़ कराया, जैसे कि वह लोकप्रिय संगीत हो। ग़ुलाम अली ख़ाँ की ठुमरी, दादरा बेमिसाल थी। ठुमरी को उन्होंने एक नई पहचान दी। वे जब एक बेहतरीन अंदाज़ में ठुमरी पेश करते, तो लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे। ठुमरी को आम अवाम के बीच जो मक़बूलियत मिली, उसमें उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब का भी बड़ा रोल है। भारतीय शास्त्रीय संगीत में ठुमरी के दो अंग हैं, पूरब और पंजाब। ग़ुलाम अली ख़ाँ इन दोनों ही अंगों की नुमाइंदगी करते थे। 'तोरी तिरछी नज़रिया के बाण', 'प्रभु मोरी नैया पार करो', 'का करूँ सजनी आये न बालम', 'जमुना के तीर', 'याद पिया की आये', 'अब न मानत श्याम', 'नैना मोरे तरस गए आजा बलम' और 'रस के भरे तोरे नयना' उस्ताद ग़ुलाम अली ख़ाँ की गायी हुई कुछ बेमिसाल ठुमरियाँ हैं, जो आज भी बड़े चाव से सुनी जाती हैं। यही नहीं उन्होंने भजन भी गाये। राग पहाड़ी में गाया हुआ उनका एक भजन 'हरिओम तित सत जपा कर' ख़ूब मक़बूल हुआ। एक दौर था, जब उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ के गायन का चर्चा पूरे मुल्क में होता था। फ़िल्मी दुनिया ने भी कई मर्तबा उनके सामने फ़िल्मों में गाने के लिए पेशकश की, लेकिन वे इसे ठुकराते रहे। के.आसिफ़ की क्लासिक फ़िल्म 'मुग़ल-ए-आज़म' में उन्होंने अपनी शर्तों पर दो ठुमरी 'प्रेम जोगन बन के' और 'शुभ दिन आयो राज दुलारा' गायीं, जो आज भी लोगों के ज़ेहन में बसी हुई हैं। राग सोहनी और रागेश्वरी में गायीं इन ठुमरियों का कोई जवाब नहीं। इन ठुमरियों को सुनो, तो ऐसा लगता है कि ख़ुद तानसेन इन्हें गा रहे हैं।

हमारी नई पीढ़ी को शायद ही इस बात की जानकारी हो कि बंटवारे के बाद उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ पाकिस्तान में ही रह गए थे। क्योंकि वो लाहौर को ख़ूब पसंद करते थे, लेकिन जब उन्होंने पाकिस्तान में शास्त्रीय संगीत से छेड़छाड़ और कलाकारों के साथ बुरा बर्ताव देखा, तो साल 1953 में वे भारत चले आए। हिंदुस्तानी हुकूमत ने भी अविभाजित भारत के इस महान कलाकार के प्रति अपना पूरा सम्मान प्रकट करते हुए, उन्हें तुरंत भारतीय नागरिकता प्रदान कर दी। ग़ुलाम अली ख़ाँ भारत आ गए, तो पाकिस्तान रेडियो ने उन पर अघोषित पाबंदी लगा दी। तक़रीबन आधी सदी तक पाकिस्तान रेडियो पर उनकी गायी हुई राग-रागनियों पर पाबंदी रही। साल 2009 में जाकर, यह पाबंदी हटी। बावजूद इसके ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब, पूरे उपमहाद्वीप के महबूब गायक बने रहे। सरहद, हुकूमत की बंदिश और तमाम पाबंदियों के बाद भी उनका गायन सुना जाता रहा। आज भी पूरी दुनिया में उनके लाखों चाहने वाले हैं। उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ अपने जीते जी ही एक संस्थान बन गए थे। भारत और पाकिस्तान में नूरजहाँ, फ़रीदा ख़ानम, छोटे गुलाम अली, मालती गिलानी, मीरा बनर्जी, संध्या मुखर्जी जैसे कई होनहार शागिर्द हैं, जिन्होंने शास्त्रीय संगीत और ग़ज़ल गायकी को एक नये मुक़ाम तक पहुंचाया।

उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ साहब को अपनी बेजोड़ गायकी के लिए कई सम्मानों और पुरस्कारों से नवाज़ा गया। जिनमें से कुछ ख़ास सम्मान हैं-'संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार'(साल 1962), 'संगीत नाटक अकादेमी फेलो.' (साल 1967) 'सुर देवता', 'आफ़ताब-ए-मौसीक़ी', 'संगीत सम्राट', 'शहंशाह-ए-मौसीक़ी', राष्ट्रपति सम्मान और डॉक्टरेट की मानद उपाधि। भारत सरकार ने ग़ुलाम अली ख़ाँ की गायकी को सराहते हुए, साल 1961 में उन्हें अपने शीर्ष नागरिक सम्मानों में से एक 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया। साल 2003 में उन पर एक डाक टिकट जारी भी किया गया। दीगर शास्त्रीय गायक और संगीतकारों की ही तरह उस्ताद ग़ुलाम अली ख़ाँ भी संगीत को इबादत मानते थे। उनकी नज़र में इंसान की ज़िंदगी में संगीत की अहमियत इसलिए है कि ''सुर से प्यार करने वाला इंसान बड़ी ख़ूबियों का हासिल होता है। मतलब, दिल को दुखाने से गुरेज़ करेगा, ज़ालिम न होगा...।'' आज दुनिया भर में जब एक-दूसरे समुदाय के प्रति नफ़रत और दिलों के बीच दूरियां बढ़ी हैं, तब उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ाँ के इस मुहब्बत भरे पैग़ाम को हर एक तक पहुंचाया जाना चाहिए। ताकि दुनिया में अमन और भाईचारा क़ायम हो।

व्यंग्य

# नीले ड्रम की व्यथा

■ सुधाकर आशावादी

कहावत है कि गेहूं के साथ घुन भी पिस जाता है। अपराध कोई करता है, कसूरवार कोई ठहराया जाता है। ऐसे में न जाने कब किसके बुरे दिन आ जाएं। कौन सा व्यक्ति या वस्तु लाभ हानि जीवन मरण यश अपयश विधि हाथ के आध्यात्मिक सत्य का शिकार हो जाए। पहले से निर्धारित नहीं होता। कभी कभी ऐसी घटना घटित हो जाती है, जो किसी भी व्यक्ति या वस्तु को कलंकित करने आधार बनती है। कहीं कोई आपराधिक वारदात घटित हुई और नीले ड्रम को खलनायक के रूप में प्रचारित कर दिया गया। किसी घटना में फ्रिज को हत्यारे के साथ षड्यंत्र में शामिल होने का इल्जाम सहना पड़ा। करता कोई है और अपराध के षड्यंत्र में अनेक ऐसे लोग शामिल कर लिए जाते हैं, जिनका घटना से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता। मसलन घटना में प्रयुक्त हथियार किसने बेचे। किस डॉक्टर ने नींद की गोली खाने की सलाह दी, किस मेडिकल स्टोर ने अपराधियों को नशे की दवाइयां बेची। ऐसा नहीं है कि कोई वारदात पहली बार हुई हो। वारदात पहले भी होती रही हैं । हिंसक वारदातों में चाकू, छुरे, रिवाल्वर, बंदूक, तमंचे मुख्य भूमिका का निर्वाह करते रहे हैं, किंतु किसी ने भी चाकू या तमंचे को बदनाम नही किया। कौन नहीं जानता कि हिंसक वारदात में हाथ जोड़कर अनुनय विनय की कोई गुंजाईश नहीं होती। हाथापाई भी खून खराबे में सक्रिय भूमिका नही निभा सकती। हाथापाई हल्की फुल्की गुम चोट तो दे सकती है, मगर मरहम पट्टी या इहलोक से परलोक का मार्ग तैयार करने में कारगर भूमिका तो धारदार हथियार ही निभाते हैं। वैसे भी मिलावटी खानपान के चलते पहले जैसे योद्धा अब नही रहे, जो शरीर की शक्ति से दुश्मन को छठी का दूध याद दिलाया करते थे। अब न दूध शुद्ध है और न शक्ति अटूट । सो चाकू छुरी और तमंचों पर निर्भरता अधिक बढ़ गई है। अपराधी भी विश्वसनीय हथियारों पर ही भरोसा करता है। वह नए नए हथियार आजमाना नहीं चाहता। बहरहाल किस पर विश्वास करें, किस पर नहीं, यह समझना मुश्किल है। समाज में जिस प्रकार से अपराधों को अंजाम दिया जा रहा है। उससे लगता है कि दंपत्ति और परिवार में ही विश्वास करना आसान नहीं रह गया है। अब आस्तीन में सांप की अवधारणा समाप्त हो चुकी है। नाग नागिन और जहर भरा आचरण एक ही बिस्तर पर शयन करते हैं। डाइनिंग टेबल पर बैठकर अपनी अपनी पसंद के व्यंजनों का सेवन करते हैं। संग संग रेस्तरां में जाकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करके यह गीत गाते हैं कि जनम जनम का साथ है हमारा तुम्हारा, मगर उनके दिमाग में क्या चल रहा होता है, इसका अनुमान तप बड़े बड़े ज्योतिषाचार्य भी नहीं लगा सकते। कहीं किसी ने अपने किसी रिश्ते का क़त्ल किया और रिश्ते से जुड़ी देह को टुकड़ों में बांटकर ड्रम में भर दिया। बात ड्रम में भरने तक ही सीमित रहती, तब भी गनीमत थी, ड्रम को सीमेंट के घोल से भर दिया गया। वारदात इससे भी अधिक नृशंस होती रही हैं, मगर जिस वारदात का खुलासा जितने अधिक भयावह ढंग से किया जाता है, उससे समाज में अलग संदेश जाता ही है, इस वारदात में जिस ड्रम में देह के टुकड़ों को जमाया गया, उस ड्रम नीला था। इसी प्रकार कुछ बड़े फ्रिज इस प्रकार की वारदात के उपरांत प्रयोग में लाए गए, किसी ने अपने लिव इन साझीदार को टुकड़े टुकड़े करके फ्रिज में जमाया, तो किसी ने अन्य किसी प्रकार से टुकड़ों का निस्तारण किया। फ्रिज हो या नीले रंग का ड्रम, इन बेजान वस्तुओं की वारदात में भागीदारी भला कैसे संभव है, मगर बदनाम यही होते हैं। करनी कोई करे, बदनामी बेजान वस्तुओं की होती है। जब से किसी नीले ड्रम का प्रयोग देह के टुकड़ों को शरण देने में हुआ है, तब से बेचारे नीले ड्रम की जितनी अधिक मानहानि हो रही है, उतनी शायद ही किसी अन्य वस्तु की हुई हो। सवाल यह भी है कि यदि ड्रम का रंग नीला न होकर कुछ और होता, तब क्या उसकी भी इतनी मानहानि की जाती? वैसे भी नीले ड्रम का कसूर क्या है? यह भी चिंतन का विषय है। बेचारा नीला ड्रम और फ्रिज अपनी मानहानि की शिकायत करे भी तो कैसे, उसके पास तो मानहानि की शिकायत करने का अधिकार भी नहीं है। फिर भी बात बात में सड़कों पर उतरने वालों से यह अपेक्षा की जानी ही चाहिए, कि वे बेजान वस्तुओं की मानहानि करने वालों के विरूद्ध भी अभियान चलाएं, ताकि कोई भी अपराधी निरीह बेजान वस्तुओं को अपने षड्यंत्र में शामिल करके उनकी भावनाओं को आहत करने का दुस्साहस न कर सके।




# कोई पानी डाल दे तो मैं भी चोंच भर पी लूं : चुपचाप मरते परिंदों की पुकार

■ प्रियंका सौरभ

गर्मी अब सिर्फ तापमान नहीं रही, यह अब एक त्रासदी बन गई है — खासकर उनके लिए जिनकी आवाज़ न अख़बार में छपती है, न टीवी पर आती है, और न ही सोशल मीडिया की ट्रेंडिंग लिस्ट में। बात हो रही है उन छोटे-छोटे परिंदों की, जो इस तेज़ धूप, सूखी हवाओं और कंक्रीट के जंगल में चुपचाप प्यास से तड़प कर मर जाते हैं। 'कोई पानी डाल दे तो मैं भी चोंच भर पी लूं...' — यह पंक्ति अब किसी कविता की कोमल कल्पना नहीं रही, यह एक जीवित सच्चाई है, एक निरीह पुकार, जो हर दोपहर किसी छत पर, किसी सूखी डाल पर, किसी तपती खिड़की की जाली के पीछे से उठती है।

हमने पेड़ काटे, तालाब पाटे, छज्जों को सीमेंट से बंद कर दिया और टीन की छतों से सूरज को और गर्म कर दिया। आधुनिकता के नाम पर हमने अपने घरों को एसी से ठंडा किया, लेकिन परिंदों के लिए एक घूंट पानी छोड़ना भूल गए।

पक्षियों के घोंसले बनाने की जगहें कम होती जा रही हैं। अब उनके लिए न पेड़ बचे, न परछाई, न ही वह परंपरागत संस्कृति जिसमें हर घर की मुंडेर पर मिट्टी का एक कटोरा पानी से भरा होता था।

कई पर्यावरण संस्थाएं बता रही हैं कि गर्मी में पक्षियों की मृत्यु दर में लगातार वृद्धि हो रही है। खासतौर पर गोरैया, कबूतर, मैना, बुलबुल जैसे छोटे पक्षी गर्मी की दोपहर में बेहोश होकर गिर जाते हैं, और यदि उन्हें समय पर पानी न मिले, तो मर भी जाते हैं। पर क्या इनकी मौतें किसी समाचार का हिस्सा बनती हैं? क्या इन पर कोई सरकारी घोषणा होती है? क्या इनका कोई 'एनजीओ सम्मेलन' बुलाया जाता है?

परिंदे सिर्फ आसमान की शोभा नहीं हैं, वे हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के अभिन्न अंग हैं। वे कीट नियंत्रण करते हैं, परागण में मदद करते हैं, बीज फैलाते हैं, और सबसे ज़रूरी — वे जीवन के संगीत को बनाए रखते हैं। अगर पक्षी गायब हो गए, तो यह धरती और अधिक वीरान हो जाएगी — और हम भी।

हमें यह समझना होगा कि ये नन्हें जीव प्रकृति की बड़ी चेतावनियाँ लेकर आते हैं। जब वे प्यास से मर रहे हैं, तो समझिए कि पानी की कमी अब हमारी ओर भी बढ़ रही है।

आज ज़रूरत इस बात की है कि हम 'बर्ड फ्रेंडली' समाज बनें। यह कोई बड़ा आंदोलन नहीं, सिर्फ छोटी-छोटी चीज़ें हैं। छत या बालकनी में एक मिट्टी का पानी भरा कटोरा रखें। पेड़ लगाएं, खासतौर पर नीम, पीपल, अमरूद जैसे देशी वृक्ष। बच्चों को परिंदों के बारे में बताएं — दया, संवेदना और जुड़ाव सिखाएं। गर्मियों में पशु-पक्षियों के लिए छाया और पानी की व्यवस्था करें। मंदिरों-मस्जिदों-गुरुद्वारों जैसे स्थलों को भी प्रेरित करें कि वे पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। यह काम किसी सरकार का इंतज़ार नहीं करता। यह आपके हाथ में है।

हम एसी चलाने के लिए हज़ारों की बिजली जला देंगे, लेकिन एक कटोरा पानी रखने में कंजूसी कर जाते हैं। हम स्मार्ट सिटी बनाने के लिए करोड़ों बहा देंगे, लेकिन स्मार्टनेस इतनी नहीं कि बेजुबानों के लिए भी कुछ छोड़ सकें। हमारे समाज में अब 'करुणा' भी इंस्टाग्राम रील बन गई है — दिखावा भर, असर नहीं।

गाँवों में भी अब पुराने तालाब सूख रहे हैं, बावड़ियाँ टूट चुकी हैं, और पशु-पक्षियों के लिए पीने का पानी अब मुश्किल हो गया है। एक समय था जब गाँव में हर कुएँ की मेड़ पर परिंदे पानी पीने आते थे। आज वही कुएँ सीमेंट से बंद कर दिए गए हैं। शहरों ने गाँवों को 'विकास' तो दिया, पर वह विकास पक्षियों के लिए विनाश बन गया।

जलवायु परिवर्तन का सबसे पहला और सीधा असर बेजुबानों पर पड़ता है। तापमान में जरा सी वृद्धि भी इनके लिए प्राणघातक हो सकती है। इंसान तो पंखा चला लेता है, बर्फ खा लेता है, डॉक्टर के पास चला जाता है। पर चिड़िया कहां जाए? कबूतर किससे कहे कि वह प्यासा है?

हम खुद को बुद्धिजीवी, संवेदनशील, शिक्षित और विकसित कहते हैं — लेकिन क्या कोई भी ऐसी सभ्यता वाकई 'विकसित' कहलाने लायक है जो अपने साथ रहने वाले जीवों को मरता देखे और फिर भी चुप रहे? हर गर्मी हमें यह सोचने का मौका देती है — कि इस बार क्या हम अपने घर की छत, खिड़की, बालकनी या आंगन में एक कोना ऐसा बना सकते हैं जहां कोई छोटा परिंदा अपनी चोंच भर पानी पी सके?

शायद जवाब देने की ज़रूरत नहीं। बस अगली बार जब सूरज सिर पर हो, तो किसी परिंदे की ओर देखिए...और याद रखिए —

'कोई पानी डाल दे तो मैं भी चोंच भर पी लूं...'

# विभिन्न विषयों को रेखांकित करता काव्य संग्रह

■ गंगा पाण्डेय

नृपेन्द्र अभिषेक नृप का काव्य-संग्रह 'एहसास कभी मिटा नहीं करते' समकालीन हिंदी कविता के परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण योगदान है। इस संग्रह में 75 कविताएँ संकलित हैं, जो विविध विषयों और भावनाओं को स्पर्श करती हैं। कविताएँ व्यक्तिगत अनुभूतियों, सामाजिक यथार्थ और दार्शनिक चिंतन का अनूठा सम्मिश्रण प्रस्तुत करती हैं। नृप की कविताओं में प्रेम, प्रकृति, समाज, राजनीति और अस्तित्व के सवालों का गहन विमर्श देखने को मिलता है।

इस संग्रह की पहली कविता 'शहर की सहर' पाठक को शहरीकरण की जटिलताओं और ग्रामीण जीवन के ह्रास की पीड़ा से अवगत कराती है। यह कविता बताती है कि कैसे आधुनिकता की दौड़ में गाँव का अपनापन, उसकी संवेदनाएँ और उसके सहज संबंध कहीं पीछे छूटते जा रहे हैं। नृप ने इस कविता में बड़े ही सजीव और हृदयस्पर्शी चित्रण के माध्यम से सामाजिक असंतुलन की स्थिति को उजागर किया है।

प्रेम को लेकर लिखी गई कविता 'शाश्वत प्रेम' प्रेम के विविध रूपों को दर्शाती है। यह कविता प्रेम की पीड़ा और समर्पण की भावनाओं को समान रूप से चित्रित करती है। नृप का प्रेम-दर्शन एकांगी नहीं है, बल्कि उसमें यथार्थ और स्वप्न दोनों का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है।

प्राकृतिक आपदाओं को केंद्र में रखकर लिखी गई कविता 'सपनों की बस्ती बह गई बाढ़ में' मानव जीवन की असहायता और प्रकृति के प्रकोप के सामने उसकी बेबसी को दर्शाती है। यह कविता न केवल आपदाओं के विनाशकारी प्रभाव को रेखांकित करती है, बल्कि यह भी बताती है कि किस तरह आपदा केवल भौतिक क्षति ही नहीं पहुंचाती, बल्कि वह मानवीय संवेदनाओं, सपनों और आशाओं को भी अपने साथ बहा ले जाती है।

कृषि प्रधान भारत में किसानों की स्थिति को उजागर करती हुई कविता 'मैं किसान हूँ' किसानों की पीड़ा, उनके संघर्ष और उनके अदम्य साहस की कथा को अभिव्यक्त करती है। यह कविता किसानों के शोषण, उनकी बदहाली और उनके जीवन की कठिनाइयों को बड़े ही प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती है।

आशा और निराशा के द्वंद्व को दर्शाती हुई कविता 'जरूरी है उम्मीदों का मर जाना' पाठक को गहरे आत्मविश्लेषण की ओर प्रेरित करती है। इसमें कवि मौन को एक विशेष अभिव्यक्ति का माध्यम बनाते हैं और बताते हैं कि कभी-कभी मौन भी शब्दों से अधिक मुखर होता है। यह कविता जीवन के उन क्षणों को दर्शाती है जब व्यक्ति स्वयं से संवाद करता है और अपने अस्तित्व को समझने की कोशिश करता है।

इसी तरह 'तुम मेरी अधूरी किताब' कविता एक अलग ही संवेदनाओं का संसार रचती है। यह कविता अधूरेपन की भावना को प्रकट करती है और पाठक को गहरे भावनात्मक अनुभव से जोड़ती है।

राजनीतिक व्यंग्य और समसामयिकता को दर्शाने वाली कविताएँ 'भारत का धृतराष्ट्र' और 'लोकतंत्र की नाक' समाज में व्याप्त राजनीतिक विसंगतियों और सत्ता के अंधत्व को प्रभावी रूप से उजागर करती हैं। इन कविताओं में नृप की पैनी दृष्टि और उनके विद्रोही तेवर स्पष्ट रूप से झलकते हैं।

नृपेन्द्र अभिषेक नृप की काव्य भाषा अत्यंत सहज, प्रवाहमयी और भावपूर्ण है। उनकी कविताओं में भाषा की सरलता के साथ-साथ गहराई का भी समावेश मिलता है।

> **पुस्तक : एहसास कभी मिटा नहीं करते**
> **कवि : नृपेंद्र अभिषेक नृप**
> **प्रकाशन : लायंस पब्लिकेशन, ग्वालियर**
> **मूल्य : 180 रुपये**

अलंकरणों से बचते हुए सीधे हृदय तक पहुँचने वाली भाषा का प्रयोग करते हैं। उनकी कविताएँ बिंबात्मकता से भरपूर हैं और उनमें चित्रात्मकता का अनूठा सौंदर्य देखने को मिलता है।

नृप की कविताओं में बिंब और प्रतीक अत्यंत सशक्त हैं। वे कभी प्रकृति के माध्यम से, तो कभी ऐतिहासिक और पौराणिक संदर्भों के माध्यम से अपने भावों को अभिव्यक्त करते हैं। उदाहरण के लिए, 'भारत का धृतराष्ट्र' में राजनीति की अंधी दौड़ और सत्ता के लालच को महाभारत के पात्र धृतराष्ट्र के प्रतीक के रूप में दर्शाया गया है। इसी तरह, 'सपनों की बस्ती बह गई बाढ़ में' में प्रकृति और मानव के संबंधों को संवेदनशीलता से उकेरा गया है।

यह काव्य-संग्रह पाठकों की संवेदनाओं को झकझोरने की क्षमता रखता है। इसमें समकालीन सामाजिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत अनुभवों का गहन चित्रण किया गया है। नृप की कविताएँ केवल भावनाओं को व्यक्त करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे पाठकों को आत्ममंथन और समाजमंथन के लिए भी प्रेरित करती हैं। उनकी कविताएँ समाज के विभिन्न पहलुओं को उजागर करने के साथ-साथ परिवर्तन की आवश्यकता का भी संकेत देती हैं।

इस संग्रह की एक विशेषता यह भी है कि इसमें पाठकों के अनुभवों को प्रतिबिंबित करने की अद्भुत क्षमता है। कविताएँ पढ़ते समय पाठक को ऐसा प्रतीत होता है मानो ये उसकी अपनी अनुभूतियाँ हों, उसके अपने संघर्षों और भावनाओं का हिस्सा हों।

नृपेन्द्र अभिषेक नृप का काव्य-संग्रह 'एहसास कभी मिटा नहीं करते' न केवल भावनाओं का दस्तावेज है, बल्कि यह समकालीन समाज और व्यक्ति की चिंताओं का भी आईना है। इसमें प्रेम, वेदना, संघर्ष, आशा, राजनीति और प्रकृति के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। नृप की कविताएँ हृदय को छूने वाली और मस्तिष्क को झकझोरने वाली हैं। यह संग्रह हिंदी काव्य-प्रेमियों के लिए निश्चित रूप से पठनीय और संग्रहणीय है।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत, परिजनों ने की शव को स्वदेश वापस लाने की मांग

**ओटावा,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। कनाडा के हैमिल्टन में भारतीय छात्रा की मौत पर शनिवार को परिजनों का बयान सामने आया है। परिजनों ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारी बेटी दो साल पहले पढ़ाई के लिए कनाडा गई थी। परिजनों ने अपने बयान में कहा कि दो गुटों के बीच झगड़े के दौरान गोलीबारी हुई और अचानक हमारी लड़की को गोली लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने केंद्र सरकार से लड़की के शव को स्वदेश वापस लाने की मांग की है। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने भी छात्रा की मौत की पुष्टि की है। महावाणिज्य दूतावास ने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट किया है।

# सिंधु नदी नहर परियोजना : बिलावल की धमकी के बाद संकट में शरीफ सरकार

**इस्लामाबाद,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। सिंधु नदी नहर परियोजना पाकिस्तान की संघीय सरकार की गले की फांस बन गई है। सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने धमकी दी है कि अगर इस प्रोजेक्ट को स्थगित नहीं किया गया तो वह सरकार से बाहर हो जाएगी।

**पाक ने ग्रीन पाकिस्तान इनिशिएटिव के तहत बनाई है छह नहरों का निर्माण की योजना**



हैदराबाद में शुक्रवार देर रात हटरी बाईपास मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने शहबाज सरकार को यह चेतावनी दी।

बिलावल ने कहा कि अगर पीपीपी की आपत्तियों को स्वीकार करने के बाद भी संघीय सरकार विवादास्पद परियोजना को वापस नहीं लेती है तो उनकी पार्टी आगे साथ नहीं चल पाएगी। पीपीपी प्रमुख ने कहा कि वे (संघीय सरकार) न तो अपने गठबंधन सहयोगी की बात सुन रहे हैं और न ही नई नहरें बनाने के फैसले को वापस ले रहे हैं।

बिलावल ने कहा कि मुझे लगा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, ऐसी प्रतिक्रिया देखने के बाद इस परियोजना से दूर रहेंगे क्योंकि उन्हें पता है कि पीपीपी के समर्थन के बिना वे न तो असेंबली सेशन चला सकते हैं और न ही बजट पारित कर सकते। हालांकि ऐसा लगता है कि वह इस परियोजना को बंद करने के लिए तैयार नहीं हैं। अगर ऐसा है, तो हम भी हार मानने को तैयार नहीं हैं। गठबंधन सहयोगी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया कि उनकी परियोजनाएं लगातार कृषि क्षेत्र को नुकसान पहुंचा रही हैं। बिलावल ने कहा कि पार्टी समर्थित हर पहल किसान विरोधी है। पाकिस्तानी सरकार ने ग्रीन पाकिस्तान इनिशिएटिव के तहत 3.3 अरब डॉलर की लागत से छह नहरों का निर्माण करने की योजना बनाई है, जिससे दक्षिण पंजाब में 12 लाख एकड़ कथित बंजर भूमि को सिंचित किया जाएगा। हालांकि, सिंध प्रांत ने इस फैसले पर कड़ा विरोध जताया है।

## अफगान शरणार्थियों के लिए नहीं बढ़ेगी समय सीमा : पाकिस्तान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा कि उन अफगान शरणार्थियों के लिए 30 अप्रैल की तय तारीख नहीं बढ़ाई जाएगी, जो किसी तीसरे देश में बसने का इंतजार कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर उन्हें उनका मेजबान देश इस तारीख तक नहीं बुलाता, तो उन्हें वापस स्वदेश भेज दिया जाएगा। इस्लामाबाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में देश के गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी ने कहा कि किसी भी गैरकानूनी रूप से रहने वाले विदेशी को तय समय सीमा के बाद देश में रुकने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई व्यक्ति अफगानों को गैरकानूनी तरीके से पाकिस्तान में रहने में मदद करता हुआ पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि जो पाकिस्तानी लोग अफगान नागरिकों को दुकान, घर या होटल का कमरा किराए पर देंगे या उन्हें नौकरी पर रखेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। चौधरी ने कहा कि सभी प्रांतों को साफ हिदायत दे दी गई है। अगर कोई भी व्यक्ति किसी गैरकानूनी विदेशी को दुकान, घर या कोई भी जगह देता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें पाकिस्तान सरकार ने अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) रखने वाले लोगों को 31 मार्च तक देश छोड़ने का समय दिया था।

## उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकवादी ढ़ेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के संयुक्त अभियान के दौरान चार आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर यह अभियान प्रांत के स्वात जिले में चलाया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, आईएसपीआर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों से उनके ठिकाने पर मुठभेड़ की, जिसमें चारों आतंकवादी मारे गए। आतंकवादियों के ठिकाने से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। बयान में कहा गया कि मारे गए आतंकी क्षेत्र में कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे।

## सुडोकू 6888

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 1 | | | | | |
| 7 | | | | | | 2 | | |
| 6 | | 8 | 2 | | | 9 | 3 | |
| | | 7 | | 4 | 9 | 3 | | |
| | | | 7 | | 3 | | | |
| | | 5 | 8 | 2 | | 7 | | |
| | 8 | 2 | | | 7 | 5 | | 1 |
| | | 1 | | | | | | 6 |
| | | | | | 2 | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 20 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 8**

### राशिफल

मेष - आप किसी भी प्रकार से संकट में ना पड़ें। व्यवसाय में आज पार्टनर के साथ वाणी संयमित रखें। आज भाग्य आपका साथ नहीं देगा। काम में सफलता भी शीघ्र नहीं मिलेगी, लेकिन दोपहर के बाद स्थिति में सुधार होगा।

वृषभ - आज आप कुछ ज्यादा ही भावुक रहेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। आज नए काम शुरू ना करें। वाणी में संयम बरतें। खान-पान में ध्यान रखें। व्यवसाय के क्षेत्र में विघ्न आ सकता हैं।

मिथुन - आज आप मौज-मस्ती में व्यस्त रहने वाले हैं। मनोरंजक प्रवृत्ति में खोए रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र खरीदने में आपकी रुचि रहेगी।

कर्क - किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा।

सिंह - साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी। पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कन्या - किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें। यात्रा न करें।

तुला - आज का दिन नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल है। आध्यात्मिक और ज्योतिष जैसे विषयों में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। दोपहर के बाद ताजगी और प्रसन्नता का अभाव रहेगा। घर में कलेश का वातावरण रहेगा।

वृश्चिक - परिजनों के साथ मनदु-ख की स्थिति आ सकती है। वाणी पर संयम रखना होगा। काम में अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। मन में किसी बात को लेकर दुविधा रहेगी। काम का भार अधिक रहेगा।

धनु - आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

मकर - आज वाणी पर संयम रखें। क्रोध की मात्रा बढ़ जाने से किसी के साथ उग्र चर्चा या विवाद हो सकता है। मन में चिंता रहेगी। आध्यात्मिकता में रुचि लेने से आपका मन शांत रहेगा।

कुंभ - आज का दिन सब तरह से लाभप्रद है। सामाजिक क्षेत्र में आप अधिक सक्रिय रहेंगे। उसके फलस्वरूप मान प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। विवाह योग्य युवाओं को अनुकूल जीवनसाथी मिलने के योग हैं।

मीन - आज का दिन सब प्रकार से आप के लिए लाभदायी है। किसी परोपकार के काम में आप व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में उचित आयोजन से व्यापार वृद्धि कर सकेंगे। अधिकारी आप के काम की प्रशंसा करेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# इजरायली हवाई हमलों में 45 फिलीस्तीनी की मौत

**गाजा,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में हुए इजरायली हवाई हमलों में करीब 45 फिलीस्तीनी मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। यह जानकारी गाजा की सिविल डिफेंस ने दी।

सिविल डिफेंस प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में बरका परिवार के घर पर हुए एक हवाई हमले में 10 लोगों की जान चली गई। इसके अलावा एक बार्बर शॉप पर हुए हमले में छह लोग मारे गए, जिनमें दो बच्चे और एक महिला शामिल हैं।

खान यूनिस में अन्य स्थानों पर हुए हवाई हमलों में आठ और लोग मारे गए, जबकि दक्षिणी रफाह शहर में दो लोगों की जान चली गई। वहीं उत्तरी गाजा के तल अल-जातार इलाके में मकदाद परिवार के घर पर हुए हमले में 13 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए। गाजा सिटी में दो बेघर कैंपों पर हुए हमलों में छह और लोगों की मौत हुई।

सिविल डिफेंस ने चेतावनी दी है कि ईंधन की कमी के कारण आने वाले दिनों में उनकी आपात सेवाएं बंद हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि इजरायल की ओर से मानवीय सहायता और ईंधन की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है, जिससे राहत कार्यों में मुश्किलें आ रही हैं। गाजा के अल-त्वाम इलाके में विस्थापित नागरिकों के टेंट पर हुए एक और



■ **इजरायल की ओर से मानवीय सहायता व ईंधन की आपूर्ति पर लगाया जा रहा प्रतिबंध**

हमले में दो फिलीस्तीनी मारे गए और छह घायल हो गए। वहीं जबालिया में नागरिकों के एक समूह को निशाना बनाकर किए गए हमले में एक युवक की मौत हो गई। इजरायली सेना (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उन्हें खुफिया जानकारी के आधार पर गाजा में आतंकवादी संगठनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बयान में कहा गया कि इजरायली वायु सेना ने गाजा में लगभग 40 लक्ष्यों पर हमला किया, जिनमें आतंकियों के ठिकाने, सैन्य ढांचे और हथियारों के गोदाम शामिल थे।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति के स्वागत को जयपुर तैयार


**जयपुर,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड (जेडी) वेंस 21 अप्रैल को भारत यात्रा पर आ रहे हैं। उनके स्वागत के लिए जयपुर में जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। वे चार दिन की भारत यात्रा पर रहेंगे, जिस दौरान पिंक सिटी का भी भ्रमण करेंगे। उपराष्ट्रपति वेंस फिलहाल इटली में अपने परिवार के साथ हैं और सोमवार (21 अप्रैल) को भारत पहुंचेंगे। वह सबसे पहले दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे, जिसके बाद उसी शाम जयपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। जयपुर एयरपोर्ट पर उनका रेड कार्पेट वेलकम किया जाएगा।



**राजस्थानी अंदाज से होंगे रूबरू, करेंगे आमेर के किले की सैर**

वेंस 21 से 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। 22 अप्रैल की सुबह वह ऐतिहासिक आमेर किले का दौरा करेंगे, जहां उनका पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया जाएगा।

## वर्ग पहेली 6888



**दायें से बायें:-**

१. पहिए आदि के बीच का केंद्र, धुरी, नाभि
३. जिसे उसके पद से हटा दिया गया हो
५. पेट, जठर
६. मनोरंजक दृश्य, खेल आदि
७. संदेश वाहक (उर्दू)
८. ठुकराना, ठोकर लगाना (मुहावरा)
१३. बदचलन, पतित
१५. माफ किया गया
१६. श्रृंगार रस, पारा
१७. प्रार्थना, निवेदन
१८. किंचित, थोड़ा
२०. कृषक, किसान
२२. फायदेमंद
२३. थकान, शिथिलता

**ऊपर से नीचे:-**

१. एक तरह की बड़ा नींबू
२. मदिरालय
३. भले-बुरे को समझना, पहचान
४. इस्तेमाल करना
५. बराबरी, तुलना
९. लेख आदि का विषय (उर्दू)
१०. गर्व, नाज
१२. पेड़, तरू
१३. भीतरी, अंदरूनी
१४. अपरिमित (उर्दू)
१७. जहरीला
१९. बेजान, निष्प्राण
२०. अफसोस, दुख
२१. एक प्रकार का वाहन

### वर्ग पहेली-6887

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ स्वा | र | ■ | ■ | ३ क | ष्ट | ४ प्र | द |
| नु | ■ | धी | ■ | ५ अं | ब | र | ■ | ति | ■ |
| ६ दा | स्ता | न | ■ | जा | ■ | ७ त | ला | श | ना |
| र | ■ | ८ ता | ९ ज | म | ह | ल | ■ | त | |
| ■ | १० भ | ■ | क | ■ | ■ | ■ | ११ आं | ■ | १२ अं |
| १३ घु | ड़ | दौ | ड़ | ■ | १४ क्ष | ■ | १५ ख | प | त |
| ■ | क | ■ | १६ ना | जा | य | ज | ■ | ■ | र |
| १७ से | ना | नी | ■ | ■ | रो | ■ | १८ प्र | १९ वी | ण |
| ह | ■ | ■ | २० दि | वं | ग | २१ त | ■ | रा | ■ |
| २२ त | ब | दी | ल | ■ | ■ | २३ म | हा | न | ता |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## यूनेस्को मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस समारोह आयोजित

**बीजिंग,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस- 2025 मनाने के लिए, 17 अप्रैल को फ्रांस के पेरिस में स्थित यूनेस्को मुख्यालय में चीनी अक्षरों की सुंदरता थीम वाली प्रदर्शनी और सांस्कृतिक अनुभव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले सहित 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया।



इस प्रदर्शनी की थीम सुलेख कृति वसंत ऋतु में खिले फूल के चार अक्षर तीन प्राचीन चीनी लिपियों में लिखे गए हैं ~ सील लिपि, कर्सिव लिपि और आधिकारिक लिपि। इसके अलावा, प्रदर्शित वस्तुओं में चीनी चित्रकार क्रो यीथ्सोंग की पुष्प एवं पक्षी चित्रकारी तथा चांग लीछन की स्याही चित्रकारी भी शामिल हैं। अद्वितीय मुक्तहस्त शैली के माध्यम से, यह पारंपरिक चीनी कला के आधुनिक परिवर्तन और विविध अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित करता है।

# अमेरिका ने कोविड 'लैब लीक' के लिए चीन को ठहराया जिम्मेदार

**वाशिंगटन,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को एक कोविड-19 वेबसाइट लॉन्च की, जिसमें उन्होंने कोरोना वायरस की उत्पत्ति के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। साइट के मुताबिक वुहान के एक लैब से ये वायरस लीक किया गया।

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन, अमेरिका के पूर्व शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी एंथनी फाउसी और विश्व स्वास्थ्य संगठन को भी कोरोना वायरस की उत्पत्ति को दबाने की भी आलोचना की गई है। व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर अब कोविड-19 लैब-लीक थ्योरी को समर्पित एक पूरा पेज है। यह घटना सीआईए द्वारा एक रिपोर्ट जारी करने के कुछ सप्ताह बाद आई है जिसमें कहा गया था कि प्रयोगशाला से लीक की आशंका है। एजेंसी ने पहले कहा था कि उसके पास कोविड-19 की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए पर्याप्त जानकारी नहीं है।

नया वेबपेज उस साइट पर है, जो कोविड-19 टीकाकरण प्रयासों के लिए संसाधन के रूप में कार्य करती थी। अब इसमें एक बैनर है जिसमें लिखा है कि 'लैब लीक, द ट्रू ओरिजिन्स ऑफ कोविड-19 ( यानि कोविड उत्पत्ति की सच्चाई)।'




**बाइडेन पर भी उठाए सवाल**

बैनर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी दिखाया गया है। इसमें पूर्व मुख्य चिकित्सा सलाहकार डॉ. फाउसी और बाइडेन पर कोरोना वायरस की उत्पत्ति को छुपाने का भी आरोप लगाया गया है।

## आज का इतिहास

1611-विख्यात उपन्यासकार विलियम शैक्सपियर के नाटक 'मैकबेथ' का पहला ज्ञात मंचन हुआ।
1712-जहांदार शाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा इस मुगल सम्राट ने 1713 तक शासन किया। वह बहादुरशाह का बड़ा पुत्र था।
1876-भारतीय थल सेना के 41वें डोगरा में लांस नाईक लाला राम का जन्म।
1889-जर्मन तानाशाह अडोल्फ हिटलर का जन्म।
1914-उड़िया भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार गोपीनाथ मोहंती का जन्म।
1920-प्रसिद्ध भजन गायिका जुथिका रॉय का जन्म।
1936-प्रसिद्ध भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रेम शंकर गोयल का जन्म।
1939-जर्मनी में तानाशाह एडोल्फ हिटलर के पचासवें जन्मदिन को राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया गया।
1946-संयुक्त राष्ट्र की पूर्ववर्ती संस्था लीग ऑफ नेशन्स भंग की गई।
1953-कोरिया और संयुक्त राष?ट्र सेना के बीच बीमार युद्ध बंदियों का आदान प्रदान हुआ।
1960-एयर इंडिया ने लंदन की अपनी पहली बोइंग 707 उड़ान के साथ जेट युग में प्रवेश किया।
1970-भारतीय गीतकार और शायर शकील बदायूँनी का निधन।
1972-अपोलो 16 अभियान छह घंटों तक संकट से जूझने के बाद चंद्रमा पर उतर गया। जॉन यंग और चार्ल्स ड्यूक की टीम चांद पर उतरने वाली इतिहास की पांचवीं टीम बनी।
1974-सत्तर के दशक में आंतरिक हिंसा से बुरी तरह प्रभावित उत्तरी आयरलैंड के संघर्ष में मरने वालों की संख्या 1000 पहुंची।
1997-इंद्र कुमार गुजराल देश के 12वें प्रधानमंत्री बने।
1999-जर्मन के पूर्व चांसलर हेल्मुट कोल अमेरिकी सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द प्रेसिडेंशियल मेडल आफ़ फ्रीडम' से सम्मानित।

**मामला** *अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का दूसरा दौर रोम में शुरू*

# दोनों पक्ष अमेरिकी प्रतिबंधों को समाप्त करने पर करेंगे चर्चा

**रोम, 19 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता का दूसरा दौर शनिवार को इटली में शुरू हुआ। दोनों पक्ष तेहरान के असैन्य परमाणु कार्यक्रम और देश के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों को समाप्त करने पर चर्चा करेंगे। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और मध्य पूर्व में अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के नेतृत्व में यह वार्ता रोम स्थित ओमान के दूतावास की ओर से आयोजित की जा रही है। अराघची ने कहा कि तेहरान शनिवार को होने वाली वार्ता को गंभीरता और पूरे दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ाएगा, भले ही दूसरे पक्ष के इरादों के बारे में गंभीर संदेह हो।**

■ **ओमान के दूतावास की ओर से आयोजित की जा रही वार्ता**

उन्होंने कहा कि हम अमेरिकी पक्ष के विचार सुनने का इंतजार कर रहे हैं। अगर पर्याप्त गंभीरता और दृढ़ संकल्प है, तो संभव है कि समझौता हो जाए।

अराघची ने कहा कि हम ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम के शांतिपूर्ण समाधान के लिए पूरी तरह तैयार हैं, अगर दूसरी तरफ भी ऐसी ही इच्छाशक्ति है और वे अनुचित व अवास्तविक मांगें नहीं करते हैं, तो मेरा मानना है कि समझौता संभव है। विदेश मंत्री ने ईरान और विश्व शक्तियों के बीच 2015 के परमाणु समझौते में रूस की भूमिका की तरीफ की। उन्होंने उम्मीद जताई कि मॉस्को किसी भी नए समझौते में अपनी सहायक भूमिका जारी रखेगा।



**हम अमेरिकी पक्ष के विचार सुनने का इंतजार कर रहे हैं। अगर पर्याप्त गंभीरता और दृढ़ संकल्प है, तो संभव है कि समझौता हो जाए : अराघची**

इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने उम्मीद जताई कि ईरान के साथ बातचीत फलदायी होगी और कुछ परिणाम निकल सकता है। रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होगा। हम उम्मीद कर रहे हैं कि बातचीत जारी रहेगी और इससे कुछ नतीजा निकलेगा। हम सभी शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान चाहते हैं। यह कुछ ऐसा होना चाहिए जो ईरान को न सिर्फ अभी बल्कि भविष्य में परमाणु हथियार रखने से रोके, न कि केवल 10 वर्षों के लिए।

अराघची ने ओमानी विदेश मंत्री सैय्यद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी की मदद से विटकॉफ के साथ अप्रत्यक्ष चर्चा की। बातचीत ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने की संभावना पर केंद्रित थी। वार्ता का प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रखा था। उन्होंने ईरान को धमकी दी थी कि अगर तेहरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर वाशिंगटन के साथ समझौता नहीं करता है तो उसे बमबारी और द्वितीयक शुल्क का सामना करना पड़ सकता है।

## दुनिया को जानें

### स्वस्थ व कैंसरग्रस्त कोशिकाओं की पहचान के लिए विकसित किया नया तरीका

**टोक्यो,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। जापान की टोक्यो मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने एक नई खोज की है। उन्होंने पाया कि बिना पहचान वाली कोशिकाओं की गति को ध्यान से देखा जाए, तो यह पता लगाया जा सकता है कि वे कोशिकाएं कैंसर वाली हैं या स्वस्थ।

शोधकर्ताओं ने एक प्रयोग में दो तरह की कोशिकाओं को देखा। उन्होंने एक डिश पर कैंसर वाली फाइब्रोसारकोमा कोशिकाएं और स्वस्थ फाइब्रोब्लास्ट कोशिकाएं देखीं। उन्होंने पाया कि इन कोशिकाओं के रास्तों को ट्रैक करके और उनका विश्लेषण करके, उन दोनों के बीच 94 प्रतिशत तक सटीकता से अंतर किया जा सकता है। पीएलओएस वन नामक पत्रिका में छपे इस अध्ययन के अनुसार, यह तकनीक सिर्फ बीमारी का पता लगाने के अलावा कोशिका गति से जुड़े काम (जैसे क्षतिग्रस्त ऊतक की मरम्मत) पर भी रोशनी डाल सकती है। प्रोफेसर हिरोमी मियोशी के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की टीम ने कोशिकाओं को देखने का एक तरीका खोजा। यह तरीका फेज-कंट्रास्ट माइक्रोस्कोपी का इस्तेमाल करता है, जो कोशिकाओं को देखने के सबसे आम तरीकों में से एक है। यह तकनीक पूरी तरह लेबल फ्री होती है।

# प्रादेशिकी

## घोड़े-खच्चरों पर रहेगी विशेष निगरानी: डॉ रावत,

**रुद्रप्रयाग।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष रावत ने कहा कि केदारनाथ यात्रा को लेकर पशुपालन विभाग मुस्तैदी के साथ जुटा हुआ है। बाहर से आने वाले घोड़े-खच्चरों को लौटाया जा रहा है, जिससे जिले के घोड़े-खच्चरों में हॉर्स फ्लू जैसी समस्या उत्पन्न ना हो। पंजीकरण के दौरान सभी घोड़े-खच्चरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है और खून के नमूने जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। यात्रा के दौरान यदि कोई घोड़ा खच्चर संक्रमित होता है, तो उसे तत्काल क्वारंटाइन सेंटर में रखा जाएगा, ताकि अन्य घोड़े-खच्चर संक्रमित न हों। अब तक ढाई हजार से अधिक घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण किया जा चुका है। साथ ही इनकी जांच भी की गई है। उन्होंने कहा कि घोड़े-खच्चरों की देख-रेख को लेकर टीमें भी तैनात की गई हैं।

# उत्तराखण्ड में स्थापित होगा फायर सर्विस का विश्वस्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र : धामी

### 20 नए फायर टेंडरों एवं अग्निशमन वाहनों को जन-जागरूकता के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

■ भारत सरकार के डीजीएफएस डिस्क मेडल विजेता 2 अग्निशमन कर्मियों को किया सम्मानित

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में फायर सर्विस का विश्वस्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जायेगा। शनिवार को यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस लाइन, देहरादून में अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तृतीय ऑल इंडिया फायर सर्विस गेम्स के दौरान पदक जीतने वाले 7 एवं गृह मंत्रालय, भारत सरकार के डीजीएफएस डिस्क मेडल विजेता 2 अग्निशमन कर्मियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड फायर सर्विस में सम्मिलित 20 नए फायर टैण्डरों एवं अग्निशमन वाहनों को जन-जागरूकता के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अग्निशमन कर्मियों द्वारा दिखाए गए करतबों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भीमताल, द्वाराहाट, गौचर, पुरोला और सहस्त्रधारा में जल्द ही नए फायर स्टेशन खोले जाने, उत्तराखण्ड में फायर सर्विस का विश्वस्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किए जाने एवं प्रयागराज में हुए महाकुंभ में ड्यूटी कर अपना कर्तव्य निभाने वाले उत्तराखण्ड फायर सर्विस के सभी कर्मियों को 10-10 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा के जवानों ने उत्तराखण्ड बनने से अब तक 53 हजार करोड़ रूपये से अधिक की संपत्तियों को आग से बचाया है।




### दूरस्थ क्षेत्रों में भी खुलेंगे फायर स्टेशन

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि गैरसैण में फायर स्टेशन भवन का निर्माण करने के साथ ही 78 से अधिक आवासों का निर्माण भी किया जा रहा है। राज्य सरकार ने जनपद हरिद्वार के बहादराबाद फायर स्टेशन को भी स्वीकृत किया है। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप शासन स्तर पर फायर स्टेशनों की मैपिंग की जा रही है, जिसके बाद दूरस्थ क्षेत्रों में फायर स्टेशन खोले का सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अग्निशमन एवं आपात सेवा की भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है। बीते वर्ष केदारनाथ, टनकपुर, खटीमा, अराकोट और रैणी में आई आपदाओं में फायर सर्विस के कर्मचारियों ने लगन और समर्पण के साथ अपना कार्य किया।

### अग्निशमन कर्मियों ने 53 हजार करोड़ से अधिक की संपत्तियों को आग से बचाया

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा के जवानों ने उत्तराखण्ड बनने से अब तक 53 हजार करोड़ रूपये से अधिक की संपत्तियों को आग से बचाया है। 27 हजार से अधिक मनुष्यों एवं लगभग 7 हजार पशुओं का जीवन भी बचाया है। अब महिलाएं भी उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा में फायर फाइटर के रूप में अपना योगदान दे रही हैं, जो सभी को गौरवान्वित करता है।

### केन्द्र सरकार ने उत्तराखण्ड अग्निशमन के लिए स्वीकृत किए 71 करोड़ रूपए

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार, प्रदेश में अग्निशमन एवं आपात सेवा से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत एवं रक्षा उपकरणों के आधुनिकीकरण पर कार्य कर रही है। केन्द्र सरकार ने उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा के लिए 71 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। वर्तमान में प्रदेश में 18 फायर स्टेशनों का निर्माण एवं फायर इमर्जेंसी से निपटने के लिए विश्वस्तरीय उपकरणों को खरीदने के प्रयास भी जारी हैं। अग्निशमन कर्मियों की सुरक्षा हेतु सरकार ने विश्वस्तरीय गुणवत्ता के फायर सूट भी खरीदे हैं।

### आगामी चारधाम यात्रा में भी अग्निशमन विभाग को निभानी है महत्वपूर्ण भूमिका

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा द्वारा नागरिकों को अग्नि से होने वाली क्षति के प्रति जागरूक करने के लिए राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जो कि सराहनीय है। उन्होंने कहा अग्निशमन सेवा, सबसे आवश्यक सेवाओं में से एक है। हमारे फायर फाइटर्स आग पर काबू पाते हैं एवं जान-माल की रक्षा भी करते हैं।

# ग्राम स्तर तक योग अभियान चलाया जाए: मुख्यमंत्री

**देहरादून,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ग्राम स्तर तक योग अभियान चलाया जाए। आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ग्राम स्तर तक योग अभियान चलाया जाए। विघालयों और महाविघालयों में विशेष योग शिविरों का आयोजन किया जाए। योग पर निबंध, भाषण, पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय। योग और आयुष मेले के आयोजन के साथ ही हरित योग के कार्यक्रम भी किए जाएं। डिजिटल माध्यम से भी योग को प्रचारित किया जाए योग के क्षेत्र में जन जागरूकता लाने वालों को सम्मानित भी किया जाए। योग से साथ जनसहभागिता से नियमित स्वच्छता अभियान भी चलाया जाए। आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की बैठक की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग न केवल हमारी प्राचीन परंपरा है, बल्कि यह आज की जीवनशैली में संतुलन और स्वास्थ्य का प्रभावी माध्यम भी है। हमें युवाओं, विघार्थियों, सरकारी कर्मचारियों और आम जनता को इस आयोजन से जोड़ना होगा। योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम भव्य, व्यवस्थित और जन-सहभागिता से किए जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड, योग की पवित्र भूमि है, और यहां से पूरे विश्व को योग का संदेश गया है, इसलिए यहां के कार्यक्रमों की एक विशेष पहचान होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृशक्ति को अधिकतम योग से जोड़ा जाए। योग और ध्यान के साथ ही वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जाए। जनपदों में योग और आयुष मेले आयोजित किए जाएं। योग को रोजगार से भी जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि और योग भूमि के रूप में उत्तराखंड की वैश्विक स्तर पर अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि योग का आध्यात्मिक रूप से भी प्रस्तुत किया जाए। राज्य के प्रमुख दैवीय स्थलों और पर्वतीय क्षेत्रों में भी बड़े स्तर पर योग के कार्यक्रम किए जाएं। मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, युवा कल्याण विभाग, पर्यटन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सूचना विभाग एवं जिला प्रशासन को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, रविनाथ रमन, सचिन कुर्वे, एडीजी ए. पी. अंशुमन, अपर सचिव विजय जोगदंडे और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।




■ 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक की गई

## सार संक्षेप

### बीकेटीसी का अग्रिम दल केदारनाथ धाम में तैनात,

**रुद्रप्रयाग।** बद्री-केदार मंदिर समिति का 18 सदस्यीय अग्रिम दल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से रवाना होकर केदारनाथ धाम पहुंचा। यहां दल मंदिर के बाहरी परिसर में आवश्यक मरम्मत कार्य, विद्युत, जलापूर्ति, रंग-रोगन सौंदर्यीकरण तथा दर्शन पंक्ति में सुधारीकरण, रेन शेल्टर का कार्य करेगी। शुक्रवार को बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल के निर्देश पर सहायक अभियंता गिरीश देवली के नेतृत्व में पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर से 18 सदस्यीय दल केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। बीकेटीसी के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी व प्रभारी अधिकारी केदारनाथ यदुवीर पुष्पवान, पुजारी शिवशंकर लिंग, पुजारी बागेश लिंग, कुलदीप धर्म्वाण ने दल को रवाना किया। दल ने गौरीकुंड में गौरा माई मंदिर का भी निरीक्षण किया।

### पॉलिटेक्निक के छात्रों ने सीखे अग्नि सुरक्षा के उपाय

**रुद्रप्रयाग।** अग्निशमन इकाई के तत्वाधान में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक रतूड़ा में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को अग्निशमन एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। साथ ही कई स्लोगनों के माध्यम से छात्रों को जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे के निर्देशन में अग्निशमन इकाई की ओर से निरन्तर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान रतूड़ा में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गणनाथ सिंह बिष्ट ने छात्र-छात्राओं को आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की। प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग एवं संचालन की जानकारी/प्रशिक्षण प्रदान किया।

### सोनीपत की मंडियों में दो लाख 83 हजार 178 टन गेहूं की खरीद

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में विभिन्न मंडियों में शुक्रवार देर शाम तक दो लाख 83 हजार 178 टन गेहूं की आवक हो चुकी है। यह जानकारी शनिवार को उपायुक्त मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि दो लाख 83 हजार 178 गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 96 हजार 707 टन, हैफेड एक लाख 17 हजार 559 टन, हरियाणा वेयर हाउसिंग 60 हजार 505 टन और फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया (एफसीआई) ने आठ हजार 407 टन गेहूं की खरीद की है।

### सुडोकू 6888 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 1 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 | 5 |
| 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 1 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 6 |
| 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 |

# शिपकी ला के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने के लिए केंद्र से करेंगे आग्रह : सुक्खू

■ मुख्यमंत्री ने सेना अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

**शिमला,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश किन्नौर जिला से शिपकी-ला के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने का मामला केंद्र सरकार के समक्ष रखेगा। यह बात मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां मध्य कमान, लखनऊ के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। हिन्दू, जैन, बौद्ध धर्म के लोगों के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा का धार्मिक महत्त्व है। हर वर्ष आध्यात्मिक विरासत का निर्वहन करते हुए हजारों तीर्थ यात्री कैलाश की यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्री शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से तिब्बत में प्रवेश कर सकते हैं, क्योंकि यह एक व्यवहार्य मार्ग है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र सरकार से सिक्किम, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश की तर्ज पर हिमाचल स्काउट बटालियन की स्थापना करने का आग्रह करेगी, जिसमें राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थानीय लोगों के लिए विशेष कोटा होगा। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों की यह मांग लंबे समय से लंबित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एलएसी तक बॉर्डर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना और अन्य अर्द्धसैनिक बलों के साथ सहयोग और सहभागिता आवश्यक है। राज्य सरकार केंद्र सरकार से विभिन्न सैन्य और अर्धसैनिक बलों की इनर लाइन चेक पोस्टों को समाप्त करने का भी आग्रह करेगी, जिससे वर्तमान में पर्यटकों के लिए परमिट संबंधी बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने पर्यटकों की यात्रा को सरल बनाने और आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने पर बल दिया।



### मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग को 30 अप्रैल तक ठेकेदारों के बकाया भुगतान करने के निर्देश दिए

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज वित्त विभाग को 30 अप्रैल, 2025 से पहले लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और अन्य विभागों के ठेकेदारों के सभी बकाया भुगतान जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए हिमकेयर योजना के अंतर्गत आईजीएमसी शिमला, पीजीआई चण्डीगढ़, टांडा चिकित्सा महाविद्यालय के लंबित बिलों के भी शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग को सहारा योजना के लाभार्थियों की किस्तें जारी करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर उठाए जा रहे प्रभावी कदमों से प्रदेश की वित्तीय स्थिति मजबूत हो रही है।

# सैनी ने पंचकूला में 55 करोड़ के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

**चंडीगढ़,** 19 अप्रैल (एर्जेसियसां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शनिवार को पंचकूला को स्मार्ट सिटी बनाने के ध्येय को पूरा करने की दिशा में 55 करोड़ 38 लाख रुपए से अधिक की राशि के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्याय किए । इन परियोजनाओं में 50 करोड़ रुपए की लागत से घग्गर नदी पर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन, सेक्टर 28 व 31 में लगभग 4 करोड़ 64 लाख 59 हजार रुपए की लागत से दो डिस्पेंसरियों के भवनों और बरवाला के गांव कनौली में 74 लाख 38 हजार रुपए की लागत से ग्राम सचिवालय का शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा, उन्होंने पंचकूला विधानसभा क्षेत्र के गांव में विकास कार्यों के लिए पांच करोड़ रुपए देने की घोषणा भी की। श्री सैनी ने कहा कि आज जो उद्घाटन एवं शिलान्यास किए गए हैं, वे पंचकूला को स्मार्ट सिटी बनाने के साथ-साथ उसे एक बेहतर स्वच्छ और स्वस्थ शहर बनाने में भी मील का पत्थर साबित होंगे। हमारा लक्ष्य पंचकूला को एक स्मार्ट सिटी बनाना है, जहां नागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो विकसित भारत का सपना देखा है उसमें विकसित हरियाणा का भी अपना स्थान है। हरियाणा को विकसित होना है तो पंचकुला को भी विकसित बनाना होगा। देश के प्रधानमंत्री ने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का विजन रखा है और इसमें हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने इस अवसर पर पंचकूलावासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन पंचकूला के लोगों के लिए बड़ी खुशी का दिन है।




> हमारा लक्ष्य पंचकूला को एक स्मार्ट सिटी बनाना है, जहां नागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों : मुख्यमंत्री

# बैंस ने नंगल के पुनरुद्धार के लिए की खट्टर से हस्तक्षेप करने की मांग

**चंडीगढ़,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने शनिवार को चंडीगढ़ में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की और प्रतिष्ठित भाखड़ा नंगल बांध के आसपास बसे शहर नंगल के पुनरुद्धार की मांग की। नंगल को एक आदर्श शहर और विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल में बदलने के लिए केंद्रीय मंत्री से व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग करते हुए श्री बैंस ने एक व्यापक टाउनशिप पुनर्विकास, सतलुज रिवरफ्रंट का विकास, एक पर्यटक आकर्षण के रूप में एक सुंदर रेलवे लाइन और भाखड़ा नंगल बांध संग्रहालय के निर्माण सहित परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा। श्री बैंस ने नंगल के ऐतिहासिक महत्व पर जोर देते हुए देश की स्वतंत्रता के बाद की प्रगति के एक शानदार उदाहरण के रूप में इसकी स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने 1960 और 1970 के दशक के अपने स्वर्णिम युग को याद किया, जब इसे भारत के सबसे खूबसूरत, सुनियोजित और जीवंत शहरों में से एक माना जाता था। इसके पेड़ों से लदे रास्ते, संरचित लेआउट और समृद्ध सांस्कृतिक जीवन पंजाब और पूरे देश के लिए गर्व का स्रोत थे।



शिक्षा मंत्री ने हालांकि पिछले कुछ वर्षों में शहर के क्रमिक पतन पर दुख जताते हुए कहा कि यह एक 'खंडार शहर' बन गया है, जो अपने गौरवशाली अतीत की छाया मात्र है। व्यापक टाउनशिप पुनर्विकास का प्रस्ताव देते हुए श्री बैंस ने उल्लेख किया कि नंगल में बुनियादी शहरी सुविधाओं का भी अभाव है। उन्होंने पर्याप्त खाली भूमि की उपलब्धता के बावजूद सिनेमा हॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और मनोरंजन केंद्रों की अनुपस्थिति की ओर इशारा किया। उन्होंने सुझाव दिया कि भूमि के एक हिस्से को पारदर्शी और सक्रिय रूप से पट्टे पर देने से शहरी परिदृश्य बदल सकता है, मनोरंजन क्षेत्र, शॉपिंग आर्केड, शहरी पार्क और रोजगार केंद्र बन सकते हैं। यह न केवल यहां के निवासियों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगा बल्कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के लिए नियमित राजस्व भी अर्जित करेगा। श्री बैंस नंगल झील रिवरफ्रंट के विकास की भी मांग की, जबकि सदन से सटे रिवर व्यू रोड को एक लुभावने प्राकृतिक दृश्य बताते हुए उन्होने कहा कि वर्तमान में यह स्थान खाली और उपेक्षित पड़ा है।

# 'सांसद विकास कार्यों को लेकर कतई गंभीर नहीं'

■ 17वीं लोकसभा में सांसदों ने 58 फीसदी निधि खर्च की

■ 18वीं लोकसभा में अभी तक एक भी काम स्वीकृत नहीं

**देहरादून,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड के सांसदों को राज्य के विकास की कितनी चिंता है तथा इसे लेकर वह कितने गंभीर हैं इसका सच जानकर कोई भी हैरान हो सकता है। इन सांसदों द्वारा 17वीं लोकसभा के कार्यकाल में अपनी स्वीकृत निधि का सिर्फ 58 फीसदी ही खर्च किया गया जबकि 18वीं लोकसभा के गठन से लेकर अब तक किसी भी सांसद द्वारा राज्य के लिए कोई एक भी काम कराने की स्वीकृति तक नहीं ली गई है जबकि इन सभी सांसदों को पांचकृपांच करोड़ सांसद निधि स्वीकृत है।

काशीपुर निवासी अधिवक्ता नदीम उद्दीन द्वारा एक जनहित में सूचना के अधिकार के तहत मांगी सूचना से मिली जानकारी के आधार पर 17वीं लोकसभा के कार्यकाल में राज्य के सांसदों द्वारा कुल 5728 कार्य स्वीकृत कराए गए गए थे जिनमें से 3577 कार्य तो पूर्ण हो गए लेकिन 1470 अभी तक शुरू भी नहीं हो सके हैं। सवाल यह है कि 18वीं लोकसभा के लिए सांसदों ने अभी तक कोई कार्य स्वीकृत नहीं कराया है उनकी सांसद निधि खर्च की बात ही क्या की जा सकती है। जहां तक बात 17वीं लोकसभा के दौरान सांसदों द्वारा अपनी निधि खर्च करने पर नजर डाली जाए तो यहां भी उन्होंने 50-60 फीसदी निधि का इस्तेमाल किया है। यानी 40 फीसदी के आसपास निधि लैप्स हो गई अगर जनहित में इसका उपयोग किया जाता तो बहुत सारे काम हो सकते थे और जनता को बड़ी राहत मिल सकती थी। अगर संसदीय क्षेत्रवाद इस निधि खर्च पर गौर करें तो 17वीं लोकसभा में अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा ने 64 फीसदी सांसद निधि खर्च की, वही हरिद्वार सांसद डा. निशंक ने 50 फीसदी, पौड़ी सांसद तीरथ सिंह रावत ने 38 फीसदी टिहरी सांसद राज्य लक्ष्मी शाह ने 68 फीसदी, नैनीताल सांसद अजय भट्ट ने 64 सांसद निधि खर्च की है। इस सूची में भले ही तीरथ सिंह रावत सबसे फिसड्डी रहे हो और राज्य लक्ष्मी शाह सबसे अव्वल लेकिन अगर उत्तराखंड राज्य के सभी पांच सांसदों का औसत देखा जाए तो वह 58 फीसदी ही है इसलिए यह कहना अनुचित नहीं होगा कि सांसद निधि के उपयोग में उत्तराखंड के सभी सांसद फिसड्डी साबित हुए हैं। 18वीं लोकसभा के गठन को इतना समय बीत चुका है लेकिन अभी तक किसी भी सांसद द्वारा एक भी काम स्वीकृत नहीं कराया जाना हैरान करता है जबकि इन माननीयों द्वारा जनता से विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं।

# उत्तराखण्ड में डेंगू ने पैर पसारने किए शुरू

**देहरादून,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। देहरादून में डेंगू ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को तैयारियों के लिए स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने निर्देशित किया है। उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने डेंगू की रोकथाम को लेकर संबंधित अधिकारियों से जिला स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अन्य विभागों के साथ तालमेल बनाकर डेंगू संभावित या प्रभावित क्षेत्र में विशेष फोकस किया जाने को भी कहा है। धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य महानिदेशालय में डेंगू की रोकथाम को लेकर खास बैठक की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराखंड के निजी अस्पतालों को भी डेंगू मरीजों की जानकारी भारत सरकार के आईडीएसपी पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज करानी होगी। जिसकी मॉनिटरिंग संबंधित जिलों के सीएमओ करेंगे। डेंगू को लेकर संवेदनशील पांच जिलों देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, नैनीताल और पौड़ी के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से यह भी कहा गया है कि अधिकारी रेखीय विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जन जागरूकता अभियान में तेजी लाएं। इसके लिए वॉलिंटियर्स की टीमों को हॉटस्पॉट क्षेत्रों में भेजा जाए। इसके अलावा उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस बात पर भी ध्यान देने को कहा है कि राज्य में डेंगू की जांच कर रही निजी पैथोलॉजी लैब भी केंद्र सरकार द्वारा अधिकृत टेस्ट किट का ही प्रयोग करें। इसको लेकर सभी सीएमओ अपने जनपदों में स्थित निजी लैब को जरूरी दिशा-निर्देश जारी करें। अप्रैल माह में देहरादून जिले में 19 डेंगू पॉजिटिव केस पाए गए हैं। बीते रोज डेंगू के संदिग्ध मरीजों के 55 सैंपल कलेक्ट किए गए। जिसमें तीन मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई, देहरादून मे एक पॉजिटिव मरीज एक हरिद्वार और एक सहारनपुर के मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। अब तक 968 सैंपल कलेक्ट किए गए हैं।




■ स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहने के दिए निर्देश

# समय से जारी हुआ उत्तराखण्ड बोर्ड का परिणाम: डॉ. धन सिंह

■ शिक्षा मंत्री ने बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम पर खुशी जताते हुए सफल होने वाले परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी

**देहरादून,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित होते ही शिक्षा विभाग खासा उत्साहित दिखाई दिया। दरअसल यह पहला मौका है जब उत्तराखंड में शिक्षा विभाग ने कैलेंडर के लिहाज से समय पर बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए हैं। शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम पर खुशी जताते हुए सफल होने वाले परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम अप्रैल महीने के तीसरे हफ्ते में ही जारी कर दिया गया है। राज्य में बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने को लेकर इसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि अब तक बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम अप्रैल अंत में या मई महीने में जारी किए जाते थे। लेकिन इस बार शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक कार्यक्रम को लेकर जो कैलेंडर जारी किया था, उसके हिसाब से ही बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

# प्रादेशिकी

## तहसील मवाना में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**मेरठ,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 191 शिकायती/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 4 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। संबंधित अधिकारी शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता करते हुए शिकायत का निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

# परिवारवादियों को स्वीकार्य नहीं सबका साथ, सबका विकास : योगी

■ **विपक्ष के कई नेताओं का नाम लिए बिना किया शाब्दिक प्रहार**



**जिन लोगों के अंतः करण में तानाशाही और अधिनायकवादी भाव है वह विकास को पनपते हुए नहीं देखना चाहते : योगी आदित्यनाथ**

**लखनऊ/गोरखपुर,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के कई नेताओं का नाम लिए बिना उन पर करारा शाब्दिक प्रहार करते हुए कहा कि जिन लोगों के अंत:करण में तानाशाही और अधिनायकवादी भाव है वह विकास को पनपते हुए आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते हैं। मुख्यमंत्री गोरखपुर के रामगढ़ताल क्षेत्र स्थित एक होटल के सभागार में शनिवार को एक प्रमुख मीडिया समूह के उत्सव अभिव्यक्ति का कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने खुद को परिवार तक सीमित रखा। अपना और परिवार का ही विकास किया। उन्होंने प्रदेश के समग्र विकास को प्राथमिकता नहीं दी।

इसका नतीजा यह हुआ कि यूपी के नागरिकों के सामनेपहचान का संकट खड़ा हो गया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में किसान आत्महत्या करने को मजबूर रहे, गरीब भूख से मरते रहे, महिलाओं और व्यापारियों को असुरक्षा का शिकार होना पड़ा था। ऐसे लोग अपना और अपने परिवारका विकास चाहते हैं और इन लोगों को सबका साथ.सबका विकास स्वीकार्य नहीं है। योगी ने कहा कि ऐसी विचारधारा के लोगों ने 1975 में आपातकाल लागू कर मीडिया पर सेंसर लगाया था और आज भी समय-समय पर मीडिया के विरोध लेकर फतवे जारी करते रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार में सबके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हुए आज का उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था के लिए ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि 2017 केपहले तक यूपी को बीमारू राज्य और विकास में बैरियर माना जाता थाए जबकि आज यह विरासत और विकासकी शानदार यात्रा का एक बेहतरीन मॉडल बन गया है।

### पिछली सरकारों ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया दिया

मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन सरकारों ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया जबकि 2017 के बाद आई डबल इंजन सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज देकर इस राज्य की पहचान को बहाल कराया है। योगी ने कहा कि अर्थव्यवस्था की सामान्य भी जानकारी रखने वालों को पता होगा कि जब देश आजाद हुआ था तब उत्तर प्रदेश टॉप की अर्थव्यवस्था था लेकिन आजादी के बाद सरकारों के रवैये से इसकी अर्थव्यवस्था नीचे गिरती गई। 1947 से 50 के आसपास यूपी की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से अधिक थी लेकिन 2017 में यह राष्ट्रीय औसत के एक तिहाई पर आ गई। 2017 से सरकार ने प्रयास शुरू किए तो आज उत्तर प्रदेश की पहचान देश की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में है।

# सप्ताहिक पैठ का ठेका न छोड़े जाने पर ज्ञापन सौंपा

**मवाना,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका अधिकारियों से लेकर जिलाधिकारी को नगर के कई व्यापारिक संगठनों ने ज्ञापन देकर सप्ताहिक पैठ का ठेका नहीं छोड़े जाने को लेकर मांग की गई। भाजपा मवाना मंडल अध्यक्ष सचिन कौशिक के नेतृत्व में संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सराफा स्वर्णकार एसोसिएशन राष्ट्रीय हिंदू संगठन कपड़ा व्यापार संघ, केमिस्ट एंड ड्रगस्ट एसोसिएशन के विभिन्न लेटर पैड के माध्यम से नगर के व्यापारी पदाधिकारी तहसील समाधान दिवस पर जिलाधिकारी से मिले और पालिका द्वारा ठेका ना छोड़ जाने को लगा ज्ञापन दिया गया। जिलाधिकारी ने मामले की जांच करने के आदेश उप जिलाधिकारी मवाना को दिए गए हैं। आगामी 23 अप्रैल को बोर्ड की बैठक में ठेका निरस्त करने हेतु नगर के सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखते हुए मवाना पालिका में धरना देंगे।



# कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में शोभित विवि के पांच छात्र का हुआ चयन




**मेरठ,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में शनिवार को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत प्रो-डेस्क आईटी इंजीनियरिंग एंड सर्विसेज़ कंपनी ने बीटेक एवं एमबीए कार्यक्रम के पांच छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों को प्रारंभिक रूप में तीन लाख वार्षिक पैकेज की पेशकश की गई है। चयन प्रक्रिया के पश्चात सभी चयनित छात्रों को ऑफर लेटर भी प्रदान किए गए, जिससे छात्रों में उत्साह और विश्वास का वातावरण बना। छात्रों का चयन टेक्निकल टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर किया गया। इस अवसर पर चयनित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण को दिया। शोभित विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित की जा रही प्लेसमेंट गतिविधियां छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रोफेसर वी. के. त्यागी एवं प्रति कुलपति प्रोफेसर जयानंद ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्लेसमेंट ड्राइव के संयोजक डॉ. अभिषेक कुमार डबास ने कहा कि यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि छात्रों को सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और अवसर प्रदान किए जाएं, तो वे किसी भी प्रतिष्ठित कंपनी में अपनी जगह बना सकते हैं।

# नेताजी का भारत आत्मनिर्भर व सशक्त होना चाहिए : टोकन साहू



■ **मोइरंग दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि**

**नई दिल्ली,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर मोइरंग दिवस को श्रद्धापूर्वक एवं गरिमापूर्ण ढंग से नई दिल्ली के फिक्की भवन में मनाया गया। मोइरंग दिवस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक गौरवशाली अध्याय है 14 अप्रैल 1944 को आजाद हिंद फौज के कर्नल शौकत मलिक ने मणिपुर के मोइरंग में भारतीय तिरंगा फहराया था। यह वह ऐतिहासिक क्षण था जब नेताजी द्वारा स्थापित आज़ाद हिंद सरकार ने पहली बार स्वतंत्र भारतीय भूभाग पर शासन का अधिकार स्थापित किया था। यह न केवल विजय का प्रतीक था, बल्कि यह घोषणा थी कि भारत अपनी संप्रभुता पुन: प्राप्त करने के लिए सक्षम और संकल्पित है। मुख्य अतिथि टोकन साहू ने अपने उद्बोधन में नेताजी की रणनीतिक दृष्टि और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि नेताजी का भारत केवल आजाद नहीं, आत्मनिर्भर और सशक्त होना चाहिए। हमारी शहरी विकास योजनाएं चाहे वह स्मार्ट शहर हों या किफायती आवास उसी आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम हैं जिसे नेताजी ने देखा था।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि नेताजी को केवल इतिहास की पुस्तकों में सीमित न रखें-बल्कि उनके विचारों को हमारी नीतियों और नागरिक चेतना में आत्मसात करें। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में टोकन साहू, राज्य मंत्री, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (मुख्य अतिथि); रविंद्र इंद्राज सिंह, कैबिनेट मंत्री, दिल्ली सरकार तथा कुंवर शेखर विजेंद्र, कुलाधिपति, शोभित विश्वविद्यालय एवं चेयरमैन, एसोचैम राष्ट्रीय शिक्षा परिषद की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# बारिश व आंधी से उखाड़े खंभे

**मवाना,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। किसान यूनियन के मेरठ मंडल अध्यक्ष चौधरी अनिल चिकारा ने हस्तिनापुर क्षेत्र के गांव किशोरपुर मखदुमपुर बस्तोरा जलालपुर आदि गांव में बारिश आंधी से किसानों को भारी नुकसान हुआ, पेड़ उखड़ने और मवाना मखदुमपुर मार्ग पेड़ गिरने से मार्ग बाधित रहा। किसान यूनियन के मेरठ मंडल अध्यक्ष चौधरी अनिल चिकारा ने



■ **फसलें भी हुईं तबाह**

शासन प्रशासन से मांग की जो किसानों की फसलों का नुकसान हुआ है उसका तुरंत सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए। मवाना मखदुमपुर मार्ग को तुरंत चालू कराया जाए विद्युत विभाग द्वारा विद्युत के खम्बो को सही करा कर विद्युत सुचारु की जाए।

# समाधान दिवस में फरियादी ने किया आत्मदाह का प्रयास

**फर्रुखाबाद,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। कायमगंज तहसील दिवस में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अचानक उस समय भगदड़ मच गई जब फरियादी नें अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। फरियादी को पुलिस ने फिलहाल हिरासत में लिया है। जिलाधिकारी ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेकर जांच के आदेश दिए। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कायमगंज तहसील में तहसील दिवस का आयोजन चल रहा था। उनके साथ एसपी आलोक प्रियदर्शी, कायमगंज विधायक डा. सुरभि फरियादियों की समस्याओं को सुन रहे थे। उसी दौरान फरियाद लेकर पंहुचे थाना कंपिल के मिलिकिया सिकन्दरपुर तिहैया निवासी संदीप कुमार पुत्र सतीश चन्द्र पंहुचा और अपने ऊपर अचानक ज्वलशील पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास करने लगा। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों नें संदीप कुमार को हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले गए। संदीप नें बताया कि गांव के ही रामनिवास पुत्र महेंद्र व रामनरेश नारायण पुत्र रामनिवास, शिवम पुत्र रामनरेश द्वारा सार्वजनिक रास्ता व चक मार्ग के साथ ही पुस्तैनी भूमि पर कब्जा करनें का प्रयास कर रहें हैं। साल 2020 में भी इन्ही लोगों ने कब्जा करनें का प्रयास किया था, जिसे तत्कालीन जिलाधिकारी के आदेश पर सार्वजनिक रास्ता खुलवाया गया था।



■ **जिलाधिकारी ने जांच के दिए आदेश**

दोबारा मामले में शिकायत की गयी लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी नें मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सीओ कायमगंज व एसडीएम कायमगंज द्वारा मौके पर जाकर जांच करने और सत्यता को परखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जानकारी के मुताबिक दूसरा पक्ष अपना पुराना मकान बना रहा था। जिसे यह रुकवाना चाहते थे।

### सूचना

मेरा बड़ा पुत्र अकांशु कौशिक उर्फ आकाश कौशिक मेरे व मेरे पति सुनील कुमार के कहने में नही है और इनका व्यवहार मेरे व मेरे पति के साथ सही नहीं है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे पति की नही होगी इसलिए मैंने अपने बड़े पुत्र अकांशु कौशिक उर्फ आकाश कौशिक से अपना सम्बन्ध विच्छेद कर दिया है और समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।

**-श्रीमती दीपा शर्मा पत्नि श्री सुनील कुमार निवासी म0नं0 702/2, गली नम्बर -1, मुल्तान नगर, थाना टी0पी0 नगर, मेरठ।**

# संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम व एसएसपी ने सुनीं समस्याएं

**मवाना,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह व एसएसपी डा. विपिन ताडा शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचे और फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान डीएम ने राजस्व विभाग के अधिकारी व उनके अधीनस्थों के प्रति लापरवाही पर प्रति डीएम ने नाराजगी जतायी। उन्होंने तहसीलदार को लताड़ लगाते हुए कानूनगो को संस्पेंड करने के लिए संस्तुति रिपोर्ट मांगी वहीं एक लेखपाल का हल्का बदलने के निर्देश देते हुए कार्रवाई से अवगत कराने के कड़े निर्देश दिए। विभिन्न विभागों से संबंधित 191 शिकायतें, जिनमें से मात्र 4 मामलों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। शनिवार को लगभग दस बजे डीएम डा. वीके सिंह व एसएसपी डा. विपिन डा. विपिन ताडा के तहसील सभागार में पहुंचते ही समस्या रखने वालों का तांता लग गया। इस दौरान डीएम के समक्ष फलावदा क्षेत्र के अमीना बाद उर्फ बड़ा के कानूनगो सीताराम द्वारा चक्कर कटाने के बावजूद कार्य न करने और तहसील के चक्कर कटाने व क्षेत्र के पटवारी उत्कर्ष द्वारा खसरा की नकल न देने की शिकायत कुछ लोगों द्वारा की गई। जिस पर डीएम डा. वीके सिंह ने अव्यवस्था के लिए एसडीएम दीपक माथुर व तहसीलदार निरंकार सिंह सिंह की क्लास ली। उन्होंने तहसीलदार निरंकार सिंह को कानूनगो सीताराम को सस्पेंड करने की बात कहते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा पटवारी उत्कर्ष का हल्का बदलने के निर्देश दिए। डीएम ने मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में शामिल संपूर्ण समाधान दिवस पर आने वाली समस्याओं को पादर्शिता के साथ निर्धारित समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही चेताया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विभिन्न विभागों से संबंधित 191 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से चार मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि डीएम ने अन्य मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर सीएमओ अशोक कटियार, एसडीएम दीपक माथुर आदि मौजूद रहे।



■ **जिलाधिकारी ने लापरवाही पर कानूनगो को सस्पेंड करने के दिए निर्देश**

# कार पेड़ से टकराई, वार्ड बॉय के पुत्र की मौत

**फर्रुखाबाद,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेंड से टकराकर खड्ड में चली गई जिससे कार पे परखच्चे उड़ गए। कार सवार वार्ड बॉय के पुत्र सहित पांच घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती किया गया, जहां से लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया गया। लोहिया अस्पताल में वार्ड बॉय के पुत्र को मृत घोषित कर दिया गया जबकि चार घायलों को भर्ती किया गया जिसमे से दो की हालत नाजुक होने पर उन्हें रिफर कर दिया गया। थाना राजेपुर के ग्राम वीरपुर हरिहरपुर निवासी 21 वर्षीय मोनू पुत्र राजेश अपने साथी 19 वर्षीय हिमांशु पुत्र सतेन्द्र सिंह, 18 वर्षीय अंकुर पुत्र सुनील सिंह, 21 वर्षीय हिमांशु पुत्र मुकेश, राजेपुर कस्बा निवासी 20 वर्षीय उमंग गुप्ता पुत्र अमित गुप्ता के साथ अपनी कार से शिमला जानें के लिए घर से निकले थे। मिली जानकारी के मुताबिक लगभग आधी रात को कार में ट्रक का कट लगनें से अमृतपुर तिवारी कोल्ड के निकट अनियंत्रित हो गई।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, जानी खुर्द (मेरठ)

**पत्रांक : 132 /लेखा/राज्यवित्त/केन्द्रीय 15वां वित्त /निविदा आमंत्रण/2025–26** **दिनांक : 19–04–2025**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा केन्द्रीय 15वां वित्त/पंचम राज्यवित्त के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 30.04.2025 तक विक्रय की जायेंगी जो दिनांक 30.04.2025 को अपरान्ह को अपरान्ह 1.00 बजे तक आमंत्रित करते हुये उसी दिनांक को सांय 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | मद का नाम | कार्या का विवरण | कार्य की लम्बाई (मी0में) | अनुमानित लागत (लाख रू0में ) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | राज्य वित्त | ग्राम सिसौला खुर्द में शमशान घाट का निर्माण | 1 | 9.95 | 14000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 2 | राज्य वित्त | ग्राम नेक में शमशान घाट का निर्माण | 1 | 9.95 | 13000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 3 | राज्य वित्त | ग्राम मुजक्कीपुर में प्रा0पाठशाला में अवशेष कार्य का पूर्ण कराना | 1 | 9.95 | 20000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 4 | राज्य वित्त | ग्राम सतवाई में यासीन तेली के मकान से राईट भोला रजवाहे की पटरी तक इन्टरलाकिंग कार्य | 235मी0 | 9.98 | 20000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 5 | राज्य वित्त | सिसौला बुजुर्ग में इरशाद की डेरी से कासिम के खेत तक 50 मी0 इन्टरलॉकिंग | 50 मी0 | 7.41 | 15000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 6 | राज्य वित्त | ग्राम घाट में चन्दरू के मकान से शेखर शर्मा के मकान तक इन्टरलॉकिंग कार्य | 115 मी0 | 6.815 | 13000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 7 | राज्य वित्त | ग्राम जानीखुर्द में गजे के घेर से बाग तक इन्टरलॉकिंग | 150 मी0 | 7.86 | 16000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 8 | राज्य वित्त | ग्राम किशौरी में सचिन गुडडु के घर से रविन्द्र पुत्र टीकम के घर तक इन्टरलॉकिंग | 135 मी0 | 4.59 | 10000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 9 | राज्य वित्त | ग्राम जानीखुर्द में चांदवीर के खेत से डा0 सुमन के घर तक इन्टरलांकिंग टाईल्स निर्माण | 150 मी0 | 8.468 | 18000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 10 | राज्य वित्त | ग्राम नेक में राजेन्द्र उर्फ कालू के बराबर से अनिल के बराबर तक सी0सी0 निर्माण | 35 मी0 | 1.496 | 2000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 11 | राज्य वित्त | ग्राम किशौरी में डा0 सुनील शास्त्री के घर से राहुल पुत्र रणवीर के घर तक इन्टरलांकिंग टाईल्स निर्माण | 60 मी0 | 3.345 | 7000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 12 | राज्य वित्त | ग्राम रसूलपुर धौलडी में शमशान घाट निर्माण | 1 | 6.80 | 14000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 13 | टाईड | विकास खण्ड जानीखुर्द परिसर में वाटर कूलर की स्थापना | 1 | 2.11 | 5000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 14 | टाईड | ग्राम फैजाबाद पंचगांव मजरा जौहरा में वाटर कूलर की स्थापना | 1 | 2.11 | 5000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 15 | टाईड | ग्राम जानीखुर्द में मंगूमल के घर के पास वाटर कूलर की स्थापना | 1 | 2.11 | 5000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 16 | टाईड | ग्राम मुजक्कीपुर में मुख्य मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य | 1 | 2.85 | 6000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 17 | टाईड | ग्राम महपा में राजेन्द्र मास्टर के मकान से रविन्द्र पुत्र जयपाल के मकान तक नाली निर्माण कार्य | 180 मी0 | 3.37 | 7000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 18 | टाईड | ग्राम खानपुर धौलडी मार्ग पर बम्बे की पटरी पर एक वाटर कूलर की स्थापना | 1 | 2.11 | 5000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 19 | अनटाईड | ग्राम मुजक्कीपुर तालाब के सामने कुएं वाले रास्ते पर इन्टरलॉकिंग/सी0सी0 निर्माण कार्य | 80मी0 | 9.967 | 20000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 20 | अनटाईड | ग्राम कुराली में रजवाहे से तालाब की ओर इन्टरलॉकिंग /सी0सी0निर्माण कार्य | 134मी0 | 9.968 | 20000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 21 | अनटाईड | ग्राम जानीखुर्द में नैपाल सैनी के मकान से मन्दिर की ओर इन्टरलॉकिंग कार्य | 140मी0 | 9.974 | 20000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 22 | अनटाईड | ग्राम रावा में श्रीकृष्णपाल के मकान से पानी की टंकी की ओर इन्टरलॉकिंग कार्य | 150मी0 | 9.98 | 20000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 23 | अनटाईड | ग्राम किठौली में रजवाहे के पूल से लेकर डा0 सुरेन्द्र के मकान तक इन्टरलांकिंग | 150मी0 | 7.01 | 14000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 24 | अनटाईड | ग्राम पूठरी में मैन रास्ते से जू0हा0स्कूल के कोने से होते हुये मदन पाल के मकान तक इन्टरलॉकिंग टाईल्स कार्य | 115 मी0 | 8.30 | 17000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 25 | आवास | विकास खण्ड परिसर में एक मॉडल आवास | 1 | 1.20 | 3000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |

**नियम व शर्तें :–**

निविदा प्रपत्र के साथ फर्म/ठेकेदार का वैध पंजीयन प्रमाण–पत्र, पी0डब्लू0डी0, आर0ई0डी0,जिला पंचायत, श्रम कार्यालय का पंजीयन प्रमाण–पत्र, पेन नम्बर, जीएसटी नम्बर, शपथ–पत्र/कोरा चैक, जिला अधिकारी द्वारा जारी हैसियत प्रमाण पत्र, (पी0डब्लू0डी0 टी0–5) जो दो वर्ष से अधिक पुराना न हो, जिला अधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (पी0डब्लू0डी0टी0–4) जो दो वर्श के अधिक पुराना न हो, सरकारी विभाग में कराये गये निर्माण कार्यो का अनुभव प्रमाण–पत्र, आयकर क्लियरेंस प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अपराधी छवि के व्यक्ति न होने का नोटरी शपथ पत्र, क्षेत्र पंचायत के किसी सदस्य/अधिकारी/कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी न होने का नोटरी शपथ पत्र, सामान्य जमानत के रूप में जमा की गयी एफ0डी0आर0/राष्ट्रीय बचत पत्र 2 प्रतिशत (खण्ड विकास अधिकारी जानीखुर्द के नाम बन्धक), साझेदारी फर्म की दशा में रजिस्टर्ड पार्टनरशिप डीड आदि। विगत तीन वर्षो की इंकम टैक्स रिर्टन, के साथ–साथ प्रत्येक कार्य का श्रम विभाग में पंजीकरण कर पंजीकरण रसीद संलग्न करना अनिवार्य है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि **टेण्डर स्वीकृति उपरान्त तत्काल 08 प्रतिशत की एफ0डी0आर0**/राष्ट्रीय बचत पत्र(खण्ड विकास अधिकारी दौराला के नाम बन्धक), जमा कराना अनिवार्य है। निविदाये उसी दिन अपरान्ह 3–00 बजे ठेकेदारो/उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी । निविदा की अन्य शर्ते साथ दी जायेगी। सशर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा । कोई भी निविदा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। समस्त इच्छुक निविदादाता निम्न वर्णित स्थलीय कार्यो का निविदा डालने से पूर्व भलीभांति परीक्षण/निरीक्षण करलें । निविदित कार्य/धनराशि कम या अधिक हो सकती है । टेण्डर खुलने के दिनांक को अपरिहार्य स्थिति में सरकार द्वारा यदि कोई छुट्टी घोशित होती है तो टेण्डर अगले कार्य दिवस में खोले जायेंगे।

**अवर अभियंता (आर0ई0डी0)**
**जानीखुर्द (मेरठ)।**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**जानीखुर्द (मेरठ)।**

### 'तुम्हें दिल्लगी' को रीक्रिएट करना मेरे लिए सम्मान और चुनौती की बात : जुबिन नौटियाल

**मुंबई।** फिल्म 'रेड 2' के निर्माताओं ने शनिवार को अपना नया गाना 'तुम्हें दिल्लगी' रिलीज किया, यह नुसरत फतेह अली खान के प्रतिष्ठित क्लासिक का रीक्रिएशन है। गायक जुबिन नौटियाल ने कहा कि इस गाने को फिर से बनाना एक सम्मान और चुनौती भरा काम था। जुबिन नौटियाल ने कहा कि 'तुम्हें दिल्लगी' हमेशा से उन गीतों में से एक रहा है जो मेरे साथ रहा है। बचपन से अब तक मैं नुसरत साहब के इस जादुई गीत का आनंद ले रहा हूं। संगीतकार रोचक कोहली ने इस गाने को तैयार किया है और नौटियाल की आवाज में इसे जीवंत किया गया है। गाने के बोल मनोज मुंतशिर और पुरनम इलाहाबादी ने लिखे हैं। नौटियाल ने कहा कि इस संस्करण में एक गहरी तड़प है, जिसे मैंने हर नोट के माध्यम से समेटने की कोशिश की है।

धूल के कणों पर शोधकर्ताओं का अध्ययन

# बच्चों में अधिक होता है थायरॉयड कैंसर का जोखिम



- 736 ऐसे बच्चों का डेटा लिया जिन्हें 20 साल की उम्र से पहले हुआ पैपिलरी थायरॉइड कैंसर
- 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर कणों में थायरॉइड कैंसर का खतरा 7 प्रतिशत तक बढ़ा

**न्यूयॉर्क,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। यूएस की येल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने बताया है कि अगर छोटे बच्चों को जीवन की शुरुआती अवस्था में बहुत बारीक धूल के कणों (पीएम 2.5) से भरे प्रदूषण और रात में बाहर की कृत्रिम रोशनी (ओ-एएलएएन) के संपर्क में लाया जाए, तो उन्हें थायरॉइड कैंसर होने का खतरा बढ़ सकता है। यह रिसर्च 'एनवायर्नमेंटल हेल्थ पर्सपेक्टिव्स' नामक पत्रिका में छपी है। रिसर्च के अनुसार, हवा में मौजूद छोटे-छोटे कणों और रात में बाहर की कृत्रिम रोशनी के संपर्क में आने से 19 साल तक के बच्चों और युवाओं में पैपिलरी थायरॉइड कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।

यह जोखिम विशेष रूप से तब बढ़ता है जब ये बच्चे गर्भावस्था के समय या जन्म के पहले एक साल के भीतर इन चीजों के संपर्क में आते हैं। यह समय 'पेरिनेटल अवस्था' कहलाती है।

येल स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में पर्यावरण स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. निकोल डेजील ने कहा कि यह चिंता की बात है क्योंकि ये दोनों चीजें आजकल बहुत आम हो गई हैं, खासकर शहरों में।

इस शोध में कैलिफोर्निया के 736 ऐसे बच्चों और किशोरों का डेटा लिया गया जिन्हें 20 साल की उम्र से पहले पैपिलरी थायरॉइड कैंसर हुआ था, और उनकी तुलना 36,800 ऐसे लोगों से की गई जिन्हें यह बीमारी नहीं हुई।

शोधकर्ताओं ने सैटेलाइट और नक्शों की मदद से यह जांचा कि जन्म के समय बच्चे किन क्षेत्रों में रहते थे और वहां प्रदूषण और रात की रोशनी का स्तर कितना था। अध्ययन के सभी प्रतिभागी कैलिफोर्निया से थे।

नतीजों से पता चला कि अगर हवा में बारीक कणों (पीएम2.5) की मात्रा 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर बढ़ जाए, तो थायरॉइड कैंसर का खतरा 7 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। यह असर किशोरों (15-19 वर्ष) और हिस्पैनिक बच्चों में सबसे ज्यादा देखा गया। वहीं, जो बच्चे ऐसे इलाकों में पैदा हुए जहां रात को कृत्रिम रोशनी ज्यादा होती है, उनमें थायरॉइड कैंसर होने की संभावना 23 से 25 प्रतिशत तक ज्यादा पाई गई।

डॉ. डेजील ने कहा कि बच्चों और किशोरों में थायरॉइड कैंसर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी तक हमें इसके कारणों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। यह अध्ययन पहला बड़ा प्रयास है जो यह बताता है कि जीवन की शुरुआत में होने वाला प्रदूषण और रात की रोशनी इस बीमारी की वजह हो सकते हैं। हालांकि शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि इस नतीजे को पक्के तौर पर मानने से पहले और ज्यादा रिसर्च की जरूरत है।

# सिगरेट पीने से पुरुषों में कम हो सकती है पिता बनने की क्षमता



- सिगरेट में मौजूद निकोटिन और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे हानिकारक तत्व जिम्मेदार

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। धूम्रपान से स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के बारे में सबसे ज्यादा बात कैंसर को लेकर होती है। लेकिन धूम्रपान से कैंसर होने के जोखिम के अलावा और भी कई नुकसान होते हैं। हाल ही में इस संबंध में कई स्टडी सामने आई हैं, जिसमें यह दावा किया गया है कि जो पुरुष धूम्रपान करते हैं, उनमें पिता बनने की क्षमता कम होती है। इसके अलावा, इससे उनके शुक्राणु पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। यह जोखिम उन सभी युवाओं के लिए है जो लंबे समय से धूम्रपान के आदी हैं। इस विषय पर सीके बिरला अस्पताल के डॉ. कुलदीप कुमार ग्रोवर ने कहा कि धूम्रपान करने से पुरुषों के शुक्राणुओं की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, जिसका सीधा असर उनकी प्रजनन क्षमता पर पड़ता है। सिगरेट से शुक्राणुओं की गतिशीलता और उनकी संख्या पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। सिगरेट में मौजूद निकोटिन और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे हानिकारक तत्व इसके लिए जिम्मेदार होते हैं। अगर लंबे समय तक सिगरेट पीना जारी है, तो निश्चित तौर पर स्थिति और ज्यादा गंभीर हो सकती है।

फोर्टिस अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. परेश जैन ने भी चेतावनी दी है कि सिगरेट पीने से पुरुषों के प्रजनन स्वास्थ्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह न केवल पुरुषों में इरेक्टाइल डिसफंक्शन (ईडी) का एक कारण हो सकता है, बल्कि शुक्राणुओं की संख्या और गुणवत्ता को भी कम करता है। सिगरेट में मौजूद निकोटीन और हानिकारक रसायन रक्त वाहिकाओं को संकुचित करते हैं, जिससे लिंग में रक्त प्रवाह कम होता है। यह ईडी का प्रमुख कारण बन सकता है। धूम्रपान रक्त वाहिकाओं की आंतरिक परत को भी नुकसान पहुंचाता है और टेस्टोस्टेरोन हार्मोन के स्तर को कम करता है, जिससे कामेच्छा और ईडी की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसके अलावा, सिगरेट का सेवन शुक्राणुओं के डीएनए को नुकसान पहुंचा सकता है। यह भ्रूण के विकास को भी प्रभावित कर सकता है और गर्भपात का खतरा बढ़ा सकता है। सिगरेट के विषाक्त पदार्थ ऑक्सीडेटिव तनाव को बढ़ाते हैं, जो शुक्राणु कोशिकाओं को नष्ट करता है।

# कोई धारणा बनाने से पहले 'फुले' देखें ब्राह्मण : अनंत महादेवन



**मुंबई,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। 'फुले' के निर्माता अनंत महादेवन ने ब्राह्मणों से अनुरोध किया कि वे कोई राय बनाने से पहले फिल्म जरूर देखें। निर्देशक अनंत महादेवन की फिल्म फुले समाज सुधारक ज्योतिराव गोविंदराव फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है। रिलीज से पहले, फिल्म को ब्राह्मणों के कुछ वर्गों से विरोध का सामना करना पड़ रहा है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद दावा किया गया कि फिल्म में ब्राह्मणों की गलत छवि पेश की गई है।फुले के निर्माता अनंत महादेवन ने विरोध को देखते हुए कहा कि आहत समुदाय पहले फिल्म देखे और फिर अपनी राय दें। उन्होंने कहा कि उन्होंने सेंसर बोर्ड द्वारा सुझाए गए सभी नियमों का पालन किया है। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा सुझाए गए बदलावों पर अपने विचार साझा करते हुए महादेवन ने बताया कि वह शायद जरूरत से ज्यादा सतर्क थे और उनके पास कुछ सिफारिशें थीं, कुछ बदलाव थे जो वह चाहते थे कि हम करें। उन्होंने कहा कि इन बदलावों के बावजूद भी फिल्म का प्रभाव कम नहीं हुआ है। हमने इसका पालन किया क्योंकि हम कानून के अनुसार चलना चाहते हैं, लेकिन एकमात्र बात यह है कि हम थोड़े अधिक संवेदनशील हो गए हैं, भले ही उन शब्दों को बरकरार रखा गया हो, भले ही उन बिंदुओं को बरकरार रखा गया हो, मुझे नहीं लगता कि किसी को इस पर आपत्ति होगी, लेकिन कहीं न कहीं हमें इसमें सुधार करना पड़ा, लेकिन मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि इससे फिल्म का प्रभाव कम नहीं होगा। सीबीएफसी की तरफ से निर्माताओं को इस फिल्म से 'मांग', 'महार' और 'पेशवाई' जैसे शब्द हटाने को कहा गया। इसके अलावा, 'झाड़ू लिए हुए आदमी' के दृश्य को 'सावित्रीबाई पर गोबर के उपले फेंकते लड़के' से बदलने को कहा गया और '3000 साल पुरानी गुलामी' को बदलकर 'कई साल पुरानी' कर दिया गया। 25 अप्रैल को सभी को 'फुले' देखने के लिए आमंत्रित करते हुए, निर्माता ने कहा कि उन्हें सेंसर बोर्ड से क्लीन 'यू' सर्टिफिकेट मिला है सीबीएफसी ने खुद फिल्म का समर्थन किया है और कहा कि फिल्म को युवा पीढ़ी को देखना चाहिए क्योंकि ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले ने अपनी किशोरावस्था में एक क्रांति शुरू की थी।

# बिही दाना : सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं ये बीज

- जेल चेहरे पर लगाने से त्वचा को नमी, झुर्रियां होती हैं कम
- कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत



**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। बिही दाना एक पारंपरिक औषधीय तत्व है जो सदियों से आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा में इस्तेमाल होता आ रहा है। यह छोटे सफेद बीज होते हैं जो 'बिही' फल से प्राप्त किए जाते हैं। अपने औषधीय गुणों के कारण यह दाना आज भी कई घरेलू नुस्खों में प्रमुखता से प्रयोग किया जाता है।

इसका लाभ कई समस्याओं में देखा जाता है। यदि किसी को गले में खराश, सूखी खांसी या टॉन्सिल की शिकायत हो, तो बिही दाना बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इसे रातभर पानी में भिगोकर सुबह उसका जेलनुमा अर्क निकालकर पीने से गले की सूजन और दर्द में राहत मिलती है। इसका शीतल प्रभाव गले को ठंडक देता है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।

अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में 10 अक्टूबर 2022 को प्रकाशित रिसर्च स्टडी में बताया गया कि सिडोनिया ओब्लोंगा मिलर (क्विंस) यानी बिही दाना रोसेसी परिवार का एक मोनोटाइपिक जीनस है जिसका उपयोग मधुमेह, कैंसर, संक्रमण और अल्सर जैसी कई चिकित्सा स्थितियों के इलाज या रोकथाम के लिए किया जाता है।

बिही दाना को रात भर पानी में भिगोकर सुबह उसका जेलनुमा अर्क निकालकर पीने से गले की खराश, सूखी खांसी और टॉन्सिल जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। इसका शीतल प्रभाव गले की सूजन को कम करता है। इस बीज में मौजूद म्यूसीलेज (एक प्रकार का प्राकृतिक जेल) पेट की परत को सुरक्षा प्रदान करता है और कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। यह आंतों को भी साफ रखता है। बिही दाना से तैयार किया गया जेल चेहरे पर लगाने से त्वचा को नमी मिलती है, झुर्रियां कम होती हैं और त्वचा चमकदार बनती है। यह एक नेचुरल मॉइश्चराइज़र की तरह काम करता है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट गुण पाए जाते हैं जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से सर्दी-जुकाम जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव होता है। बिही दाना सांस की नली को साफ करता है और म्यूकस को पतला करने में मदद करता है, जिससे दमा और ब्रोंकाइटिस जैसी बीमारियों में राहत मिलती है। बिही दाना को रातभर पानी में भिगो दें। सुबह इसका जेल निकालकर गुनगुने पानी या शहद के साथ सेवन करें।

# कश्मीर में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं अभिनेत्री हिना खान




**मुंबई,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। कैंसर से जंग के बीच अभिनेत्री हिना खान कुछ समय के लिए अपने गृहनगर कश्मीर चली गई हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपनी कश्मीर यात्रा के बारे में फैंस को जानकारी दी। उन्होंने कुछ फोटोज शेयर कीं जिनमें कश्मीर की खूबसूरती को दिखाने का पुरजोर प्रयास किया है। अभिनेत्री ने कश्मीर की मशहूर झील में शिकारा की सैर भी की। उन्होंने इसकी फोटो शेयर की।

हिना ने नाव पर प्राणायाम करते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया। अगली तस्वीर में अभिनेत्री कश्मीर की घाटी में सूर्यास्त का आनंद लेते हुए दिखाई दीं।

हिना ने अपने पोस्ट में लिखा कि डल में मछली पकड़ने की एक छोटी सी सैर से लेकर सड़क यात्राएं, खूबसूरत सूर्यास्त, पारंपरिक बाजार में जाना काफी अच्छा रहा। इससे पहले हिना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कश्मीर की शांत सड़कों पर गाड़ी चलाते हुए एक वीडियो शेयर किया था। क्लिप में वह कार की खिड़की से हाथ बाहर निकालती नजर आ रही थीं। उनके हाथ पर आधे चांद के आकार का टैटू भी दिखाई दे रहा था। इसके अलावा, उन्होंने सोशल मीडिया पर सड़क के किनारे 'कश्मीर' नाम के कटआउट के सामने एक पोज दिया जिसमें वह दिल बनाकर पोज देती हुई नजर आईं।

# यूके में जलवा बिखेरेंगे सलमान खान

**मुंबई,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान द बॉलीवुड बिग वन यूके टूर में जलवा बिखेरेंगे। सलमान खान एक ऐसे सुपरस्टार हैं, जिनकी स्टारडम की कोई बराबरी नहीं कर सकता। वह सिर्फ बड़े पर्दे पर ही नहीं, बल्कि लोगों के दिलों पर भी राज करते हैं। उनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है, वो भी ऐसी जो सालों से उनके साथ खड़ी है, हर मोड़ पर। बॉक्स ऑफिस पर सलमान की फिल्मों का दबदबा हमेशा से रहा है, और अब वो अपने फैन्स को एक नया तोहफा देने जा रहे हैं। सलमान अब तैयार हैं स्टेज पर धमाल मचाने के लिए। सलमान खान जल्द ही 'द बॉलीवुड बिग वन यूके टूर' के जरिए यूके में अपने चाहने वालों से रूबरू होंगे।

सलमान खान अब 'द बॉलीवुड बिग वन यूके टूर' के ज़रिए लाइव परफॉर्म करने जा रहे हैं, वो भी एक दमदार लाइनअप के साथ। ये दुनिया का सबसे बड़ा बॉलीवुड टूर अब यूके आ रहा है। सलमान चार मई को मैनचेस्टर के को-ओप लाइव और पांच मई को लंदन के ओभीओ एरिना वेम्बली में परफॉर्म करेंगे।

ये वाकई एक अलग ही अनुभव होने वाला है, जब सलमान खान स्टेज पर आग लगाने आ रहे हैं, वो भी कुछ जबरदस्त बॉलीवुड सितारों के साथ। हमेशा अपनी धमाकेदार परफॉर्मेंस से लोगों को दीवाना बनाने वाले सलमान, इस बार भी 'द बॉलीवुड बिग वन यूके टूर' के ज़रिए जादू बिखेरने को तैयार हैं।

# बीएसएफ के कश्मीर प्रीमियर में भावुक हुए जवान




**कश्मीर,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म ग्राउंड जीरो के कश्मीर प्रीमियर में बीएसएफ जवान भावुक हो गए। एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म ग्राउंड जीरो अपनी दमदार कहानी और सच्ची बहादुरी पर आधारित किरदारों के साथ थियेटर्स में धमाका करने को तैयार है। पोस्टर्स, टीज़र और ट्रेलर के ज़रिए फिल्म पहले ही दर्शकों के बीच जबरदस्त चर्चा बटोर चुकी है। फिल्म की रिलीज से पहले एक खास प्रीमियर कश्मीर में बीएसएफ जवानों और आर्मी पर्सनल के लिए रखा गया, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक पल था। इस खास मौके पर फिल्म के मेकर्स फरहान अख्तर, तेजस देवस्कर और रितेश सिधवानी के साथ लीड स्टार इमरान हाशमी भी मौजूद थे। ग्राउंड ज़ीरो देखने के बाद आर्मी अफसरों ने फिल्म की असलियत और इमोशनल गहराई की जमकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि कहानी बेहद रिलेटेबल लगी और मेकर्स ने जिस सच्चाई और ईमानदारी से असली घटनाओं को पेश किया है, वह काबिल-ए-तारीफ है। फिल्म से भावुक हुए अफसरों ने कलाकारों की परफॉर्मेंस की भी सराहना की और कहा कि उन्होंने अपने किरदारों को पूरी सच्चाई से निभाया है। आर्मी अफसरों ने पूरी टीम को इस दमदार और सम्मानजनक कहानी को बड़े पर्दे पर लाने के लिए बधाई और धन्यवाद दिया।

एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की फिल्म ग्राउंड ज़ीरो, को रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का निर्देशन तेजस देवस्कर ने किया है।

# त्रिची में लिवर स्वास्थ्य के प्रति बढ़ी जागरूकता

- 120 साइक्लिस्टों ने लिया हिस्सा, डॉक्टरों के साथ-साथ आम नागरिक भी शामिल
- जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड और फास्ट फूड के सेवन से खतरा





विश्व लिवर दिवस

**त्रिची,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। लिवर स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल 19 अप्रैल को 'विश्व लिवर दिवस' मनाया जाता है। इस अवसर पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी कड़ी में शनिवार को तमिलनाडु के त्रिची स्थित अपोलो हॉस्पिटल्स में भी एक विशेष जागरूकता साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को लिवर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और यह संदेश देना था कि 'भोजन ही दवा है, दवा ही भोजन है'। इस साइक्लोथॉन का शुभारंभ तमिलनाडु के नगर प्रशासन मंत्री के एन नेहरू ने हरी झंडी दिखाकर किया। साइक्लोथॉन की शुरुआत थिल्लै नगर से हुई और इसका समापन अन्ना स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। इस आयोजन में लगभग 120 साइक्लिस्टों ने हिस्सा लिया, जिनमें डॉक्टरों के साथ-साथ आम नागरिक भी शामिल थे। सभी प्रतिभागियों ने लिवर के स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज को यह संदेश दिया कि संतुलित आहार और नियमित व्यायाम से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। आयोजन के दौरान विशेषज्ञों ने लिवर रोगों से बचाव, समय पर जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। हेपेटोलॉजिस्ट डॉ. कुमारगुरुबरन ने कहा कि विश्व लिवर दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता में लिवर रोगों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। वर्तमान में लिवर रोगों के मामले बढ़ रहे हैं और यदि इन रोगों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान नहीं की गई, तो यह गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकते हैं। इसलिए, इनकी शुरुआती पहचान बहुत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, रोकथाम इलाज से बेहतर है।

उन्होंने आगे कहा कि इस लिवर दिवस की थीम भी यही संदेश देती है। संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से आपका लिवर स्वस्थ रहेगा। आधुनिक युग में कई लोग जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड और फास्ट फूड का सेवन करते हैं। ये खाद्य पदार्थ शुरुआत में आपके लिवर में वसा जमा करते हैं, जो समय के साथ सूजन और लिवर सेल की विफलता का कारण बन सकते हैं।

# फिल्म 'द ताज स्टोरी' को अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में 'बेस्ट फिल्म' का पुरस्कार मिला




**मुंबई,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता परेश रावल की फिल्म 'द ताज स्टोरी' ने हाल ही में लंदन के हाउस ऑफ कॉमन में आयोजित ग्लोबल बिज़नेस अवार्ड 2025, अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में 'बेस्ट फिल्म' का पुरस्कार जीता। 'द ताज स्टोरी' को ब्रिटिश दर्शकों और लंदन निवासियों के साथ-साथ वहां के फौजियों द्वारा भी बेहद पसंद किया गया। फिल्म की मुख्य भूमिका में परेश रावल की शानदार अभिनय ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, लेखक और निर्देशक तुषार अमरीश गोयल के काम की भी खूब सराहना की गई। इस शानदार फिल्म का निर्माण सुरेश झा ने किया है और फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेशाम हैं। फिल्म के डी.ओ.पी सत्यजीत हज़ारनिस और एडिटर हिमांशु एम तिवारी है। फिल्म में एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली कलाकारों ने काम किया है, जिनमें अमृता खानविलकर, ज़ाकिर हुसैन, नमित दास, बृजेंद्र काला, स्नेहा वाघ, शिशिर शर्मा, श्रीकांत वर्मा, अखिलेंद्र मिश्रा, अनिल जॉर्ज, अभिजीत लेहरी, सिद्धार्थ भारद्वाज, लतिका, पंकज बेरी, आसित चटर्जी, फ्लोरा जॉक्स, वीणा झा और बाल कलाकार स्वर्णिम और सर्वज्ञ शामिल हैं। इन सभी कलाकारों ने अपने-अपने किरदारों में जान डाल दी और फिल्म को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। द ताज स्टोरी की अंतरराष्ट्रीय सफलता ने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है और यह दर्शाता है कि भारतीय कहानियों की वैश्विक पहचान हो रही है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

## सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटर्नल | 4.37 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 3.68 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 3.63 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 3.50 प्रतिशत |
| एसबीआई | 3.28 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| थ्री एम इंडिया | 1.10 प्रतिशत |
| एस्ट्रल लिमिटेड | 0.46 प्रतिशत |
| अलकेम लैब | 0.41 प्रतिशत |
| एबॉट इंडिया | 0.34 प्रतिशत |
| एसीसी | 0.02 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,310 |
| बिट्टुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,888 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 85.68 | 90.42 |
| पौंड स्टर्लिंग | 101.90 | 118.21 |
| यूरो | 85.13 | 98.74 |
| चीन युआन | 8.31 | 13.47 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |


## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5750-5850 |
| दाल चना | 6750-6850 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# पहली बार समुद्र के रास्ते अमेरिका पहुंची भारतीय अनार की वाणिज्यिक खेप

- भारतीय अनार ताजे फलों के निर्यात में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर
- 2023 में हवाई मार्ग से अनार की परीक्षण खेप भेजी गई थी अमेरिका

**नई दिल्ली**, 19 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय अनार की पहुंच अब बढ़ चुकी है। दूर-दराज के बाजारों में अनार को पहुंचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत पहली बार अनार की एक वाणिज्यिक खेप समुद्र के रास्ते अमेरिका के न्यूयॉर्क पहुंची है। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने शनिवार को बताया कि अमेरिका को बहुमूल्य भारतीय भगवा अनार का निर्यात किया गया है। यह ताजे फलों के निर्यात में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस खेप के आने से भारतीय अनार के प्रतिस्पर्धी अमेरिकी बाजार में पसंदीदा विकल्प बनने की संभावना का संकेत मिलता है।

भारत को अनार के लिए अमेरिका द्वारा बाजार पहुंच प्रदान किए जाने के बाद, 2023 में अमेरिका को हवाई मार्ग से अनार की परीक्षण खेप सफलतापूर्वक भेजी गई थी। इसके बाद भारत ने फरवरी 2024 में नवी मुंबई स्थित विकिरण सुविधा केंद्र (आईएफसी) और आईएनआई फार्म्स के सहयोग से 4,200 बक्से यानी 12.6 टन अनार की अपनी पहली परीक्षण वाणिज्यिक समुद्री खेप को सफलतापूर्वक अमेरिका के लिए रवाना किया था।



भारत सरकार वैश्विक बाजार के लिए भारतीय ताजे फलों को बढ़ावा देने में अग्रणी रही है : अभिषेक देव

भारतीय अनार के लिए अमेरिकी नियामक यूएसडीए से दिसंबर 2024 में अनापत्ति मिली जिसने भारतीय कृषि निर्यातकों के लिए लॉजिस्टिक्स और विनियामक बाधाओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनकी अमेरिकी बाजार तक पहुंच बनी।

भारतीय अनार के 4,620 बक्सों की पहली समुद्री खेप, जिसका वजन लगभग 14 टन था, मार्च के दूसरे सप्ताह में अमेरिका के पूर्वी तट पर पहुंच गई। यह खेप प्रस्थान के पांच सप्ताह के भीतर ही अमेरिका पहुंच गई। न्यूयॉर्क में इस खेप का असाधारण स्वागत किया गया। आगमन की गुणवत्ता को उत्कृष्ट बताया गया और ग्राहक भारतीय भगवा किस्म के अनारों की उल्लेखनीय अपील और खाने की बेहतरीन गुणवत्ता से मंत्रमुग्ध हो गए।

एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव ने कहा कि भारत सरकार वैश्विक बाजार के लिए भारतीय ताजे फलों को बढ़ावा देने में अग्रणी रही है। एपीडा पहले से ही अनापत्ति कार्यक्रम के लिए वित्त व्यवस्था करके अमेरिका में आम और अनार जैसे भारतीय फलों के निर्यात में सहायता कर रहा है। भारतीय किसानों को बेहतर लाभ तब मिलेगा जब उनके फल अमेरिका जैसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निर्यात किए जाएंगे। भारतीय आमों का वार्षिक निर्यात पहले ही लगभग 3,500 टन तक पहुंच चुका है और हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में अनार का निर्यात भी इतना हो जाएगा।

भारतीय निर्यात संघ के एक प्रतिनिधि ने कहा कि भारतीय अनार हमेशा से अपने स्वाद के लिए जाने जाते रहे हैं, इस खेप ने साबित कर दिया है कि सही गुणवत्ता और स्थिरता के साथ, भारतीय ताजे फल अमेरिकी उपभोक्ता के समझदार स्वाद को पूरा कर सकते हैं।

भारत बागवानी फसलों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान और आंध्र प्रदेश जैसे राज्य अनार के प्रमुख उत्पादक हैं। एपीडा ने अनार के लिए विशेष रूप से निर्यात संवर्धन मंच (ईपीएफ) की स्थापना की है जिसका उद्देश्य निर्यात को बढ़ावा देना और आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं को दूर करना है। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में 690.8 लाख डॉलर मूल्य के 72,011 टन अनार का निर्यात किया था।

## भारत से निर्यात बढ़ाने पर विचार कर रहा 'नथिंग' : कार्ल पेई

**नई दिल्ली**, 19 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ और वैश्विक व्यापार को लेकर अनिश्चितता के बीच कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी नथिंग भारत से अपने निर्यात को बढ़ाने की योजना बना रही है। इसकी जानकारी खुद सीईओ कार्ल पेई ने एक लाइव सेशन में दी।

देश से निर्यात बढ़ाने को लेकर कंपनी के सीईओ कार्ल पेई की ओर से खुद जानकारी दी गई है। कार्ल पेई की ओर से आधिकारिक एक्स हैंडल पर यह जानकारी दी गई है।

एक्स पर आस्क मी एनीथिंग सेशन (एएमए) में पेई ने टेक्नोलॉजी सेक्टर पर मौजूदा ट्रंप टैरिफ के प्रभाव को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। पेई से एक एक्स हैंडल यूजर ने सवाल किया कि क्या टेक इंडस्ट्री विशेषकर नथिंग पर टैरिफ का कोई बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। इस सवाल के जवाब में पेई ने कहा कि कौन जानता है कब क्या हो जाए। आए दिन नए बदलाव हो रहे हैं। वहीं, जब पेई से पूछा गया कि इस तरह के प्रभाव से निपटने के लिए उनकी योजना क्या रहेगी तो पेई ने कहा



कि हम भारत से निर्यात बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं।

काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, कंपनी के फोन 2ए सीरीज और इसके सब-ब्रांड सीएमएफ बाय नथिंग के डिवाइस की मजबूत मांग ने कंपनी को 2024 में देश में सालाना आधार पर 577 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में मदद की है। ब्रांड ने हाल ही में अपने अब तक के कुल राजस्व में 1 बिलियन डॉलर को पार कर लिया है।

कंपनी ग्राहकों के लिए अपने सब-ब्रांड सीएमएफ की ओर से सीएमएफ फोन 2 प्रो को 28 अप्रैल को लांच करने जा रही है।

## विदेशी निवेशकों ने इस सप्ताह भारतीय इक्विटी में किया 8,500 करोड़ का निवेश

**मुंबई,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी निवेशकों ने अपना ध्यान एक बार फिर भारतीय इक्विटी पर केंद्रित किया है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस सप्ताह विदेशी निवेशकों ने इक्विटी में लगभग 8,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह निवेश केवल तीन कारोबारी सत्रों, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार के दौरान हुआ। सार्वजनिक अवकाश के कारण सोमवार और शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहे।

यह इक्विटी सेगमेंट में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा लगातार कई महीनों तक की गई बिकवाली के बाद सकारात्मक बदलाव को दर्शाता है। उनकी




वापसी से बाजारों को सप्ताह के अंत में मजबूती के साथ मदद मिली।

दोनों प्रमुख सूचकांकों, बीएसई के सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी50 ने सप्ताह के अंत में 4.5 प्रतिशत से अधिक की मजबूत रिकवरी के साथ समापन किया, जो घरेलू और वैश्विक कारकों से मिले सकारात्मक संकेतों के कारण हुआ। यह तेजी मुख्य रूप से ट्रंप प्रशासन के टैरिफ को स्थगित करने और चुनिंदा उत्पादों पर हाल ही में दी गई छूट को लेकर आशावाद की वजह से देखी गई।

## वित्त वर्ष 2025 में भारत में सक्रिय कंपनियों की संख्या 1.62 लाख के पार

**नई दिल्ली**, 19 अप्रैल (एजेंसियां)। देश में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों से जुड़ी सक्रिय कंपनियों की संख्या 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2025 में 1,62,800 से अधिक दर्ज की गई है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, नए बिजनेस रजिस्ट्रेशन में तेजी से वृद्धि हुई है, जिसमें कुल नए रजिस्ट्रेशन में सर्विस सेक्टर का दो तिहाई हिस्सा रहा।

अप्रैल 2024-फरवरी 2025 की अवधि में, 1,41,675 कंपनियां रजिस्टर्ड हुईं, जिससे पेड-अप कैपिटल में लगभग 3.36 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हुई। औद्योगिक क्षेत्र ने पेड-अप कैपिटल का 82 प्रतिशत से अधिक प्रतिनिधित्व किया।




- औद्योगिक क्षेत्र ने पेड-अप कैपिटल का 82 प्रतिशत से अधिक किया प्रतिनिधित्व

अप्रैल-फरवरी की अवधि में मैन्युफैक्चरिंग, टेक्सटाइल, माइनिंग, मेटल और केमिकल जैसे औद्योगिक क्षेत्र में प्रमुख निवेश आया। इसी बीच, 31 जनवरी तक देश में कुल 28,05,354 कंपनियां रजिस्टर्ड थीं, जिनमें से 65 प्रतिशत (18,17,222) कंपनियां सक्रिय थीं, जो दिसंबर 2024 की तुलना में सक्रिय कंपनियों के कुल अनुपात में 0.14 प्रतिशत की वृद्धि है।

देश में 31 जनवरी तक 5,216 विदेशी कंपनियां भी रजिस्टर्ड थीं और उनमें से 63 प्रतिशत या 3,281 संस्थाएं सक्रिय थीं। कुल कंपनियों में प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की हिस्सेदारी 96 प्रतिशत है, जो कुल पेड-अप कैपिटल का 38 प्रतिशत है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की तुलना में पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की संख्या (4 प्रतिशत) कम है, लेकिन कुल पेड-अप कैपिटल का 62 प्रतिशत हिस्सा है।

# येस बैंक का चौथी तिमाही का मुनाफा 64 प्रतिशत बढ़ा, नेट एनपीए में गिरावट

**मुंबई,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। येस बैंक ने शनिवार को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में मजबूत प्रदर्शन की जानकारी दी, जिसमें बैंक का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 63.7 प्रतिशत बढ़कर 738.12 करोड़ रुपए हो गया।

पिछले साल इसी तिमाही में बैंक ने 451.9 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया था। मुनाफे में वृद्धि उच्च ब्याज आय, कम प्रावधानों और बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता की वजह से दर्ज की गई। बैंक की कुल आय पिछले साल की समान अवधि के 9,015.8 करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च 2025 तिमाही में 9,355.4 करोड़ रुपए हो गई।

मार्च 2024 तिमाही में 7,447.2 करोड़ रुपए की तुलना में ब्याज आय बढ़कर मार्च 2025 तिमाही में 7,616.1 करोड़ रुपए हो गई। दूसरी आय में भी वृद्धि देखी गई, जो एक साल पहले के 1,568.6 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,739.3 करोड़ रुपए हो गई।

कंपनी का प्रोविजन से पहले परिचालन लाभ वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 1,314.4 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले की तिमाही में 902.5 करोड़ रुपए था।

येस बैंक ने अपनी परिसंपत्ति गुणवत्ता में भी सुधार दर्ज किया। बैंक के ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) घटकर 3,935.6 करोड़ रुपए हो गई, जबकि ग्रॉस एनपीए अनुपात एक साल पहले के 1.7 प्रतिशत की तुलना में




- येस बैंक ने अपनी परिसंपत्ति गुणवत्ता में भी किया सुधार

सुधरकर 1.6 प्रतिशत हो गया। नेट एनपीए घटकर 800 करोड़ रुपये हो गया और शुद्ध एनपीए अनुपात सालाना आधार पर 0.6 प्रतिशत से सुधरकर 0.3 प्रतिशत हो गया।

येस बैंक ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि 31 मार्च को समाप्त तिमाही और वर्ष के दौरान, बैंक ने अप्रूव्ड एम्प्लॉई स्टॉक ऑप्शन स्कीम के तहत कर्मचारियों के स्टॉक विकल्पों के प्रयोग के अनुसार, क्रमशः 2 रुपए प्रति शेयर के 3,257,773 और 26,471,398 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। पूरे वित्त वर्ष 2025 के लिए, येस बैंक का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक बढ़कर 24,058.6 करोड़ रुपए हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 में यह 12,510.8 करोड़ रुपए था। 17 अप्रैल को बीएसई पर येस बैंक के शेयर 1.1 प्रतिशत बढ़कर 18 रुपए पर बंद हुए।

## एचडीएफसी बैंक का तिमाही मुनाफा 6.9 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 17622.38 करोड़ रुपये के मुकाबले 6.9 प्रतिशत बढ़कर 18834.88 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18834.88 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के 17622.38 करोड़ रुपए से 6.9 प्रतिशत अधिक है। हालांकि इस अवधि में उसकी कुल आय में 3.3 प्रतिशत की कमी हुई और यह 124391.35 करोड़ रुपए से घटकर 120268.76 करोड़ रुपए पर आ गया। इसी तरह उसका कुल व्यय भी 92819.42 करोड़ रुपए से कम होकर 90890.01 करोड़ रुपए रह गया।

## वर्ष 2025 में भारत का फार्मा निर्यात 30 बिलियन डॉलर के पार

**नई दिल्ली**, 19 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत का फार्मा निर्यात वित्त वर्ष 2025 में 30 बिलियन डॉलर को पार कर गया, जिसमें अमेरिका देश के फार्मा निर्यात का एक तिहाई से अधिक हिस्सा रखने वाला प्रमुख बाजार बना हुआ है। यह देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

आधिकारिक व्यापार आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में फार्मा निर्यात 30,467.32 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2024 के 27,851.70 मिलियन डॉलर से 9 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, मार्च के महीने में फार्मा निर्यात में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 2,805.71 मिलियन डॉलर से बढ़कर




अमेरिका शीर्ष बाजार के रूप में बरकरार

3,681.51 मिलियन डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2025 में मूल्य के संदर्भ में अमेरिका को निर्यात 14.29 प्रतिशत बढ़कर 8,953.37 मिलियन डॉलर हो गया। पिछले वित्त वर्ष में भारत के फार्मा निर्यात में टॉप पर रहने वाले दूसरे देशों में यूके, ब्राजील, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका थे। इस बीच, पिछले महीने एक रिपोर्ट में कहा गया था कि घरेलू फार्मास्यूटिकल्स बाजार में वित्त वर्ष 2026 में सालाना आधार पर 8-9 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली**, 19 अप्रैल (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर आवक और उठाव बराबर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3450-3550 रुपए प्रति क्विंटल रहा।


**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

# इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम ने 10 वर्षों में 25 लाख नौकरियां पैदा कीं : वैष्णव

- पिछले एक दशक में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात छह गुना बढ़कर 3.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक

**नई दिल्ली**, 19 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग ने 11 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर पिछले 10 वर्षों में पांच गुना वृद्धि दर्ज करवाई है। साथ ही यह पूरा इकोसिस्टम 25 लाख नौकरियां पैदा करने में सक्षम रहा।

हरियाणा के मानेसर में वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज की एसएमटी (सरफेस माउंट टेक्नोलॉजी) लाइन का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले एक दशक में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात छह गुना बढ़कर 3.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।



वैश्विक बाजारों में भारतीय उत्पादों को उनकी विश्वसनीयता बनाए रखने और अधिकारों के सम्मान का फायदा मिलता है : अश्विनी वैष्णव

यह वीवीडीएन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सर्वर, नेटवर्किंग इक्विपमेंट और मदरबोर्ड जैसे लार्ज और कॉम्प्लेक्स प्रोडक्ट्स को मैन्युफैक्चर करने में मददगार होगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम करने और भारत के सप्लाई चेन को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक बाजारों में भारतीय उत्पादों को उनकी विश्वसनीयता बनाए रखने और आई अधिकारों के सम्मान का फायदा मिलता है। इन उत्पादों को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिल रही है।

उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में स्वीकृत 22,919 करोड़ रुपए की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेट्स पीएलआई इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को बेहतर बनाने में अहम होगी। उद्घाटन समारोह 'डिजाइन और मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहलों के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर साबित हुआ, जो इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद इंजीनियरिंग और हाई-वॉल्यूम मैन्युफैक्चरिंग में भारत की घरेलू क्षमताओं की बढ़ती ताकत को दिखाता है। नई उद्घाटित एसएमटी लाइन वीवीडीएन की सबसे बड़ी लाइन है।

## सार संक्षेप

### अमेरिका और पेरू की यात्रा पर जाएंगी सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को अमेरिका और पेरू की यात्रा पर रवाना होंगी। अमेरिका प्रवास के दौरान वह वाशिंगटन डीसी में आईएमएफ-विश्व बैंक की ग्रीष्मकालीन बैठकों में भी शामिल होंगी। उनके अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने की भी उम्मीद है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि अपने अमेरिका प्रवास के पहले चरण में निर्मला सीतारमण 20 अप्रैल को सैन फ्रांसिस्को पहुंचेंगी। दूसरे चरण में वह 22 से 25 अप्रैल तक वाशिंगटन डीसी में होंगी। सैन फ्रांसिस्को में वह स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के हूवर इंस्टीट्यूशन में विकसित भारत 2047 की नींव रखना विषय पर बोलेंगी। इसके बाद, एक फायरसाइड चैट सत्र में हिस्सा लेंगी। वित्त मंत्री निवेशकों के साथ गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड मैनेजमेंट कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ वार्ता करेंगी।

### सरकार का 'डेटा यूजर्स' कॉन्फ्रेंस आयोजित करने की घोषणा

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को एविडेंस-बेस्ड पॉलिसी निर्माण और प्रभावी शासन को बढ़ावा देने के लिए मुंबई में इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान (आईजीआईडीआर) के साथ मिलकर 'डेटा यूजर्स' कॉन्फ्रेंस आयोजित करने की घोषणा की। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) का राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) डेटा यूजर्स और दूसरे हितधारकों के साथ जुड़ाव को मजबूत करने के अपने निरंतर प्रयासों के अनुरूप, 21 अप्रैल को मुंबई में गोरेगांव (पूर्व) स्थित आईजीआईडीआर परिसर में सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। डेटा यूजर्स कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग करेंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 250 प्रतिभागी भाग लेंगे, जिनमें रिसर्चर्स, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, औद्योगिक संघ, नीति निर्माता, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि, निजी सर्वेक्षण एजेंसियां और शिक्षा जगत के प्रतिष्ठित संस्थान शामिल होंगे। इसमें राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (एनएससी) और तकनीकी समितियों के विशेषज्ञ और सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

### आईटीसी ने मदर स्पर्श में किया 81 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा की घरेलू वस्तुएं बनाने वाली प्रमुख एफएमसीजी कंपनी आईटीसी लिमिटेड ने शिशु देखभाल ब्रांड मदर स्पर्श में अपनी हिस्सेदारी 26.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 49.3 प्रतिशत करने के लिए लगभग 81 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है। कंपनी ने शनिवार को बताया कि यह निवेश दो चरणों में प्राथमिक सदस्यता और द्वितीयक खरीद के माध्यम से किया जाएगा, जिसे वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही तक पूरा कर लिया जाएगा। इस रणनीतिक निवेश के साथ आईटीसी का मदर स्पर्श में कुल निवेश बढ़कर करीब 126 करोड़ रुपए हो जाएगा।

# खेल जगत

## एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करेगी भारतीय हॉकी टीम : फुल्टन

**नई दिल्ली।** झांसी में 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन को भरोसा है कि उनकी टीम आगामी एशिया कप 2025 में अच्छा प्रदर्शन करेगी। राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के हर मैच में बारीक नजर रखने वाले फुल्टन ने एशिया कप में भारतीय टीम की तैयारी का विश्लेषण किया और टीम में प्रतिभा की गहराई और गुणवत्ता के बारे में आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पंजाब ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के मजबूत प्रतिनिधित्व के साथ प्रदर्शन किया, जबकि शीर्ष चार टीमों ने कुल मिलाकर अच्छा संतुलन और गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। कुछ क्षेत्र निश्चित रूप से दूसरों की तुलना में अधिक मजबूत थे। उदाहरण के लिए, पंजाब सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ सबसे आगे रहा, जिसने उन्हें बढ़त दिलाई। साथ ही, शीर्ष चार टीमों में प्रतिभा का एक स्वस्थ संतुलन था।



# आरसीबी अब पंजाब किंग्स से हिसाब बरकरार करने उतरेगी

- आरसीबी की जीत की उम्मीदें विराट व साल्ट पर
- पंजाब किंग्स के अर्शदीप व चहल से आरसीबी को चौकस रहना होगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। टिम डेविड के अर्द्धशतक के बावजूद बारिश से बाधित 14 14 ओवर के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू(आरसीबी) अपने घर में शुक्रवार को आधी रात के बाद तक चले मैच में अपने घर पंजाब किंग्स से पांच विकेट से हार के बाद अब 2025 आईपीएल में रिटर्न मैच में उसे उसके घर मुल्लानपुर(मोहाली) में रविवार को हरा कर उससे हिसाब चुकता करने उतरेगी। आरसीबी की सात मैचों में अपने घर में यह लगातार तीसरी हार थी और अब वह चार जीत के साथ आठ अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। वहीं आरसीबी से अपने पिछले लगातार तीन मैच हारने के बाद पहली जीत दर्ज करने वाली पंजाब किंग्स सात मैचों में लगातार दूसरी जीत और कुल पांचवीं जीत के साथ दस अंक ले दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी को जीत की उम्मीदें खासतौर पर उसके विराट कोहली और फिल साल्ट की जोड़ी होगी। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह व लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल से चौकस रहना होगा पंजाब के गेंदबाजों ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, मार्को येनसन व अनुभवी चतुर लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बराड़ ने दो दो विकेट चटका कर 14 ओवर में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की दावत पा तेजी से रन बनाने की हड़बडी करने वाली आरसीबी को टिम डेविड(50*, 26 गेंद, तीन छक्के, पांच चौके) और कप्तान रजत पाटीदार (23 रन, 18 गेंद, एक छक्का, एक चौका) की तेज पारियों के बावजूद नौ विकेट पर 95 रन रोक दिया।

## आरसीबी को घरेलू मैदान पर मैच जीतने का तरीका खोजना होगा : टिम डेविड

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज टिम डेविड को लगता है कि शुक्रवार को लगातार तीसरी हार झेलने के बाद उनकी टीम को घरेलू मैदान - एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलने और मैच जीतने के लिए एक खाका खोजने की जरूरत है। पंजाब किंग्स ने आरसीबी को पांच विकेट से हरा कर आईपीएल 2025 सीजन के लिए इस मैदान पर बेंगलुरु का जीत रहित रिकॉर्ड बरकरार रखा। यह इस मैदान पर आरसीबी की 46वीं हार थी - जो कि आईपीएल में किसी भी फ्रेंचाइजी की अब तक की सबसे ज्यादा हार हैं। बारिश से प्रभावित मैच में पारी की खराब शुरुआत के बाद, डेविड ने 26 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से अर्द्धशतक बनाया और टीम को 14 ओवर में 95/9 पर पहुंचाया। जवाब में, पंजाब किंग्स ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए नेहाल वढेरा के तीन छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से नाबाद 33 रन बनाए और टीम को 11 गेंद शेष रहते शानदार जीत दिलाई। डेविड ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि हमने अब तक जितने भी मैच खेले हैं, उनमें हमें अलग-अलग परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है।

## हम एक इकाई के तौर पर बल्लेबाजी नहीं कर सके : पॉटीदार

**बेंगलुरु।** पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच विकेट से मिली का हार का ठीकरा खराब बल्लेबाजी पर फोड़ते हुये रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि उनके बल्लेबाज एक इकाई के तौर पर प्रदर्शन नहीं कर सके।मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में पाटीदार ने कहा कि वर्षा के बाद विकेट में नमी के कारण शुरु में बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा मगर यह कोई बहाना नहीं है। सच तो यह है कि हम एक इकाई के तौर पर बल्लेबाजी नहीं कर सके। इस विकेट पर साझेदारी निभाना जरुरी था। टिम डेविड ने इसी विकेट पर नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली मगर अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक था। हम इस मैच को एक सबक के तौर पर लेना पसंद करेंगे। वहीं पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने जीत का श्रेय फिरकी गेंदबाज युजवेंद्र चहल और युवा बल्लेबाज नेहल बढेरा को देते हुये कहा कि चहल एक विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं।

# वानखेड़े में रोचक होगी मुंबई व चेन्नई की भिड़ंत

- सीएसके ने डेवाल्ड ब्रेविस और स्थानीय युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे को भी टीम में शामिल किया है





**मुंबई,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। चेन्नई सुपर किंग्स की खराब फॉर्म ने भले ही इस प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्विता की चमक को कुछ हद तक कम कर दिया हो, लेकिन वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को होने वाला मुकाबला अभी भी काफी अहम है, क्योंकि मुंबई इंडियंस अपने आखिरी पलों में मिली बढ़त को बरकरार रखना चाहेगी और सीजन की शुरुआत में मिली हार का बदला लेना चाहेगी।

तालिका में सातवें स्थान पर मौजूद हार्दिक पांड्या की टीम ने दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार जीत के साथ अपने अभियान को फिर से शुरू किया है। विस्फोटक एसआरएच लाइन-अप के खिलाफ वानखेड़े की मुश्किल सतह पर उनका प्रदर्शन - खासकर गेंद से - शानदार था, पिच स्पिनरों के लिए अप्रत्याशित टर्न और ग्रिप प्रदान करती थी और तेज गेंदबाजों को कटर की मदद करती थी। हालांकि, एक मजबूत स्पिन दल वाली सीएसके टीम के खिलाफ यही मैच प्लान काम नहीं कर सकता है। रवींद्र जडेजा और फॉर्म में चल रहे नूर अहमद-जिन्होंने रिवर्स फिक्सचर में एमआई के खिलाफ तीन विकेट लिए-चेन्नई के लिए अहम हथियार होंगे। अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर ने पहले ही सात मैचों में 12 विकेट चटकाए हैं और एमआई को बीच के ओवरों में उनसे बेहतर प्रदर्शन करना होगा। सीएसके ने डेवाल्ड ब्रेविस और स्थानीय युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे को भी टीम में शामिल किया है, हालांकि उन्हें द्वन्द्व में शामिल करना अनिश्चित है।

सीएसके ने लखनऊ सुपर जायंट्स पर पांच विकेट की मामूली जीत के साथ अपने चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ा, लेकिन पूरी तरह से वापसी के संकेत अभी भी फीके हैं। हालांकि, वानखेड़े में एमएस धोनी की वापसी एक खास सबप्लॉट जोड़ती है। पिछले सीजन में इसी मैदान पर पूर्व कप्तान की चार गेंदों पर 20 रन की पारी-जिसमें पांड्या की गेंदों पर तीन छक्के शामिल थे-आज भी यादों में ताजा है। अब वापस कमान संभालते हुए, धोनी पर सीएसके के अभियान को आगे बढ़ाने और डेथ ओवरों में बल्ले से योगदान देने की दोहरी जिम्मेदारी है।

## अधिक पावर-हिटर के कारण एमआई का सीएसके पर पलड़ा भारी : सुरेश रैना

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और चार बार के आईपीएल विजेता सुरेश रैना का मानना है कि मुंबई इंडियंस (एमआई), अपने शानदार पावर-हिटर के कारण, रविवार शाम को यहां वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ फिर से होने वाले मैच से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर महत्वपूर्ण बढ़त रखती है। सीएसके ने 23 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में अपने सीजन के पहले मैच में एमआई पर चार विकेट से जीत हासिल की थी। लेकिन उसके बाद, दोनों टीमें जिन्होंने पांच-पांच आईपीएल ट्रॉफी जीती हैं, अंक तालिका के निचले आधे हिस्से में हैं - एमआई सातवें स्थान पर और सीएसके सबसे निचले स्थान पर है। रैना ने आईएएनएस से एक वर्चुअल बातचीत में कहा कि एमआई बहुत मजबूत लग रही है। उन्होंने दिल्ली में बहुत अच्छा मैच जीता। सीएसके के शीर्ष क्रम के खिलाफ, ट्रेंट बोल्ट की भूमिका महत्वपूर्ण होगी क्योंकि वह अच्छी लाइन में गेंदबाजी करते हैं और उनकी यॉर्कर भी अच्छी है। तिलक वर्मा एक अलग फॉर्म में हैं।

# जोस बटलर ने गुजरात को दिलाई शानदार जीत

- सुदर्शन ने 21 गेंदों पर 36 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया




**अहमदाबाद,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जोस बटलर ने नाबाद 97 रन की जबरदस्त पारी खेलते हुए गुजरात टाइटंस को शनिवार को अपने घरेलू मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स पर चार गेंद शेष रहते सात विकेट से शानदार जीत दिला दी।

तेज गर्मी के बावजूद बटलर ने 54 गेंदों पर नाबाद 97 रन की पारी में 11 चौके और चार छक्के लगाए। बटलर को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ दूसरे विकेट के लिए 60 रन और शेरफेन रदरफोर्ड के साथ तीसरे विकेट के लिए 119 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की। सुदर्शन ने 21 गेंदों पर 36 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया जबकि रदरफोर्ड ने 34 गेंदों पर 43 रन में एक चौका और तीन छक्के लगाए।

दिल्ली ने करुण नायर (31), केएल राहुल (28), कप्तान अक्षर पटेल (39), ट्रिस्टन स्टब्स (31) और आशुतोष शर्मा (37) की शानदार पारियों से आठ विकेट पर 203 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन उसे बचा नहीं पाए। गुजरात ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर 204 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। जॉस बटलर और रदरफोर्ड के बीच 119 रन की साझेदारी आईपीएल में तीसरे विकेट के लिए गुजरात की तरफ से सबसे बड़ी साझेदारी है उन्होंने सुंदर और शुभमन गिल के 90 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ा।

राहुल तेवतिया ने तीन गेंदों पर नाबाद 11 रन बनाकर मैच निपटा दिया। तेवतिया ने आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर मैच निपटा दिया। इस जीत से बटलर भी खुश हुए, भले ही उनका शतक नहीं पूरा हुआ है। यह पहली बार है, जब दिल्ली को 200 रन बनाने के बाद भी हार का सामना करना पड़ा है।

# तीन विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में नूर के बराबर आए हेजलवुड

**बेंगलुरु,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड का शीर्ष स्थान अभी भी नहीं बदला है और शनिवार के डबल-हेडर को देखते हुए ऐसा होता भी नहीं दिख रहा, लेकिन पर्पल कैप सूची में एक नया नंबर 2-या यहां तक कि संयुक्त लीडर आ गया है। शुक्रवार रात को आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) द्वारा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को घर में लगातार तीसरी हार देने के बाद लीडरबोर्ड के हालात कुछ इस तरह हैं। आरसीबी ने इस सीजन घर में अपने तीन मैच गंवाए हैं लेकिन जॉश हेजलवुड ने पीबीकेएस के खिलाफ 14 रन देकर तीन विकेट लिए। ऐसा करके उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कुलदीप यादव, मुंबई इंडियंस (एमआई) के हार्दिक पांड्या, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खलील अहमद को पीछे छोड़ा जिनके नाम 11 विकेट हैं। साथ ही उन्होंने गुजरात टाइटंस (जीटी) के प्रसिद्ध कृष्णा, आर साई किशोर,



मोहम्मद सिराज, कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा और डीसी के ही मिचेल स्टार्क को भी पछाड़ा जिनके नाम 10 विकेट हैं। वहीं आरसीबी के खिलाफ 23 रन देकर दो विकेट लेने वाले पंजाब के अर्शदीप सिंह के भी अब 10 विकेट हैं। हेजलवुड के अब 12 विकेट हो गए हैं और उन्होंने शीर्ष पर मौजूद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के नूर अहमद की बराबरी कर ली है। दोनों ही गेंदबाजों ने सात मैच खेले हैं, जिसमें नूर की इकॉनमी 7.12 है और हेजलवुड की इकॉनमी 8.17 है।

## सार संक्षेप

### असाधारण गेंदबाज हैं नाहिद राणाः शंटो

**सिलहट।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने अपने तेज गेंदबाज नाहिद राणा की तारीफ करते हुये कहा कि रविवार को शुरु होने वाले पहले टेस्ट मैच में मेहमान जिम्बाब्वे को उनकी रफ्तार से सावधान रहना होगा। शंटो ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कल के मैच में जब नाहिद गेंदबाजी करेंगे तो उनकी सनसनाती गेंदे मेहमान बल्लेबाजी को ध्वस्त कर सकती हैं। वह असाधारण गेंदबाज हैं। जिम्बाब्वे को एहसास होगा कि नाहिद राणा उनके लिये कितने घातक हो सकते हैं। रविवार से सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जायेगा। राणा ने अपनी तेज गति से खुद को बांग्लादेश के लाल गेंद के प्रवर्तक के रूप में स्थापित किया है और दुनिया का ध्यान भी आकर्षित किया है। हालांकि जिम्बाब्वे के अनुभवी बल्लेबाज सीन विलियम्स ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए राणा को खतरा नहीं माना और कहा कि उन्होंने 22 वर्षीय बांग्लादेशी तेज गेंदबाजों से भी तेज गेंदबाजी मशीनों का सामना किया है।

### अलकाराज़ बार्सिलोना ओपन के सेमीफाइनल में

**मैड्रिड।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकाराज़ ने एलेक्स डे मिनौर पर सीधे सेटों में जीत के साथ बार्सिलोना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के अलकाराज़ को ऑस्ट्रेलिया के पांचवें वरीयता प्राप्त डे मिनौर को 7-5, 6-3 से हराने में सिर्फ़ एक घंटे और 40 मिनट लगे। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अब फ्रांस के आर्थर फिल्स से खेलेंगे। फिल्स के प्रतिद्वंद्वी स्टेफ़ानोस त्सित्सिपास क्वार्टर फाइनल मैच के तीसरे गेम में ही चोटिल हो गए थे। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले हफ़्ते मोंटे कार्लो में जीत के लिए अलकाराज़ ने 20 वर्षीय दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी फिल्स को तीन सेटों में हराया था। उधर, डिफ़ेंडिंग चैंपियन कैस्पर रूड डेनमार्क के होल्गर रून से सीधे सेटों में हार के कारण बाहर हो गए। अलकाराज़ पहले सेट में डे मिनौर के ख़िलाफ़ दो बार ब्रेक डाउन हुए, लेकिन फिर 12वें गेम में उन्होंने वापसी की और निर्णायक ब्रेक बनाया।

# अभिषेक नायर फिर से केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में शामिल हुए


**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के सहायक कोच के पद से हटाए जाने के कुछ ही दिनों बाद अभिषेक नायर औपचारिक रूप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सपोर्ट स्टाफ में शामिल हो गए हैं।नायर ने इससे पहले आईपीएल 2018 से केकेआर के लिए काम किया था और मुंबई में टीम की अकादमी में युवा भारतीय खिलाड़ियों को तैयार करने का काम भी संभाला था। वह आईपीएल 2024 जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, इससे पहले उन्होंने भारतीय टीम के साथ सहायक कोच की भूमिका निभाई थी, क्योंकि गौतम गंभीर ने पिछले साल जुलाई में टीम के नए मुख्य कोच के रूप में पदभार संभाला था। गंभीर और नायर, जिन्हें केएल राहुल और वरुण चक्रवर्ती जैसे कई खिलाड़ियों ने उनके सफल प्रदर्शन और सफेद गेंद के क्रिकेट करियर को पुनर्जीवित करने के लिए सराहा था, दोनों केकेआर सेट-अप में एक साथ थे जब उन्होंने आईपीएल 2024 जीता था। शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए फ्रेंचाइजी ने कहा कि घर वापसी पर आपका स्वागत है। केकेआर ने यह भी कहा कि नायर फिर से सहयोगी स्टाफ में शामिल हो गए हैं और सोमवार को गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ अपने घरेलू मुकाबले से पहले शनिवार शाम को ईडन गार्डन्स में उनके प्रशिक्षण सत्र में शामिल होने की संभावना है। आईएएनएस ने गुरुवार को बताया था कि नायर, फील्डिंग कोच टी. दिलीप, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई और एक मालिशिये को 20 जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड के पांच मैचों के टेस्ट दौरे से पहले भारतीय टीम में उनकी भूमिकाओं से हटा दिया गया है।



# डेविड वार्नर एमएलसी 2025 में सिएटल ऑर्कास के लिए खेलते नजर आएंगे

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के जाने-माने बल्लेबाज डेविड वार्नर अब अपने क्रिकेट करियर की एक नई शुरुआत करने जा रहे हैं। 37 साल के वॉर्नर ने अमेरिका की टी20 लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के तीसरे सीजन के लिए सिएटल ऑर्कास टीम से करार किया है। यह टूर्नामेंट 12 जून से 13 जुलाई 2025 तक अमेरिका में खेला जाएगा।

यह वार्नर का एमएलसी में पहला मुकाबला होगा। यह लीग साल 2023 में शुरू हुई थी और धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। टी20 क्रिकेट के सबसे शानदार बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले वार्नर अब तक 401 टी20 मैच खेल चुके हैं और 12,956 रन बना चुके हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 140.27 है। वॉर्नर की खासियत है कि वह शुरुआत से ही आक्रामक



- यह टूर्नामेंट 12 जून से 13 जुलाई 2025 तक अमेरिका में खेला जाएगा

बल्लेबाजी करते हैं और बड़े-बड़े शॉट्स खेलने से नहीं डरते। वार्नर की मौजूदगी से सिएटल ऑर्कास को उनकी पारी की शुरुआत में मजबूती मिलने की उम्मीद है। वार्नर आईपीएल के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक भी हैं और उन्होंने अब तक 6,565 रन बनाए हैं। हालांकि उन्हें आईपीएल 2025 की नीलामी में किसी टीम ने नहीं खरीदा। लेकिन इस झटके का असर उनके खेल पर नहीं पड़ा। इस समय वह पाकिस्तान सुपर लीग में कराची किंग्स के कप्तान हैं और सिडनी थंडर को बिग बैश लीग के फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा चुके हैं, जहां उन्होंने 12 पारियों में 405 रन बनाए। इसके अलावा, वह आईएलटी20 में दुबई कैपिटल्स की चैंपियन टीम का हिस्सा भी थे। सिएटल ऑर्कास को उम्मीद है कि वार्नर की मौजूदगी से उनकी किस्मत बदलेगी। साल 2023 में जब एमएलसी की शुरुआत हुई थी, तब सिएटल ऑर्कास की टीम टेबल में सबसे ऊपर थी, लेकिन पिछले साल उनका प्रदर्शन बहुत खराब रहा और वे सिर्फ एक जीत के साथ सबसे नीचे रहे। वॉर्नर जैसे अनुभवी खिलाड़ी के आने से टीम एक मजबूत वापसी की तैयारी कर रही है।

# बांग्लादेश-जिम्बाब्वे टेस्ट सीरीज के मीडिया अधिकार नहीं बिकने से बीसीबी निराश

**सिलहट,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष फारुक अहमद ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश-जिम्बाब्वे टेस्ट सीरीज के मीडिया अधिकार नहीं बिकने के कारण बोर्ड 'कठिन समय' से गुजर रहा है। उन्होंने रविवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट का प्रसारण करने के लिए बांग्लादेश टीवी को धन्यवाद दिया। बीसीबी ने 19 मार्च को बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज के मीडिया अधिकारों के लिए बोली लगाने के लिए प्रसारकों को आमंत्रित किया था, लेकिन सात अप्रैल को समय सीमा समाप्त होने के कारण किसी भी पक्ष ने कोई रुचि नहीं दिखाई। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार बोर्ड ने प्रसारकों के साथ सौदे पर बातचीत करने की कोशिश की, लेकिन कोई रुचि नहीं मिलने के बाद, इसने राज्य प्रसारक बीटीवी से मैच का प्रसारण करने का अनुरोध किया और उसने ऐसा किया। फारुक ने आज ढाका में एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा कि मुझे लगता है कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों में वित्तीय मंदी है। हम थोड़े मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं, सरकार में बदलाव के बाद इसमें कुछ समय लग रहा है। बीटीवी इसका प्रसारण करेगा।



# राहुल आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज 200 छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने

**अहमदाबाद,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली कैपिटल्स के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल में सबसे तेज 200 छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 128वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की।

दाएं हाथ के बल्लेबाज ने तीसरे ओवर में मोहम्मद सिराज पर आक्रमण किया और पिछली गेंद पर चौका लगाने के बाद, अपने लिए जगह बनाई और गेंद को लॉन्ग-ऑन के ऊपर पहुंचा दिया। ऐसा करके, उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 159 पारियां लीं। सूची में अन्य भारतीयों में एमएस धोनी (165 पारी), विराट कोहली (180 पारी), रोहित शर्मा (185 पारी) और सुरेश रैना (193 पारी) शामिल हैं।



- सूची में अन्य भारतीयों में एमएस धोनी (165 पारी), विराट कोहली (180 पारी), रोहित शर्मा (185 पारी) और सुरेश रैना (193 पारी) शामिल

राहुल इस मुकाम तक पहुंचने वाले तीसरे सबसे तेज बल्लेबाज हैं, उनसे आगे वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और आंद्रे रसेल हैं, जिन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए क्रमशः 69 और 97 पारियां ली थीं। राहुल ने 200 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और उन्होंने 28 रन की तेज पारी खेली, जिससे उन्होंने पावरप्ले में दिल्ली कैपिटल्स की पारी को गति दी, लेकिन पांचवें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा की यॉर्कर पर अपना विकेट गंवा बैठे।

राहुल इस सीजन में दिल्ली के लिए फॉर्म में हैं और निश्चित रूप से इस मौके पर खरे उतरे हैं। इस सीजन में उनका स्ट्राइक रेट 158.33 है, जो लीग में उनके 12 सीजन के कार्यकाल का सबसे अधिक है। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने छह पारियों में 266 रन बनाए हैं और टीम के लिए अहम भूमिका निभाई है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रहा, जब उन्होंने नाबाद 93 रन की पारी खेली और एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में उनकी टीम को छह विकेट से जीत दिलाई। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 25 रन की जीत में भी उनकी अहम भूमिका रही थी, जिसमें उन्होंने 77 रन बनाए थे।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.984 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 7 | 5 | 1 | 10 | +0.589 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.308 |
| 4- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 3 | 8 | +0.446 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.086 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.547 |
| 7- | मुंबई इंडियंस | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.239 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.714 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.217 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.276 |